CMYK

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 14°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, शुक्रवार 20 मार्च 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 133 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 | 30 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**आयुष शेट्टी, तन्वी शर्मा और अनमोल खरब ऑरलियन्स मास्टर्स के अगले दौर में** खेल



**इजरायल अब ईरान के मुख्य गैस केंद्र पर हमला नहीं करेगा : ट्रम्प** देश-विदेश

## निजी परिसर में नमाज और धार्मिक आयोजनों पर रोक नहीं लगा सकते: कोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के निजी परिसर में प्रार्थना या धार्मिक आयोजनों पर रोक नहीं लगाई जा सकती है। अनुच्छेद-25 प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म को मानने, उसके अनुसार आचरण करने और प्रचार करने का समान अधिकार देता है। यह अधिकार सभी धर्मों और समुदायों पर समान रूप से लागू होता है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने रमजान के दौरान एक स्थल पर नमाजियों की संख्या सीमित करने के जिला प्रशासन के फैसले को चुनौती देने वाली सम्भल निवासी मुनाजिर खान की याचिका पर की।

# ईरान का पलटWAR: इजरायल सहित खाड़ी देशों में कई रिफाइनरी को उड़ाया

## इजरायल के हाइफा शहर में बिजली गुल, सऊदी अरब, कतर व कुवैत पर हमला

**तेहरान।** ईरान ने गुरुवार को खाड़ी देशों के ऊर्जा ठिकानों पर अपने हमले तेज कर दिए, इसके तुरंत बाद इजरायल के हाइफा शहर में स्थित बिजली, तेल व गैस स्टेशनों पर मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए, जिसके बाद हाइफा समेत क्रियोटा शहर की बिजली गुल हो गई। ईरान के इन हमलों को इजरायल द्वारा ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड रिफाइनरी पर किए गए हमले का बदला बताया गया है। ईरान ने लाल सागर में सऊदी अरब की एक रिफाइनरी पर हमला किया और कतर की एलएनजी सुविधाओं तथा कुवैत की दो तेल रिफाइनरियों को निशाना बनाया।

इससे पश्चिम एशिया में जारी युद्ध गंभीर स्थिति में पहुंच गया है और दुनियाभर में ईंधन की कीमतें तेजी से वृद्धि हुई है। अंतर्राष्ट्रीय मानक माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतों में 114 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। 28 फरवरी को इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर हमले शुरू किए थे, इसके बाद से इसमें 57 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। ऊर्जा संकट की आशंका के कारण बाजारों में चिंता बढ़ गई है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के तट के पास एक जहाज में आग लग गई और कतर के पास एक अन्य जहाज को नुकसान पहुंचा। इससे होर्मुज स्ट्रेट पर मंडराते खतरे की ओर ध्यान गया, जहां से दुनिया के तेल का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है और जिस पर ईरान का प्रभाव है। सऊदी अरब पहले ही इस जलमार्ग से बचने के लिए तेल को पश्चिम की ओर लाल सागर के रास्ते भेज रहा था, लेकिन यनबू शहर में स्थित उसकी सैमरेफ रिफाइनरी पर ईरानी ड्रोन हमले के बाद इस रास्ते की सुरक्षा पर भी सवाल -शेष पृष्ठ दो पर



- जंग में अब तक 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत
- इजरायल में सुरक्षित ठिकानों पर गए लाखों लोग

## मोदी ने 24 घंटे में पांच देशों से की बात

- पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पीएम ने फ्रांस व मलेशिया के प्रमुखों से की चर्चा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने वैश्विक कूटनीतिक पहल तेज कर दी है। इसके तहत उन्होंने फ्रांस, मलेशिया और ओमान के शीर्ष नेताओं से बातचीत की। इन चर्चाओं में क्षेत्रीय संकट, शांति बहाली और संवाद के जरिये तनाव कम करने पर जोर दिया गया।

वहीं, इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल- मुबारक अल-सबाह को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दी थी। साथ ही कुवैत में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई के लिए लगातार समर्थन के लिए धन्यवाद भी किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से बातचीत में पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता व्यक्त की और तनाव कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत -शेष पृष्ठ दो पर

## अमेरिकी विदेश-रक्षा मंत्री के घर के ऊपर दिखे संदिग्ध ड्रोन

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन में अमेरिकी सेना के एक अहम बेस के ऊपर संदिग्ध ड्रोन देखे गए हैं। वाशिंगटन पोस्ट के मुताबिक विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ सैन्य बेस फोर्ट लेसली मैकनेयर के अंदर रह रहे हैं। इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने बताया कि इन ड्रोन की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और यह भी साफ नहीं है कि वे कहां से आए थे। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के कारण सुरक्षा अलर्ट पहले से बढ़ा हुआ है। इसी वजह से सेना संभावित खतरों पर कड़ी नजर रख रही है। पिछले 10 दिनों में एक रात के दौरान फोर्ट लेसली मैकनेयर के ऊपर कई ड्रोन देखे गए, जिसके बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और व्हाइट हाउस में इस मुद्दे पर इमरजेंसी बैठक भी हुई। इसी बीच अमेरिका ने दुनियाभर में अपने दूतावासों के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की है और देश के अंदर कई सैन्य ठिकानों पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। न्यू जर्सी के जाइंट बेस मैकग्वायर-डिक्स-लेकहर्स्ट और फ्लोरिडा के मैकडिल एयर फोर्स बेस पर सुरक्षा स्तर बढ़ाकर 'चार्ली' कर दिया गया है।

## उप्र में जुलाई 2026 के पहले हो जाएंगे पंचायत चुनाव

**लखनऊ -ब्यूरो।** उप्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चल रही अनिश्चितता पर सरकार ने विराम लगा दिया है। पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने स्पष्ट किया कि ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के चुनाव जुलाई 2026 तक हर हाल में करा लिए जाएंगे। हाईकोर्ट के आदेश का पालन होगा और प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अड़चन नहीं आने दी जाएगी। राजभर ने बताया कि ग्राम प्रधान, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य और जिला पंचायत अध्यक्षों के कार्यकाल भले अलग- अलग समय पर समाप्त हो रहे हों, लेकिन किसी का भी कार्यकाल जुलाई से आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।




# 'सांप के जहर' मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ी राहत

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की यूपी पुलिस की FIR

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ी राहत देते हुए 2023 के चर्चित स्नेक वेनम मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है।

दरअसल, नवम्बर 2023 में उत्तर प्रदेश के नोएडा में कथित रेव पार्टी में सांप के जहर के इस्तेमाल के आरोपों के बाद एल्विश यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। बाद में 17 मार्च 2024 को उन्हें गिरफ्तार भी किया गया। आरोप था कि पार्टियों में सांपों और उनके जहर का इस्तेमाल मनोरंजन और नशे के लिए किया जा रहा था, जो वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत गंभीर अपराध है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धारा 2(23) के तहत जिस कथित साइकोट्रॉपिक पदार्थ की बात कही गई, वह कानून की निर्धारित सूची (एस शेड्यूल) में शामिल ही नहीं है। साथ ही, कोर्ट ने यह भी नोट किया कि एल्विश यादव के पास से कोई बरामदगी नहीं हुई थी और चार्जशीट में केवल यह आरोप था कि उन्होंने एक सहयोगी के जरिये ऑर्डर दिया था। इन तथ्यों को देखते हुए अदालत ने माना कि एनडीपीएस एक्ट का इस्तेमाल इस मामले में कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है।



- एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धारा का उल्लेख किया

दूसरे अहम पहलू पर, कोर्ट ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 55 का हवाला देते हुए कहा कि इस कानून के तहत अभियोजन केवल अधिकृत अधिकारी की शिकायत के आधार पर ही शुरू किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि मौजूदा एफआईआर इस प्रक्रिया का पालन नहीं करती, इसलिए यह विधिसम्मत नहीं मानी जा सकती। साथ ही, अदालत ने यह भी दर्ज किया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत लगाए गए आरोप स्वतंत्र रूप से स्थापित नहीं होते, क्योंकि वे एक पहले की शिकायत का हिस्सा थे, जिसे पहले ही बंद किया जा चुका है। इन सभी कानूनी आधारों पर सुप्रीम कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि एफआईआर न्यायिक जांच की कसौटी पर खरी नहीं उतरती और इसे रद्द किया जाना चाहिए।



CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### उप्र में अवैध बिजली उपभोग पर सर्च अभियान चलाया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निगेटिव बैलेंस के कारण लगभग 5.25 लाख स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन स्वत: कट गए हैं। इनमें से करीब 2.1 लाख उपभोक्ताओं ने अब तक रिचार्ज नहीं कराया है। ऐसे में अवैध रूप से बिजली उपभोग की आशंका को देखते हुए यूपी पावर कारपा. रेशन लिमिटेड ने सभी विद्युत वितरण निगमों को सघन जांच के निर्देश दिए हैं। इस दिशा में एक दिन पूर्व सायं 5 बजे तक मध्यांचल, पूर्वांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल एवं केस्को-कानपुर क्षेत्रों में कुल 1211 परिसरों की जांच की गई। जांच में 18 स्थानों पर बिजली चोरी पाई गई, जिनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। कारपा. रेशन के प्रवक्ता केके सिंह के अनुसार निगेटिव बैलेंस के बाद बिना रिचार्ज बिजली का उपयोग करना दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में विद्युत अधिनियम की धारा 135 एवं 138-बी के तहत कार्रवाई का प्रावधान है।

### यूपी में नवरात्र के पहले दिन उमड़ा आस्था का सैलाब

**लखनऊ।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन उत्तर प्रदेश के प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। सुबह नौ बजे तक ही मां विध्यवासिनी मंदिर में चार लाख से अधिक भक्त दर्शन कर चुके हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल है। इस बीच सरकार की तरफ से मंदिरों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। देवीपाटन मंदिर में भी सुबह से अब तक लगभग 1 लाख श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए हैं। इसी तरह शाकुम्भरी देवी मंदिर में 50 हजार से अधिक भक्त पहुंच चुके हैं। नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

# स्वदेशी ड्रोन निर्माण में बनना होगा आत्मनिर्भर

**नई दिल्ली, वार्ता**



**बढ़ती चुनौतियों के बीच बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह**

वैश्विक स्तर चुनौतियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। पहले रूस और यूक्रेन के बीच जंग, अब ईरान तथा इजराइल के बीच जारी युद्ध को देखते हुए ड्रोन की अहमियत काफी बढ़ गई है। अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी दोनों जगहों पर जारी संघर्ष के दौरान ड्रोन की जरूरत को लेकर कहा कि भारत को ड्रोन निर्माण के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना चाहिए। अगले कुछ सालों में हमें ड्रोन निर्माण के मामले में वैश्विक केंद्र बनना होगा।

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन 2026 को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ ने गुरुवार को कहा कि इन दोनों क्षेत्रों में जारी संघर्षों ने ड्रोन और काउंटर-ड्रोन तकनीकों के महत्व को साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे पूरी दुनिया रूस और यूक्रेन के साथ-साथ ईरान तथा इजरायल के बीच चल रहे भीषण संघर्ष को देख रही है, हम भविष्य के युद्धों में ड्रोन और काउंटर-ड्रोन तकनीकों की बेहद अहम भूमिका को स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। ड्रोन निर्माण की अहमियत को लेकर रक्षा मंत्री ने कहा कि रणनी. तिक स्वायत्तता, रक्षा तत्परता और आत्मनिर्भरता के लिए स्वदेशी ड्रोन के उत्पादन के लिए एक इकोसिस्टम जरूरी है। आज भारत में एक ऐसा ड्रोन निर्माण इकोसिस्टम बनाने की जरूरत है, जिसमें हम पूरी तरह से आत्मनिर्भर हों।

रक्षा से जुड़े इस सम्मेलन में देश की प्रमुख रक्षा निर्माण कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ-साथ रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज के दौर में भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीतिक स्वायत्तता के लिए यह जरूरी है कि भारत ड्रोन निर्माण के मामले में पूरी तरह से आत्मनिर्भर बने। उन्होंने ड्रोन निर्माण के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स और अन्य नई तथा अहम तकनीकों के तेजी से बढ़ते महत्व पर भी बात की।

#### सब कुछ भारत में ही तैयार होना चाहिए

राजनाथ ने कहा कि आज के दौर में ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसे इनोवेशन पूरी दुनिया में विनिर्माण क्षेत्र को ही बदल रहे हैं। इनके साथ-साथ सिमुलेशन तकनीक भी नए अवसर खोल रही है। रक्षा मंत्री ने उद्योग जगत से जुड़ी दिग्गज कंपनियों से अपने उत्पादों की गुणवत्ता को तेजी सुधारने पर ध्यान देने का भी आह्वान किया। रक्षा उत्पाद से जुड़े उत्पादों की आत्मनिर्भरता को लेकर राजनाथ सिंह ने कहा कि यह आत्मनिर्भरता न केवल उत्पाद स्तर पर, बल्कि उसके पुर्जों के स्तर पर भी जरूरी है। यानी ड्रोन के सांचे से लेकर उसके सॉफ्टवेयर, इंजन और बैटरी तक, सब कुछ भारत में ही तैयार होना चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि यह काम आसान नहीं है, क्योंकि ज्यादातर देशों में जहां ड्रोन बनाए जाते हैं, वहां कई अहम पुर्जे किसी एक खास देश से आयात किए जाते हैं।

### ग्रेट निकोबार द्वीप के आदिवासी प्रमुखों ने राहुल से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** ग्रेट निकोबार द्वीप के आदिवासी प्रमुखों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. विक्रांत भूरिया के साथ ग्रेट निक. ोबार द्वीप के आदिवासी प्रमुखों ने गांधी से मुलाकात की। आदिवासी प्रमुखों ने प्रस्तावित ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट का कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि यह उनके जीवन-यापन के तरीके और द्वीप के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने यह भी बताया कि परियोजना की मंजूरी के दौरान उनकी सहमति भी उचित तरीके से नहीं ली गई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी रहेगी और उनके अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए उनकी चिंताओं को उठाएगी।

# दिल्ली में बनाए जा रहे दंगे जैसे हालात: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर नफरत फैलाकर दिल्ली में फिर से दंगे जैसे हालात बनाने का आरोप लगाया है और लोगों से अपील की है कि वे किसी बहक. ावे में न आएं।

गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा चाहती है कि देश हिन्दू-मुसलमान में उलझा रहे ताकि लोग विभिन्न मुद्दों पर सवाल न पूछ सकें। उन्होंने होली के मौके पर राजधानी के उत्तम नगर की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तम नगर के लोगों ने हिंसा की भारी कीमत चुकाई है। एक तरफ एक जवान लड़के, तरुण, की जान चली गई, दूसरी तरफ एक पूरा परिवार उत्पीड़न का सामना कर रहा है। उन्हें और खून-खराबा नहीं चाहिए। गांधी ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी और उसका इकोसिस्टम नफरत के माहौल को बढ़ावा देकर हिंसा से राजनीतिक फायदा उठाना चाहता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वे चाहते हैं कि देश हिदू-मुसलमान में उलझा रहे, ताकि लोग ये न पूछ सकें कि आखिर प्रधानमंत्री देश की रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और सामरिक संप्रभुता को अमेरिका के हवाले करने पर क्यों मजबूर है। इसीलिए दिनदहाड़े देश की राजधानी में फिर से दंगों जैसे हालात खड़े किए जा रहे हैं। उन्होंने दिल्लीवासियों से अपील की है कि वे किसी भी बहकावे में न आएं और एकता, भाईचारे व मोहब्बत बनाए रखें।

# यूएस से अभी कोई करार फाइनल नहीं हुआ: जयंत चौधरी

**नई दिल्ली।**



**अमेरिका से डील पर केंद्रीय मंत्री चौधरी का बड़ा बयान**

केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि आज दुनिया की बड़ी ताकतें भारत के साथ करार करना चाहती है, इससे हमारे किसानों और मजदूरों के लिए संभावनाएं पैदा होंगी, लेकिन अमेरिका से अभी कोई करार फाइनल नहीं हुआ है।

अमेरिका से डील पर राष्ट्रीय लोक दल के मुखिया और केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनका इतना ही बयान आया था कि जब व्यापार में विस्तार होगा, तो वैल्यू चेन में किसानों की गिनती बढ़ेगी, उनकी भागीदारी बढ़ेगी। दुनिया में ऐसी कोई फसल नहीं है, जिसका भारत मुकाबला नहीं कर सकता, आज भी निर्यात होता है। बागतप के रटौल आम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि क्या वो अमेरिका और यूरोप के बाजार में जा सकता है। जब शून्य प्रतिशत के शुल्क पर यहां के रटौल आम के लिए यूरोप ने दरवाजे खोल दिए, तो कहा जा सकता है कि भारत एक वैश्विक ताकत है। व्यापार के क्षेत्र में बड़ी ताकतें भारत के साथ करार करना चाहती हैं। इससे बेहतर संभावनाएं हमारे मजदूर, काश्तकार, एमएसएमई और किसान सबके लिए बन रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बागपत को री-डिफाइन किया जा रहा है। बागपत की कनेक्टिविटी बदल रही है। दिल्ली के नजदीक किसानों की धरती अब उद्यमों और स्टार्टअप की दुनिया बनने वाली है।

### सनातन परंपरा के विरोधियों से दूरी बना रही युवा पीढ़ी: योगी

# आस्था को अंधविश्वास बता रहा विपक्ष

**अयोध्या, वार्ता**



**सीएम ने नवसंवत्सर की शुभकामनाएं दी अयोध्या धाम की आध्यामिक महत्ता का उल्लेख किया**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब लोग नए वर्ष पर परिवार के साथ मंदिरों में दर्शन-पूजन को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी उन स्थानों से दूरी बना रही है, जहां सनातन परंपरा के विरोध की गतिविधियां होती हैं।

दरअसल चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन गुरुवार को द्रौपदी मुर्मु ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 'श्रीराम यंत्र' की विधिवत प्रतिष्ठापना की। इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, संत-महात्मा और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को भारतीय नवसंवत्सर की शुभकामनाएं दीं और अयोध्या धाम की आध्यात्मिक महत्ता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरयू का पावन जल इस नगरी को निरंतर पवित्र करता है और यहां आयोजित धार्मिक अनुष्ठान रामराज्य की अनुभूति कराते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और अशांति का माहौल है, वहीं अयोध्या में इस प्रकार के आयोजन भारत की सांस्कृतिक शक्ति और आध्यात्मिक विरासत को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि ष्हम ऐसे समय में श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना के साक्षी बन रहे हैं, जब विश्व अशांत है, और यह हमारे लिए रामराज्य की अनुभूति का क्षण है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आस्था को अंधविश्वास बताकर उसका अपमान किया गया, जबकि स्वयं सत्ता में रहने वाले लोग नोएडा जाने जैसे मिथकों का पालन करते रहे। उन्होंने कहा कि सदियों के संघर्ष के बाद श्रीराम जन्मभूमि का भव्य स्वरूप सामने आया है, जो देश की आस्था का प्रतीक है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आज 'राष्ट्र मंदिर' का स्वरूप ले चुका है और यह रामराज्य की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों-अयोध्या, काशी, प्रयागराज और मथुरा-वृंदावन में कुल 156 करोड़ श्रद्धालु-पर्यटक पहुंचे, जो राज्य की बढ़ती आध्यात्मिक पहचान को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राम मंदिर आंदोलन से जुड़े संतों, रामभक्तों और कारीगरों का अभिनंदन किया तथा दिवंगत अशोक सिघल सहित सभी योगदानकर्ताओं को नमन किया।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में की श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना

**अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर गुरुवार को रामजन्मभूमि में श्रीराम यंत्र की विधिवत प्रतिष्ठापना की। नव संवत्सर के अवसर पर राष्ट्रपति ने रामलला के चरणों में शीश झुकाकर आरती उतारी और देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राष्ट्रपति के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। तीनों गणमान्य हस्तियों ने मंदिर परिसर में विभिन्न देवी-देवताओं के समक्ष भी श्रद्धापूर्वक शीष नवाया।


काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010




**सेंसेक्स** 74207.24
**निफ्टी** 23002.15



**सोना** 152000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 237000
प्रति किलो



# फेड के ब्याज दर स्थिर रखने से शेयर बाजारों में भारी गिरावट

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के रेपो दरों को स्थिर रखने के फैसले से निराश निवेशकों की बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को भारी गिरावट देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 2,496.89 अंक (3.26 प्रतिशत) लुढ़ककर 74,207.24 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी. 50 सूचकांक भी 775.65 अंक टूटकर 23,002.15 अंक पर आ गया। यह दोनों का 11 महीने से ज्यादा का निचला स्तर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने बुधवार को समाप्त दो दिवसीय बैठक में नीतिगत दरों को 3.5 प्रतिशत से 3.75 प्रतिशत के बीच स्थिर रखने का फैसला किया। इससे अमेरिका के साथ एशिया और यूरोप के शेयर बाजारों में भी बड़ी गिरावट आई। सेंसेक्स की शुरुआत ही 1,953 अंक की गिरावट में 74,751 अंक पर हुई। हालांकि खुलने के तुरंत बाद यह 75,354 अंक तक चढ़ गया, लेकिन धीरे-धीरे इसका ग्राफ नीचे उतरता गया। इसका निचला स्तर 73,951 अंक रहा। निफ्टी का ग्राफ भी इसी तरह का रहा। बाजार में बिकवाली इस कदर सर्वव्यापी रही कि



सभी सूचकांक और सभी सेक्टर लाल निशान में बंद हुए। मझौली कंपनियों का मिडकैप-50 सूचकांक 3. 29 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 2.94 प्रतिशत गिर गया। ऑटो सेक्टर का सूचकांक चार प्रतिशत से ज्यादा लुढ़क गया। एनएसई में वित्त, बैंकिंग, आईटी, धातु और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में तीन फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही। सबसे कम 1.98 प्रतिशत की गिरावट तेल एवं गैस सेक्टर के सूचकांक में देखी गई। सेंसेक्स की सभी कंपनियां लाल निशान में बंद हुईं। इटरनल का शेयर साढ़े पांच प्रतिशत से ज्यादा टूट गया। बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी पांच प्रतिशत से अधिक गिर गए। एलएंडटी, इंडिगो, बजाज फिनसर्व और ट्रेंट में चार प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही।

### सोना और चांदी की कीमत फिर गिरी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक एक किलो चांदी की कीमत 13 हजार रुपए घटकर 2.37 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2.50 लाख रुपए किलो थी। वहीं10 ग्राम 24 कैरेट सोना 4 हजार रुपए गिरकर 1.52 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 18 मार्च को सोना 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम था। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 5 कारोबारी दिन में 9 हजार और चांदी 31 हजार सस्ती हुई है। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। चांदी में सोने के मुकाबले कहीं ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑल टाइम हाई से बहुत तेजी से नीचे आई है। आमतौर पर जंग के माहौल में सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है। मिडिल ईस्ट जंग के कारण निवेशक जोखिम नहीं लेना चाह रहे हैं। वे अपने गोल्ड और सिल्वर को बेचकर कैश इकट्ठा कर रहे हैं ताकि अनिश्चितता के समय उनके पास लिक्विड मनी रहे।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी मजबूत दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल की औसत कीमत घट गई। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी में मजबूती देखी गई जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 51 रुपये टूटकर 3,788 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं 26 रुपये सस्ता हुआ और 2,781 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे की कीमत भी आठ रुपये घट गई। दाल-दलहनों में उतार.चढ़ाव देखा गया। तुअर दाल की औसत कीमत 43 रुपये और उड़द दाल की 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल 14 रुपये और मसूर दाल 13 रुपये सस्ती हुई। चना दाल की कीमत दो रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 84 रिगिट चढ़कर 4,612 रिगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 65.67 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 258 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 122 रुपये और सूरजमुखी तेल 125 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल भी 83 रुपये चढ़ गया। वहीं, सरसों तेल 39 रुपये और सोया तेल 34 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव छह रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। वहीं चीनी 17 रुपये महंगी हुई।


स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
– HEALTH WITH CARE –
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com


## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईरान का...**

उठ गए हैं। कतर ने बताया कि उसकी एक बड़ी एलएनजी सुविधा में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। इससे पहले के हमलों के कारण उत्पादन पहले ही बंद था, लेकिन नए हमलों से वहां और ज्यादा नुकसान हुआ है। इससे युद्ध खत्म होने के बाद भी कतर की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। कतर दुनिया के लिए प्राकृतिक गैस का एक बड़ा स्रोत है। कुवैत की मीना अल-अहमदी रिफाइनरी पर ड्रोन हमले से आग लग गई। हालांकि, किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यह पश्चिम एशिया की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक है। इसके कुछ ही समय बाद पास की मीना अब्दुल्ला रिफाइनरी में भी आग लग गई। अबू धाबी के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें हबशन गैस सुविधा और बाब फील्ड में काम बंद करना पड़ा। उन्होंने इसे ईरान के हमलों को खतरनाक बढ़ोतरी बताया। खाड़ी क्षेत्र के कई इलाकों में मिसाइल हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बजे और इजरायल ने भी कई बार ईरानी हमलों की चेतावनी दी। कतर, सऊदी अरब और यूएई ने इन हमलों की निंदा की है। सऊदी अरब के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि इन हमलों से भरोसा पूरी तरह खत्म हो गया है। इसके बावजूद ईरान ने अपने हमले जारी रखे। सऊदी अरब ने रियाद और पूर्वी प्रांत में छह ड्रोन मार गिराए। लेकिन सैमरेफ रिफाइनरी को नुकसान पहुंचा। यह रिफाइनरी सऊदी अरामको और एक्सानमोबिल की साझेदारी है। इजरायल में भी ईरान के कई हमलों के कारण लाखों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। ईरान ने ये हमले तब किए, जब इजरायल ने दक्षिण पार्स गैस क्षेत्र पर हमला किया था, जो दुनिया का सबसे बड़ा गैस क्षेत्र है और कतर के साथ साझा किया जाता है। यह हमला ईरान की बिजली आपूर्ति के लिए भी खतरा माना जा रहा है, क्योंकि देश की ज्यादातर बिजली प्राकृतिक गैस से बनती है। इस बीच, कतर की रास लाफन एलएनजी सुविधा पर मिसाइल हमले से आग लग गई। कतर के तट के पास एक जहाज भी प्रभावित हुआ। हालांकि, यह साफ नहीं है कि उसे सीधे निशाना बनाया गया या मलबे से नुकसान हुआ। युद्ध के दौरान अब तक 20 से ज्यादा जहाजों पर हमले हो चुके हैं, क्योंकि ईरान इस अहम जलमार्ग पर सख्त नियंत्रण बनाए हुए है। ईरान का कहना है कि यह मार्ग खुला है, लेकिन अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए नहीं।

**मोदी ने...**

पर बल दिया। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए संवाद और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है। साथ ही, उन्होंने भविष्य में भी करीबी समन्वय जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से भी फोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने हरि राया ऐदिलफित्री के अवसर पर मलेशिया की जनता को अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की चिंताजनक स्थिति पर चर्चा करते हुए तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाली के लिए साझा प्रतिबद्धता जताई। ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें भाई कहकर संबोधित करते हुए ओमान की जनता को ईद की अग्रिम बधाई दी। इस वार्ता में भी दोनों नेताओं ने संवाद और कूटनीति के जरिये तनाव कम करने और शांति बहाल करने की आवश्यकता पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने ओमान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन की कड़ी निंदा दोहराई और संकट के दौरान हजारों लोगों, जिनमें भारतीय नागरिक भी शामिल हैं, की सुरक्षित वापसी में ओमान की भूमिका की सराहना की। इसके साथ ही दोनों देशों ने होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवागमन के महत्व को भी रेखांकित किया।

इन वार्ताओं के जरिये भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि वह पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और कूटनीतिक समाधान का प्रबल समर्थक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर जार्डन के राजा किंग अब्दुल्ला-2 को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर चिंता जताई और इस क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता की जल्द बहाली के लिए बातचीत और कूटनीति की जरूरत पर जोर दिया। पश्चिम एशिया में ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले निंदनीय हैं और इनसे बेवजह तनाव बढ़ सकता है। भारत और जॉर्डन सामान और ऊर्जा के बिना किसी रुकावट के आवागमन का समर्थन करते हैं। इस क्षेत्र में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी में मदद करने के लिए जॉर्डन के प्रयासों की हम तहे दिल से सराहना करते हैं। बुधवार को पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बात की थी। पीएम मोदी ने चर्चा की जानकरी देते हुए एक्स पर लिखा था कि हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हाल के घटनाक्रमों पर अपनी चिंता व्यक्त की। कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की हम पहले भी निंदा कर चुके हैं और हमने फिर वही किया। पीएम मोदी ने पोस्ट में आगे लिखा कि हार्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव अत्यंत आवश्यक है। कुवैत में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई के लिए लगातार समर्थन देने के लिए मैंने उनका आभार व्यक्त किया।

# सोशल मीडिया क्रिएटर्स से मिले अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**पॉजिटिव कंटेंट पर दिया जोर**

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया कंटेंट को सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ते हुए इन्फ्लुएंसर्स से सकारात्मक संदेश देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किया जाने वाला हर पोस्ट केवल व्यक्तिगत अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक जिम्मेदारी भी है।

गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने इन्फ्लुएंसर्स को उनके कंटेंट को लेकर सुझाव भी दिए। बैठक के बाद सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने कहा कि एक इन्फ्लुएंसर के रूप में यह दायित्व बनता है कि वह समाज को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करे। सकारात्मक सोच और संदेश न केवल समाज को बेहतर बनाते हैं, बल्कि इससे जुड़ने वाली ऑडियंस भी अधिक भरोसेमंद और स्थाई होती है। उन्होंने कहा कि नकारात्मक कंटेंट से लोग जल्दी ऊब जाते हैं, क्योंकि कोई भी लंबे समय तक नकारात्मक माहौल में रहना पसंद नहीं करता। अखिलेश यादव ने कहा कि जल्द ही लखनऊ स्थित मुख्यालय में सभी सकारात्मक सोच रखने वाले सोशल मीडिया क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर्स से मुलाकात करेंगे। इसके लिए पूर्व सूचना दी जाएगी, ताकि सभी लोग अपनी सुविधा के अनुसार शामिल हो सकें।

CMYK

# पिन से भी छोटे छेद से की यूपी की पहली 'कीहोल' हार्ट सर्जरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी स्थित अपोलोमेडिक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक चार वर्षीय छोटे बच्चे की जटिल हार्ट सर्जरी नई तकनीक से सफलतापूर्वक पूरी कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उत्तर प्रदेश में पहली बार हुआ, जब इतने छोटे बच्चे के दिल के छेद को 'कीहोल' तकनीक यानी बेहद छोटे चीरे के माध्यम से बंद किया गया। बच्चे को लंबे समय से फेफड़ों में बार बार संक्रमण हो रहा था और उसे सांस लेने में भी परेशानी रहती थी। जांच में पता चला कि उसके दिल में छेद है। आमतौर पर ऐसी स्थिति में पारंपरिक ओपन हार्ट सर्जरी की जाती है, जिसमें सीने में सामने की तरफ बड़ा चीरा (लगभग 15 से मी का) लगाया जाता है और मरीज को सर्जरी के बाद कई दिनों तक अस्पताल में रहना पड़ता है। अपोलोमेडिक्स में इस जटिल सर्जरी को अत्याधुनिक 'मिनिमली इनवे. सिव कार्डियक सर्जरी' तकनीक से किया गया। इसमें बच्चे के कंधे के नीचे बगल के हिस्से में सेफ्टी पिन जितना (लगभग 3 से मी) का एक छोटा सा चीरा लगाया गया और उसी रास्ते से दिल का ऑपरेशन पूरा किया गया। इस दौरान हृदय को बायपास मशीन पर रखकर दिल के छेद को बंद किया गया। इस सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले अपोलोमेडिक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में कार्डियक सर्जरी



विशेषज्ञ डॉ राहुल भूषण ने बताया ष्छोटे बच्चों में यह सर्जरी करना बेहद चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि उनका हृदय आकार में बहुत छोटा होता है। डॉ राहुल भूषण ने इस तकनीक में विशेष प्रशिक्षण सिंगा. पुर के नेशनल हार्ट सेंटर में प्राप्त किया है।

वहां उन्होंने मिनिमली इनवे. सिव कार्डियक सर्जरी में एक वर्ष की फेलोशिप की, जिसके बाद इस तकनीक को लखनऊ में शुरू किया गया। उन्होंने बताया, ह्छोटे बच्चों का दिल आम तौर पे वयस्क व्यक्ति के दिल से 3 से 4 गुना छोटा होता है। ऐसे में सर्जरी के दौरान बच्चों के दिल तक छोटे चीरे द्वारा पहुंचना और बायपास मशीन से जोड़ना तकनीकी रूप से कठिन होता है। नई तकनीक और आधुनिक मशीनों की मदद से अब इतने छोटे बच्चों में भी यह सर्जरी संभव हो पाई है। वयस्कों में दिल और फेफड़ों के कार्य को सुचारु रखने वाली बायपास मशीन से जोड़ने की प्रक्रिया आमतौर पर जांघ के ऊपरी हिस्से यानी ग्रोइन में मौजूद फीमोरल रक्त वाहिकाओं के माध्यम से की जाती है। लेकिन बच्चों में ये फीमोरल रक्त वाहिकाएं पूरी तरह विकसित नहीं होतीं। इसलिए बायपास मशीन के लिए ट्यूब लगाने की प्रक्रिया उसी छोटे चीरे से करनी पड़ती है, जहां से सर्जरी की जा रही होती है। इससे सर्जरी और कठिन हो जाती है, क्योंकि उसी छोटे स्थान से कई टड्ूब दिल में लगानी पड़ती हैं और सर्जिकल प्रक्रिया करने की जगह भी कम हो जाती है। डॉ राहुल भूषण ने बताया कि इस सर्जरी में लगभग तीन घंटे का समय लगा। इस तकनीक का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसमें हड्डी या मांसपेशी को नहीं काटा जाता, रक्तस्राव कम होता है और मरीज की रिकवरी बहुत तेज होती है।उन्होंने कहा, ह्इस प्रक्रिया में बच्चे को केवल एक दिन आईसीयू में रखना पड़ा और दो दिन में ही अस्पताल से छुटी मिल गई। पहले यह माना जाता था कि हृदय सर्जरी के बाद मरीज को पांच से दस दिन तक अस्पताल में रहना पड़ता है, लेकिन नई तकनीक से यह धारणा बदल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रकार की सर्जरी से शरीर पर बड़ा निशान नहीं बनता, वह सामान्य जीवन जी सकता है इसलिए बच्चे को आगे खेलकूद या रक्षा सेवाओं जैसे क्षेत्रों में भी जाने पर कोई बाधा नहीं आती। अपोलोमेडिक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सीईओ और एमडी डॉ मयंक सोमानी ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश के हेल्थ सेक्टर के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि अत्याधु. निक चिकित्सा तकनीकें उत्तर प्रदेश के मरीजों तक पहुंचें ताकि लोगों को बड़े शहरों या विदेश जाने की जरूरत न पड़े।

अपोलोमेडिक्स में विशेषज्ञ डॉक्टरों और आधुनिक तकनीक की मदद से जटिल सर्जरी भी सुरक्षित तरीके से की जा रही हैं। इस सफल सर्जरी के बाद बच्चे का दिल पूरी तरह सामान्य तरीके से काम कर रहा है और डॉक्टरों के अनुसार वह अब पूरी तरह स्वस्थ है। इस तकनीक के आने से भविष्य में बच्चों में होने वाली जटिल हृदय सर्जरी अधिक सुरक्षित बन सकेगी।

## विक्रम संवत्सर के लिए व्यापारियों ने निकाली जोरदार स्वागत यात्रा

**लखनऊ।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल द्वारा भारतीय नव समुद्र के आगमन पर हजरतगंज क्षेत्र में सैकड़ों व्यापारियों के साथ संदीप बंसल के नेतृत्व में स्वागत यात्रा निक. ाली गई। इस यात्रा का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक अनिल ने किया। इस अवसर पर बाबा भीमराव अंबेडकर विश्व. विद्यालय के कुलपति राजकुमार मित्तल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उससे यह स्पष्ट हो रहा है, महानगर अध्यक्ष सुरेश छबलानी ने बताया कि के डी सिंह बाबू स्टेडियम पर एकत्रित सैकड़ों व्यापारियों ने ऊंचे ऊंचे ऊंचे झंडों, ढोलबाजों के साथ यात्रा प्रारंभ की, जिसमें बड़ी संख्या में प्रदेश की महिला महामंत्री एकता अग्रवाल जी के नेतृत्व में महिलाओं ने हिस्सेदारी की। इस अवसर पर वंदना बंसल भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। स्वागत यात्रा का हजरतगंज क्षेत्र में जगह जगह व्यापारियों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। यात्रा का समापन गांधी प्रतिमा पर एक सभा के रूप में हुआ। जिसमें अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, युवा महानगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे स्वागत यात्रा में शामिल होने वाले प्रमुख पदाधिकारियों में वरिष्ठ महामंत्री राजीव कक्कड़, महामंत्री अनुज गौतम, शुभम मौर्य, अमरनाथ चौधरी, विनय अग्रवाल, अरविंद मित्तल, दीपेश गुप्ता, बिपिन अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, वेद रतन श्रीवास्तव, संजय निधि अग्रवाल, ललित सक्सेना, पतंजलि सिंह, सनत गुप्ता, कर्मेंद्र सिंह, रमेश शुक्ला, विकास सक्सेना,मलखान सिंह यादव सहित सैकड़ो व्यापारी उपस्थित थे।

# पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बांगरमऊ कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक स्पोर्ट बाइक, नकदी तथा चोरी की वारदात में प्रयुक्त औजार बरामद किए हैं। आवश्यक लिखापढ़ी के बाद तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक राकेश कुमार हमराह सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गशत पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि उन्नाव मार्ग पर ग्राम केशवपुर के निकट तीन संदिग्ध युवक किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में मौजूद हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और तीनों युवकों को दबोच लिया। पकड़े गए आरो. पियों ने पूछताछ में अपने नाम राज कश्यप उर्फ रजत पुत्र पप्पू, राजा कश्यप पुत्र मूलचंद निवास. ीगण काशीराम कॉलोनी उन्नाव तथा साहिल उर्फ मोहम्मद रहमान पुत्र रसीद निवासी उम्मीदों का शहर, काशीराम कॉलोनी उन्नाव बताए। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से करीब ढाई लाख रुपये कीमत की चोरी की स्पोर्ट बाइक, 16 हजार रुपये नकद तथा चोरी की घटना को अंजाम देने में इस्तेमाल किए जाने वाले औजार बरामद किए। पूछताछ में आरोपियों ने संडीला रोड स्थित आरएस चौराहे पर 5 माह पूर्व चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार तीनों युवक शातिर अपराधी हैं और इनके विरुद्ध विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में लोगों ने राहत की सांस ली है।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा के रोजा इफ्तार में दिखी गंगा जमुनी तहजीब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पवित्र माह रमजान के अवसर पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष, लखनऊ शादाब खान के कार्यालय में रोजा इफ्तार का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में रोज. ेदारों और स्थानीय लोगों ने रोजा इफ्तार किया।

इस कार्यक्रम में एनडीए घटक दलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण भी उपस्थित रहे। सभी ने देश में अमन-चौन और भाईचारे की दुआ की गई। राष्ट्रीय महासचिव जॉय बनर्जी ने कहा कि रमजान हमें सब्र, मोहब्बत और इंसानियत का रास्ता दिखाता है तथा ऐसे आयोजन आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने इसे सामाजिक सौहार्द की मिसाल बताया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय




उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सुमिता बनर्जी, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमकार सिंह, प्रदेश सचिव पंकज कुमार व अरविंद सिंह, प्रदेश आई. टी. सेल प्रभारी आदर्श सिंह जिला अध्यक्ष लखनऊ अंकित सिंह, जिला संगठन मंत्री अभिषेक मिश्र, रहमान खान, इमरान, दीपक बाजपाई, शोभित सिंह, मो.नफीस, मो.सद्दाम, अमित पाल, पप्पू मिस्त्री एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## साप्ताहिक बाजार से बाइक ले उड़े चोर

**बाजार शुक्ल अमेठी।** साप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदारी करने आए एक व्यक्ति की बाइक चोरों ने उड़ा ली। गांव शिवली निवासी हर्षित तिवारी पुत्र अजय तिवारी बाजार में सब्जी खरीदारी करने पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक बाजार के समीप खड़ी करके सब्जी खरीदने चले गए। इसी दौरान अज्ञात चोर बाइक लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने तहरीर में बताया मेरी बाइक हीरो स्प्लेंडर प्लस रजिस्टर नंबर यू पी 32 एन जे 8396 जिसके पंजीकृत वाहन स्वामी भाई शोभित तिवारी े/व अजय तिवारी है। बाइक लेकर घर से बाजार सब्जी खरीदने आया था।बाजार समीप तालाब से पहले महुआ पेड़ के पास बाइक खड़ी करके सब्जी खरीदने चला गया। समय करीब 7:00 बजे सब्जी खरीद कर आधे घंटे बाद वापस लौट कर आया तो बाइक मौके पर नहीं थी।

# सर्वाइकल कैंसर टीके के लिए किशोरियां आज से कराएं अपना पंजीकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुंह का कैंसर) से बचाव के लिए 14 साल से 15 साल की आयु के बीच की किशोरियों को टीका दिनांक 24 मार्च से लगाया जाएगा। जिससे जनपद की कुल आबादी का एक प्रतिशत वर्ग लाभान्वित होगा। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि टीकाकरण की शुरुआत मंगलवार को जिला महिला चिकित्सालय (संब) स्वशासीय राज्य चिकित्सा महाविद्यालय) लखीमपुर सदर विधायक योगेश वर्मा व जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार की उपस्थिति में की जाएगी।

जनपद को 12000 वैक्सीन आवंटित हुई हैं। इसको लेकर



संबधित चिकित्सक, स्टाफ नर्स, एएनएम व पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में पाया जाने वाला एक मुख्य कैंसर है। इस बीमारी से निजात दिलाने श्को अब जिले में नि:शुल्क टीकाकरण होगा। 14 साल की आयु पूर्ण कर चुकी व 15 साल से कम उम्र वाली किशो. रियों का टीकाकरण किया जाएगा। इन किशोरियों को बांई बाजू पर इंट्रा मस्कुलर इंजेक्शन लगेगा। सिर्फ एक डोज (0.5) एमएल से ही कैंसर का खतरा 99 फीसदी कम हो जाता है। निजी क्षेत्र में यह वैक्सीन करीब 4200 रुपये में लगती है, जोकि दो डोज मे दी जाती हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रवि सिंह ने बताया कि आधार कार्ड पर लिखी उम्र के हिसाब से ही गणना होगी। यू विन पोर्टल पर किशोरियों को पहले पंजीकरण करना होगा। जिसके आधार पर टीका लगेगा। इसके बाद द्वितीय चरण में जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगने वाला टीका लगना प्रारंभ हो जाएगा।जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ रवि सिंह ने बताया कि बुखार होने पर पैरासिटामॉल लें (हालांकि बुखार होने की संभावना कम है।), बाजू पर दर्द है।

# आपसी भाईचारे के साथ मनाएं ईद-उल-फितर व दुर्गा पूजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ।** आगामी नवरात्रि, दुर्गा पूजा और ईद-उल-फितर पर्व के मद्देनजर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला ने कहा कि सभी पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाएं। किसी भी प्रकार की नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी।

विसर्जन के मार्गों का निरीक्षण पहले ही कर लिया जाएगा। बैठक में चेतावनी दी गई कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भ्रामक या सांप्रदायिक पोस्ट साझा न करें। अफवाह फैलाने वालों के



खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई दुरुस्त रखी जाए। घ्कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय ने क्षेत्र की जनता से अपील की कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखाई दे, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों के प्रबुद्ध जनों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और त्योहारों को मिल-जुलकर मनाने का संकल्प लिया। घ्इस अवसर पर कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज न्यूटन सिंह , हाजी लईक खां, रविकांत गुप्ता, विमल शुक्ला , रवि दीक्षित, सभासद राहुल शुक्ला, तौकीर अंसारी, नासिर अली, हाफिज रियाज ,मोहम्मद खालिद , हाफिज अकील , आफाक अहमद, इसरार अहमद, विमल शुक्ला , ज्ञानेश द्विवेदी , रविकांत गुप्ता , ख्र्ष्ण बाजपेई दुल्ली, मोहम्मद आफाक, अनिल कुमार सहित नगर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## कस्बे से बुलेट चोरी जांच में जुटी पुलिस

**गोंडा।** जिले के वजीरगंज कस्बे स्थित शिव सोनी की दुकान के पास खड़ी एक बुलेट मोटरसाइकिल अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। बुलेट चोरी की यह घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बुलेट स्वामी की शिकायत पर वजी. रगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर इसकी जांच की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक थानाक्षेत्र के लक्ष्मनपुर चंदापुर निवासी अजय कुमार पुत्र राम औतार अपनी बुलेट मोटरसाइकिल से वजीरगंज बाजार आया था ।इस दौरान उसने अपनी बाइक बाजार में शिव सोनी की दुकान के बाहर चाभी लगी छोड़कर किसी काम में लग गया।तभी एक अज्ञात वाहन चोर ने आकर चाभी लगी बाइक स्टार्ट की और चलता बना। जब अजय कुमार काम खत्म कर वापस बाइक लेने पहुंचा तो देखा वहां बाइक नहीं है।

# खीरी टाउन में प्रशासन की पोल खुली, तालाब पाटकर बसाई कॉलोनी बनी आफत, तीन मोहल्ले जलमग्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** खीरी टाउन में प्रशासनिक लापरवाही और अनदेखी का खामियाजा अब आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। वर्षों पहले जिस तालाब को पाटकर कॉलोनी बसाई गई थी, वही अब इलाके के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। हालात ऐसे हैं कि लगातार जलभराव के चलते तीन मोहल्ले पानी में डूबे हुए हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार सड़कों से लेकर घरों तक गंदा पानी भर गया है, जिससे संक्रामक बीमा. रियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो चुका है और वे भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए



एसडीएम द्वारा सख्ती के निर्देश दिए गए। लेकिन जमीनी स्तर पर उनका असर नजर नहीं आया। मौके पर जेसीबी मशीन भी पहुंची, मगर बिना किसी ठोस कार्रवाई के ही वापस लौट गई।

नगर पंचायत के अधिकारी और लेखपाल भी मौके का निरीक्षण कर बिना समाधान के लौट गए, जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि प्रभावशाली लोगों के दबाव में प्रशासन कोई कठोर कदम उठाने से बच रहा है।

# उम्मीद है कर्मचारी हितों का ध्यान रखा जाएगा: अतुल मिश्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री अतुल मिश्र द्वारा आज वी0 हेकाली झिमोमी, प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से शिष्टाचार भेंट की गई।

ज्ञातव्य हो कि झिमोमी हाल ही में केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से उत्तर प्रदेष संवर्ग में लौटी हैं और प्रमुख सचिव, वन के रूप में उनकी यह पहली तैनाती है। इस अवसर पर अतुल मिश्र द्वारा उनसे शिष्टाचार भेंट कर उनका उत्तर प्रदेश संवर्ग में पुनः स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की गई कि पूर्व की भॉति ही वे कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार की योजनाओं को प्रदेश में लागू करायेंगी तथा उनके नेतृत्व में प्रदेश की हरीतिमा में वृद्धि होगी और वन एवं वन्य जीव विभाग नये कीर्तिमान स्थापित करेगा। अतुल मिश्र ने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिशद के साथ सम्बद्ध वन विभाग के कर्मचारी संगठनों की विभिन्न मॉगों से भी प्रमुख सचिव, वन को अवगत कराया तथा कर्मचारी हितों में सार्थक निर्णय किये जाने का अनुरोध किया है। इस अवसर पर वी0 हेकाली झिमोमी, प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिशद का आभार व्यक्त करते हुए वन विभाग के कर्मचारियों को यह संदेष दिया गया कि प्रदेष के वन कर्मी पूरी तन्मयता से अपने राजकीय कार्यों का सम्पादन करें जिससे प्रदेष सरकार की नीतियों को षत-प्रतिषत फील्ड स्तर पर लागू कराया जा सके। उन्होने संगठन को आष्वस्त करते हुए कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के लिये सरकार पूर्ण रूप से संवेदनषील है तथा कर्मचारियों के लिये सार्थक रूप कल्याणकारी कदम उठाये जायेंगे। उन्होने यह भी आष्वासन दिया कि जल्द ही वे राज्य कर्मचारी संयुक्त परिशद के साथ सम्बद्ध वन विभाग के संगठनों के साथ बैठक करके उनकी मॉगों पर भी विचार-विमर्ष कर उन्हें हल कराने का कार्य करेंगी।

# निजीकरण के विरोध में आंदोलन जारी, दमन से नहीं दबेंगे बिजली कर्मी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन द्वारा क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों की मरम्मत के खर्च की वसूली अभियंताओं एवं अवर अभियंताओं के वेतन से करने के आदेश पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। संघर्ष समिति ने इसे अन्यायपूर्ण, अव्यावहारिक एवं दमनकारी कदम बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की है।

संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन प्रदेश में बिजली वितरण कंपनियों के निजीकरण का रास्ता साफ करने के लिए सुनियोजित तरीके से बिजली कर्मियों और अभियंताओं का उत्पीड़न कर रहा है। यह आदेश उसी कड़ी का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों में भय का माहौल बनाना है। संघर्ष समिति ने कहा कि ट्रांसफार्मरों के क्षतिग्रस्त होने के अनेक तकनीकी कारण होते हैं, जिनमें ओवरलोडिंग प्रमुख है। ओवरलोडिंग की जिम्मेदारी शीर्ष प्रबंधन की होती है, क्योंकि पर्याप्त क्षमता के ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराना और लोड प्रबंधन करना उसी के दायरे में आता है। बिना किसी तकनीकी जांच के सामान्य आदेश के माध्यम से अभियंताओं पर आर्थिक दंड थोपना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि सेवा नियमावली में लाप. रवाही सिद्ध होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई का स्पष्ट प्रावधान है, जिसमें लघु एवं वृहद दंड शामिल हैं, लेकिन वेतन से मरम्मत खर्च की वसूली का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में यह आदेश पूरी तरह असंवैधानिक, मनमाना और तानाशाहीपूर्ण है। संघर्ष समिति ने कहा कि अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में निजी नलकूपों पर ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो रहे हैं और उनके उच्चीकृत करने का बिजनेस प्लान में कोई प्राविधान नहीं है। ऐसे में अभियंताओं के वेतन से रिकवरी का आदेश डर और दमन का वातावरण बनाने के लिए किया गया है। संघर्ष समिति ने यह भी आरोप लगाया कि शीर्ष प्रबंधन द्वारा वर्टिकल रीस्ट्रक्चरिंग के नाम पर विशेषकर लखनऊ सहित कई शहरों में बिजली व्यवस्था को अव्यवस्थित कर दिया गया है। अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए अब शीर्ष प्रबंधन पूरा दोष कर्मचारियों और अभियंताओं पर मढ़ना चाहता है। संघर्ष समिति ने स्पष्ट चेतावनी दी कि इस प्रकार के दमन और उत्पीड़न के बावजूद बिजली कर्मी निजीकरण के खिलाफ अपना आंदोलन जारी रखेंगे। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में चल रहा आंदोलन आज 477वें दिन भी जारी रहा।

**लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स**

में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।

नोटः इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।

मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ

कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

# चामुंडा मंदिर पर चैत्रीय दुर्गा महोसव का भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** चैत्रीय नवरात्र के उपलक्ष्य में नगर के प्राचीन चामुंडा मंदिर से 251 कलश व श्री राम शोभा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया, वहीं रात के नौ बजे मंदिर परिसर में आयोजित दुर्गा महोत्सव का भव्य शुभारम्भ मुख्य अतिथि समाजसेवी अंशय कालरा ने

**■ नगर में निकाली गई भव्य कलश व श्री राम शोभा यात्रा**

कमेटी के पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्वलित करके किया। बता दें कि गुरुवार से 12वें श्री श्री सार्वजनिक चैत्रीय नवरात्रि दुर्गा महोत्सव का शुभारंभ हो गया। यह महोत्सव 28 मार्च शनिवार को समाप्त होगा। प्रतिदिन रात के नौ बजे से मुहल्ला मायापुरी स्थित प्राचीन चामुंडा मंदिर में कलाकारों द्वारा सुंदर



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। गुरुवार को पहले दिन चामुंडा मंदिर से पूर्वान्ह 11 बजे 251 महिलाओं ने कलश यात्रा और श्री राम शोभा यात्रा निकाली। शोभायात्रा में मां दुर्गे, राधा कृष्ण आदि की झाकियां शोभायमान रहीं। शोभायात्रा नगर के बस्ती, अवंतिका नगर, इंदिरा चौक, डिग्री कॉलेज मार्ग, खादगूजर चौक, बुध बाजार, बैंक कॉलोनी, फ्लाईओवर के नीचे से निकलकर अतरपुरा, कविनगर होते, फाजलपुर फाटक होते हुए चामुंडा मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा का नेतृत्व कमेटी के प्रबंधक डॉ. सुमेर चंद ने किया। वहीं रात के समय आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पहले दिन कलाकारों द्वारा महाकाली, पंचमुखी काली, राक्षक आदि की झांकिया प्रस्तुति रही। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष विचित्र भाटी, चन्द्रपाल सिंह पाल, भाजपा मंडलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह पाल, रजनीश प्रजापति, दीपक कक्कड़, रोहताश सिंह, उत्तम सिंह प्रजापति, प्रदीप वर्मा, नवीन गर्ग, महिपाल चौहान मौजूद रहे। शोभायात्रा में सुरक्षा के द्रष्टिगत प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



# प्रथम नवरात्र पर मां शैलपुत्री की आराधना

**मंडी धनौरा।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन नगर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्राचीन नवदुर्गा मंदिर महादेव सहित अन्य मंदिरों में भक्तों ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक चलता रहा। भक्तजन कतारबद्ध होकर माता के दर्शन करते नजर आए। मंदिर परिसर में भक्ति भाव का माहौल रहा और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। प्राचीन नवदुर्गा मंदिर महादेव के पुजारी महंत हरिओम त्रिवेदी ने बताया कि नवरात्र का पहला दिन मां शैलपुत्री को समर्पित होता है। इस दिन विधि-विधान से पूजा करने पर भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-शांति व समृद्धि आती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से श्रद्धा और नियम के साथ नवरात्र व्रत रखने का आह्वान किया।

# पुलिस व आरएएफ ने निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** ईद-उल-फितर के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और आरएएफ

**■ ईद का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को पुलिस सतर्क**

(रैपिड एक्शन फोर्स) ने नगर समेत कई संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला, जिसका उद्देश्य जनमानस को सुरक्षा का भरोसा कायम करने और अराजक तत्वों को चेतावनी देने के लिए रहा।

गुरुवार को पुलिस और आरएएफ का संयुक्त फ्लैग मार्च नगर के प्रमुख मार्गों पर निकाला गया। नगर के साथ साथ थाना क्षेत्र के गांव मोहरकापट्टी, शहबाजपुर डोर, नगलिया मेव, चकनवाला, मौहम्मदाबाद आदि गांवों में भी फ्लैग मार्च निकाला गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम



**गजरौला।** नगर में फ्लैग मार्च निकालती पुलिस और आरएएफ के जवान।

से लोगों से आह्वान किया कि त्यौहार पर कोई नई परंपरा न डालें। शांतिपूर्वक त्यौहार मनाकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। कहा कि यदि कोई व्यक्ति कानून व्यवस्था का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने गांव के चौकीदारों और बीट आरक्षियों के साथ साथ हल्का दरा. `गाओं को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए। किसी भी घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने की बात कहते हुए कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा व सेवा के लिये हमेशा तत्पर है। फ्लैग मार्च में महिला पुलिसकर्मी भी सम्मिलित रहीं।

# मनचले ने युवती को दी हत्या की धमकी

## भाई से मारपीट के बाद थाने पहुंची पीड़िता

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती ने गांव मुकारमपुर निवासी युवक पर परेशान करने, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

युवती ने बताया कि वह बीएड की पढ़ाई कर चुकी है। पढ़ाई के दौरान उसकी जान-पहचान गांव मुकारमपुर निवासी संदीप पुत्र से हो गई थी। कुछ समय तक दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती रही, लेकिन जून 2025 से उसने बात करना बंद कर दिया। इसके बावजूद आरोपी युवक लगातार उससे जबरन बात करने का दबाव बनाता रहा। पीड़िता का आरोप है कि मना करने पर युवक ने उसके भाई के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देने लगा। कुछ समय पहले आरोपी ने उसके भाई के साथ मारपीट भी की। इस मामले में वह पहले भी शिकायत कर चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्ति विभाग ने होटलों व रेस्टोरेंट पर की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** जिलाधिकारी के निर्देश पर पूर्ति विभाग की टीम ने रेस्टोरेन्ट एवं होटलों पर घरेलु गैस

**■ कहीं पर भी नहीं मिला घरेलू सिलेण्डर का प्रयोग**

सिलेण्डरों के प्रयोग करने की सूचना पर छापेमारी की, हालांकि किसी भी व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर घरेलु गैस सिलेण्डर प्रयोग में नहीं पाए गए। गुरूवार को जिला पूर्ति अधिकारी रीना के नेतृत्व में प्रवर्तन दलों का गठन करके नगर व हाइवे स्थित दिल्ली वाईव रेस्टोरेन्ट, उडुपीवाला, सिंह हवेली- 9, काव्यांशी अग्रवाल स्वीटस, केसर चाप, शाकिर वेस्ट अल बाकी रेस्टोरेन्ट, उपसंरपच चाय, शम्भू स्वीटस, मोगा होटल तथा बीकानेर होटल की जांच की गयी। जांच में इन प्रतिष्ठानों में



व्यवसायिक गैस सिलेण्डरों के साथ-साथ अन्य विकल्प जैसे-इन्डेकशन चूल्हा, इलेक्ट्रिक चूल्हा, डीजल चूल्हा, कोयले की भट्टी, लकडी की भट्टी आदि प्रयोग में लाना पाया गया। कही भी घरेलू गैस का सिलेण्डर प्रयोग में नहीं है। प्रवर्तन दलों ने शासन के द्वारा दिये गए निर्देशों/गाइडलाइन से अवगत कराया गया। बताया कि गैस एजेन्सियों द्वारा बुकिंग के सापेक्ष उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति होम डिलीवरी के माध्यम से की जा रही है। जिला प्रशासन आपसे अपील करता है कि किसी भी प्रकार की गैस की कमी न अफवाह फैलाएं।

# चोरी की बाइक के साथ दो चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी दिल्ली से चोरी की गई बाइक को अमरोहा शहर में बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों को चालान कर दिया है। बीती

17 मार्च की शाम टीपी नगर चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार टीम के साथ गांधी मूर्ति चौराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान रेलवे स्टेशन के माल गोदाम मार्ग की ओर से एक बाइक आती हुई दिखाई दी। पुलिस को देख चालक बाइक मोड़कर भागने लगा, शक होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में बाइक सवार ने अपना नाम मोहम्मद सुहैल और पीछे बैठे युवक ने अपना नाम शहान निवासी जामिया नगर दक्षिणी दिल्ली बताया। पुलिस ने बाइक के कागजात मांगे तो दोनों सकपका गए। सख्ती बरतने पर आरोपियों ने बाइक दो दिन पहले दिल्ली की भारत डेरी गली क्षेत्र से चोरी करना कुबूल लिया। बाइक बेचने के लिए शहर में आने की बात कही। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से मिली बाइक दिल्ली निवासी कमर के नाम पर रजिस्टर्ड है। मामले में मोहम्मद सुहैल और शहान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# सिलेंडर लेने को उपभोक्तों की लगी लाइनें

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की गोदाम के बाहर लंबी-लंबी लाइन लग रही है। गैस न मिलने के कारण उपभोक्ताओं में हाहाकार मचा हुआ है।

गुरुवार को भी गजरौला मार्ग स्थित हसनपुर गैस एजेंसी के गोदाम पर उपभोक्ताओं की तड़के से ही लाइन लगनी शुरू हो गई थी। रोजेदार महिलाये गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लगी रही। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वह पिछले कई दिनों से गैस लेने के लिए आ रहे हैं। लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। उपभोक्ताओं का कहना था कि गैस एजेंसी संचालक थोड़े सिलेंडरो का वितरण कर देता है। उसके बाद सिलेंडर कहा जा रहे हैं उसका कोई



पता नहीं है। गैस की भारी किल्लत को लेकर बीते दिन भाकियू बीआर अंबेडकर के कार्यकर्ताओं ने सर पर सिलेंडर रख कर विरोध करते हुए जमकर हंगामा किया था। उपभोक्ताओं ने बताया कि वह तड़के से लाइन में लगे हुए हैं। अब गैस एजेंसी संचालक ने फरमान जारी किया है जिसके पास हस्ताक्षर की हुई परची जिसके पास होगी उसे ही सिलेंडर मिलेंगे। इस अवसर पर शाहिद अंसारी, जगत सिंह, शाहिद, मुन्नी, नरेश, आदिल, इरशाद, कुलदीप, जितेंद्र, राजवीर आदि मौजूद थे।

# ओवररेटिंग से शराब बेचते सेल्समैन को पकड़ा

## दुकान संचालिका पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** शराब की दुकानों पर ओवररेटिंग का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव रायपुर में स्थित कंपोजिट दुकान पर निर्धारित मूल्य से अधिक वसूल किए जा रहे थे। आबकारी अधिकारियों ने ओवररेटिंग कर रहे सेल्समैन को रंगेहाथ पकड़ लिया। मामले में आबक. ारी निरीक्षक ने दुकान संचालिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जानकारी के मुताबिक आबकारी आयुक्त के निर्देश पर 31 जनवरी की सुबह लगभग साढ़े दस बजे रायपुर स्थित कंपोजिट शराब दुकान पर गुपचुप तरीके से टेस्ट परचेसिंग कराई गई। दुकान पर किंगफिशर एक्स्ट्रा स्पेशल स्ट्रॉन्ग बीयर की निर्धारित कीमत 140 रुपये होने के बावजूद ग्राहक से 150 रुपये वसूल किए जा रहे थे जबकि लाइसेंस की शर्तो के अनुसार किसी भी तरह की शराब की बिक्री केवल निर्धारित मूल्य पर ही की जानी चाहिए।बावजूद इसके दुकान संचालि. का रजनी गोयल द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए सेल्समैन से अधिक कीमत वसूल कराई जा रही है। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि आबकारी निरीक्षक चेतना पंवार की तहरीर पर दुकान संचालिका रजनी गोयल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# डीएम व एसपी ने लिया ईदगाह का जायजा

## नमाजियों को न हो किसी तरह की असुविधाः डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अमरोहा।** डीएम व एसपी ने ईदगाह स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग व साफ सफाई को बेहतर करने के निर्देश दिये। गुरूवार की सांय जिलाधिकारी श्रीमति निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनन्द ईदगाह पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ईद पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु ईदगाह स्थित वाहन पार्किंग एवं रूट व्यवस्था का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही वाहन पार्किंग स्थलों की सुव्यवस्थित व्यवस्था एवं यातायात के सुचारु संचालन हेतु बनाए गए रूट प्लान को देखा। डीएम ने कहा कि नमाज पढ़ने आने वाले किसी भी व्यक्ति को कोई असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान उनके साथ मुफ्ती आसिम, अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार, सीओ अभिषेक यादव, प्रभारी निरीक्षक, मौलाना दिलदार, आदि मौजूद रहे।

# कार चालक व साथी पर जानलेवा हमला

## पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** हादसे के बाद बोलेरो सवार लोगों ने कार चालक और उसके साथी पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में एक युवक गंभीर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने दो नामजद समेत पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर की आवास विकास कॉलोनी प्रथम निवासी पवन कुमार त्यागी बीती 15 मार्च की शाम लगभग चार बजे जोया बाईपास से होते हुए घर आ रहे थे। जैसे ही वह अतरासी रोड से थोड़ा आगे पहुंचे, तभी पीछे से आ रही बोलेरो के चालक ने उनकी ऑल्टो कार में टक्कर मार दी। हादसे में उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। पवन कुमार के विरोध करने पर बोलेरो सवार लोगों ने गाड़ी ठीक कराने का आश्वासन दिया। बाद में दोनों लोग कार लेकर एजेंसी पर पहुंचे, जहां मरम्मत का खर्च 10,284 रुपये बताया गया लेकिन, बाद में पवन त्यागी दोबारा घटनास्थल पर लौटे तो बोलेरो चालक फईम, उसके साथी अकरम ने फोन कर अपने चार-पांच लोगों को बुला लिया। आरोप है कि रुपये देने से इनकार कर दिया। पवन कुमार त्यागी ने रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही तो आरोपी आगबबूला हो गए और फईम, अकरम व अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने अवैध हथियारों से हमला कर दिया। हमले में पवन त्यागी और उनके साथी अजीत सिंह को गंभीर घायल हो गए। घटना के बाद आसपास भीड़ जुटती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घायल अजीत सिंह को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें मुरादाबाद रेफर कर दिया। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में फईम, अकरम व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात कही।

# टैम्पो-बाइक भिड़ंत में तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। जहाँ ईद की खुशियाँ मातम में बदलती नजर आईं। बुधवार की शाम कोतवाली हसनपुर क्षेत्र के अतरासी मार्ग पर गांव भूतखदेड़ी के पास एक टेंपो और बाइक की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनमें से दो की स्थिति नाजुक देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव बावनखेड़ी निवासी अरमान (पुत्र यूनुस), फैजान (पुत्र रियासत) और सनव्वर (पुत्र मनव्वर) बुधवार देर शाम बाइक पर सवार होकर ईद के त्योहार की खरीदारी करने हसनपुर नगर आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक भूतखदेड़ी के समीप पहुँची सामने से आ रहे एक टेंपो से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक सड़क पर अलग-अलग दिशाओं में जा गिरे और लहुलुहान हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुँचे और घायलों को तुरंत नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने अरमान और फैजान की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि अरमान की हालत अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। वहीं तीसरे युवक सनव्वर का उपचार गांव के ही एक चिकित्सक के पास चल रहा है और उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।हादसे की खबर फैलते ही अस्पताल परिसर में परिजनों और रिश्तेदारों की भारी भीड़ जमा हो गई। इस मामले में कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# हैप्पी हार्ट्स में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन

## कार्यक्रम में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अमरोहा।** हैप्पी हार्ट्स इंटरनेशनल प्रीस्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी "नो हरी नो वरी -जस्ट बी यू" का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया, जिसमें नन्हे बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। हैप्पी हार्ट्स इंटरनेशनल प्रीस्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी "नो हरी नो वरी-जस्ट बी यू" कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनीता माहाजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों ने गणेश वंदना के साथ रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखकर अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गए। बच्चों ने मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को प्रमाण पत्र




भी वितरित किए गए। विद्यालय की डायरेक्टर जुही राज ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों का उज्ज्वल भविष्य ही उनका मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ, जिसमें सभी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की।

# भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** क्षेत्र के ग्राम शकरौली स्थित शिव मंदिर परिसर में गुरुवार को राष्ट्र सेवी संगठन के तत्वावधान में एक भव्य गोष्ठी एवं श्वर्ष प्रतिपदाश (सनातन नव वर्ष) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीणों और गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत कर भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने क्षेत्रवासियों को नव संवत्सर 2083 की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन केवल कैलेंडर बदलना नहीं बल्कि प्रकृति के सृजन का उत्सव है। उन्होंने जोर दिया कि समाज से जातिवाद जैसी कुरीतियों को मिटाकर भाईचारा स्थापित करना और सूने पड़े धर्मस्थलों पर नियमित पूजा-अर्चना शुरू करना ही संगठन का मुख्य ध्येय है।शांतिकुंज हरिद्वार से आए सतीश कुमार त्यागी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिना साधना और उपासना के जीवन में शांति संभव नहीं है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से नशे का त्याग कर एक स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने की अपील की।इस अवसर पर समरपाल सिंह,हरिराज सिंह,मोनू अग्रवाल, मुकेश सिंह, हरचरन सिंह, नेपाल सिंह, रामकुंवर, कुंवर पाल, फूल सिंह, सचिन, अंकुर, महेश खड़गवंशी और अजय पाल सिंह आदि। समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्र सेवा, नागरिक कर्तव्यों के पालन और अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने की सामूहिक शपथ ली।

# उप्र में होम-स्टे मॉडल तेजी से उभर रहा: जयवीर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सरकार पर्यटन क्षेत्र में नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा दे रही है। होम-स्टे मॉडल तेजी से उभर रहा है, जो पर्यटकों को किफायती और घरेलू अनुभव देने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बना रहा है।

गुरुवार को प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को मजबूत करने के उद्देश्य से मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम) में होम-स्टे संचालकों के लिए पांच दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 16 से 20 मार्च तक चल रहे इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 31 प्रतिभागियों को आधुनिक आतिथ्य प्रबंधन और व्यवसाय संचालन के व्यावहारिक गुर सिखाए जा रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को होम-स्टे संचालन की मूल अवधारणा, कम लागत में बेहतर सुविधाएं विकसित करने, टैरिफ निर्धारण, बजट प्रबंधन और सेवा गुणवत्ता सुधार के तरीकों की जानकारी दी गई। साथ ही इंटीरियर साज-सज्जा, रखरखाव और समस्याओं के समाधान के व्यावहारिक पहलुओं पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में आधुनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया, डिजिटल पेमेंट, ऑनलाइन बुकिंग और ग्राहक सेवा से जुड़े कौशल भी सिखाए गए। इसके अतिरिक्त साफ-सफाई, रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म और बेहतर अतिथि अनुभव सुनिश्चित करने के तरीकों पर भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में लखनऊ, वाराणसी, बरेली, सिद्धार्थनगर, अम्बेडकर नगर, शाहजहांपुर, कासगंज और उन्नाव सहित विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने इस पहल को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उनके व्यवसाय को नई दिशा मिलेगी।

## डा. हेडगेवार के आदर्शों से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव: केशव मौर्य



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को यहां डा. केशवराव बलिराम हेडगेवार की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि डा. हेडगेवार का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन शक्ति और सांस्कृतिक जागरण के लिए समर्पित रहा।

उनके विचार आज भी एक सशक्त, संगठित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में एकता, समरसता और राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्री मौर्य ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक द्वारा स्थापित मूल्यों के अनुरूप कार्य करते हुए ही देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य कर रही है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।

## रुद्र प्रताप सिंह का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बाजार शुकुल अमेठी।** क्षेत्र के एक्का ताजपुर में संचालित एसपी कान्वेंट जूनियर हाईस्कूल विद्यालय के मेधावी छात्र रुद्र प्रताप सिंह पुत्र शिव कुमार सिंह का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हो गया है।मेधावी छात्र रुद्र प्रताप सिंह का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में होने पर एसपी कान्वेंट जूनियर हाईस्कूल विद्यालय एक्का ताजपुर के विद्यालय प्रबंधन शिक्षक शिक्षिकाओं व क्षेत्र वासियों ने खुशी जताई है।

गौरतलब हो कि एसपी कान्वेंट जूनियर हाईस्कूल विद्यालय एक्काताजपुर के मेधावी छात्र रुद्र प्रताप सिंह ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में जिले में 82.50:अंको के साथ जिले मै 97वी रैंक प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्रवासियों का मान बढ़ाया है।मेधावी छात्र रुद्र प्रताप सिंह का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में होने पर एसपी कान्वेंट जूनियर हाईस्कूल विद्यालय के प्रबंधक शेषनाथ तिवारी, शिक्षक सुशील श्रीवास्तव सहित विद्यालय प्रबंधन विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं छात्रा नेहा आर्या, आरती, खुशी ओझा, शिवानी ,मुस्कान शिवम् यादव, लक्ष्मी सहित क्षेत्र वासियों ने मेधावी छात्र रुद्र प्रताप सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना की है और खुशी जताई है।मेधावी छात्र रुद्र प्रताप सिंह ने अपनी सफलता इस श्रेय विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया है।

## ड्रोन तकनीक से सशक्त हो रहे एनसीसी कैडेट्स अनुशासन व आधुनिकता का संगम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** एनसीसी निद.ेशालय उत्तर प्रदेश के अंतर्गत, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के तत्वावधान में 16 यूपी बटालियन एनसीसी, प्रयागराज द्वारा राम दुलारी बच्चू लाल जायसवाल पीजी कॉलेज, नवाबगंज, प्रयागराज में आयोजित 12 दिवसीय सीओसी ड्रोन प्रशिक्षण शिविर अपने उद्देश्यों की सफल पूर्ति की ओर अग्रसर है। यह शिविर 12 मार्च से प्रारंभ होकर 23 मार्च तक संचालित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के 8 एनसीसी ग्रुप मुख्यालयों के सीनियर डिवीजन (एसडी) एवं सीनियर विंग (एसडब्ल्यू) के कैडेट्स उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स को आधुनिक युद्धक एवं नागरिक उपयोग की उन्नत ड्रोन तकनीक से परिचित कराना है,

जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने हेतु तकनीकी रूप से दक्ष बन सकें। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स ने ड्रोन डिजाइनिंग, असेम्बलिंग, संचालन एवं उड़ान की जटिल प्रक्रियाओं को न केवल समझा, बल्कि उन्हें व्यवहारिक रूप में आत्मसात भी किया। सीमित समय में ड्रोन असेंबल करने की दक्षता एवं ऑन-ग्राउंड परीक्षण के सफल निष्पादन ने कैडेट्स की तकनीकी क्षमता और तत्परता का परिचय दिया।

प्रशिक्षण के अंतर्गत कैडेट्स को ड्रोन संचालन के सुरक्षा मानकों, निगरानी प्रणाली, आपदा प्रबंधन तथा रक्षा क्षेत्र में इसके बहुआयामी उपयोगों की गहन जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, हथियार प्रशिक्षण के माध्यम से कैडेट्स की फायरिंग दक्षता को भी सुदृढ़ किया जा रहा है, जो उनके सैन्य अनुशासन और आत्मविश्वास को और अधिक सशक्त बनाता है। शिविर के आठवें दिन एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर उपेन्द्र सिंह कंदील ने शिविर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत ड्रोन फ्लाइंग का सजीव एवं प्रभावशाली प्रदर्शन उनके आत्मविश्वास, सटीकता और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। कैडेट्स के अनुशासित प्रदर्शन एवं तकनीकी प्रवीणता से प्रभावित होकर ग्रुप कमांडर ने उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि एन सी सी कैडेट्स भी ड्रोन एवं साइबर तकनीक से लैस होंगे तथा उन्हें भविष्य में और उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया।

यह शिविर कैंप कमांडेंट कर्नल निशांत बरियार एवं डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल योगेंद्र चिनवान के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। इस अवसर पर कर्नल निशांत बरियार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आधुनिक तकनीक, विशेषकर ड्रोन, भविष्य के सैन्य एवं रणनी.तिक परिख्रश्य का अभिन्न अंग है। इसका समुचित ज्ञान एवं दक्षता कैडेट्स की सैन्य क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह ड्रोन प्रशिक्षण शिविर न केवल कैडेट्स को तकनीकी रूप से सशक्त बना रहा है, बल्कि उनमें अनुशासन, नेतृत्व, त्वरित निर्णय क्षमता एवं राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण की भावना को भी सुदृढ़ कर रहा है।

## हनुमंत निकेतन में गूंजा सामवेद शंखनाद, भव्य 'नव वर्ष उद्घोष' के साथ हुआ विक्रम संवत 2083 का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** हनुमंत निकेतन, सिविल लाइंस, प्रयागराज में आज हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2083 के उपलक्ष्य में 'सामवेद शंखनाद एवं नव वर्ष उद्घोष' का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन संपन्न हुआ। प्रात: 5 बजे से प्रारंभ हुए इस आयोजन में श्रद्धा, भक्ति एवं सनातन संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर नव वर्ष के प्रथम सूर्योदय के साक्षी बने। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश वंदन से हुआ, जिसके पश्चात वेद विद्यालय के बटुकों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्वस्ति वाचन किया गया। सामवेद की मधुर स्वर लहरियों एवं शंखनाद से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर नव वर्ष का स्वागत किया, जिससे पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण व्याप्त रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनंत श्री विभूषित महंत यमुना पुरी जी महाराज (सचिव, श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी एवं प्रबंधक, मां अलोपी देवी मंदिर) की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। उन्होंने अपने आशीर्वचन में कहा कि नव संवत्सर हमें धर्म, सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है तथा सनातन मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश देता है। आयोजक सृजन हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. बी.बी. अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि नव वर्ष केवल तिथि परिवर्तन नहीं, बल्कि हमारी सनातन परंपरा की नई चेतना और सांस्कृतिक जागरण का पर्व है। इस आयोजन में सह-आयोजक के रूप में श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज, प्रयागराज की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज के अध्यक्ष पियूष रंजन अग्रवाल ने अपने संबोधन में समाज की एकता एवं संस्कृति के संरक्षण पर बल दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, महामंत्री अभिषेक मित्तल, हरीश चंद अग्रवाल (बिल्लू भैया), आशीष अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, अजीत बंसल, मुरारी लाल अग्रवाल एवं राकेश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। वहीं अग्रवाल युवा मंडल के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल के नेतृत्व में सौरभ अग्रवाल, सीए सचिन अग्रवाल, अंकित अग्रवाल (सह मंत्री) एवं अंकित अग्रवाल (कार्यालय प्रभारी) सहित अन्य सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री सुबंधु जी (विभाग प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में विक्रम संवत की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए भारतीय परंपराओं को अपनाने का संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम का प्रभावी एवं गरिमामयी संचालन अग्रवाल युवा महिला मंडल की महामंत्री डॉ. कीर्ति अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर 'पर्वपत्रिका' (संवत 2083) के 14वें संस्करण का विमोचन महंत यमुना पुरी जी महाराज के करकमलों द्वारा किया गया, जिसमें पत्रिका के संपादक आचार्य अमित बहोरे जी के योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सविता अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, आयोजकों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने और सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रात: 5 बजे से प्रारंभ होकर लगभग 7 बजे तक चले इस कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए चाय-पानी की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम का समापन ह्जय श्री राम, जय हनुमानह्व के उद्घोष एवं नव वर्ष की मंगलक.ामनाओं के साथ हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में की श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना

**लखनऊ/अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने चौत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना की। राष्ट्रपति ने नव संवत्सर पर रामलला के चरणों में शीश झुकाकर व आरती उतारकर श्रद्धा निवेदित की। इस दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राष्ट्रपति के साथ रामलला की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति, राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में सभी देवों के समक्ष शीश झुकाया। राष्ट्रपति ने श्रीराम मंदिर परिसर का भ्रमण कर यहां की दीवारों पर उकेरी गई आकृतियों का भी अवलोकन किया। राष्ट्रपति ने पूज्य संतों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच चौत्र शुक्ल प्रतिपदा पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीरामयंत्र की विधिवत प्रतिष्ठापना की। श्रीराम यंत्र दो वर्ष पूर्व जगद्गुरु शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती महाराज द्वारा शोभायात्रा के माध्यम से अयोध्या भेजा गया था। वैदिक गणित और ज्यामितीय आकृतियों पर आधारित यह यंत्र देवताओं का निवास माना जाता है, जो सकारात्मक ऊर्जा आकर्षित करने की क्षमता रखता है। दक्षिण भारत, काशी, अयोध्या के आचार्यों द्वारा मंदिर में श्रीराम यंत्र के लिए नौ दिवसीय वैदिक अनुष्ठान पहले से ही शुरू हो चुका था। यंत्र प्रतिष्ठापना के समय राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मां अमृतानंदमयी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि, ट्रस्टी अनिल मिश्रा, सदस्य गोपाल जी आदि मौजूद रहे।

### अमेठी में सनसनी, स्कूल से फर्जी आवेदन भेजकर बदनाम करने की साजिश

**अमेठी।** जनपद के थाना इन्हौना क्षेत्र में एक सुनियोजित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। ग्राम सरैया सलारपुर निवासी प्रियांशु त्रिवेदी के नाम से डाक के माध्यम से फर्जी आवेदन भेजा गया, जिसमें उनके मोबाइल नंबर, नाम और हस्ताक्षर का दुरुपयोग किया गया। विशेष रूप से यह पता चला है कि उक्त आवेदन में उनके पिता का नाम भी गलत अंकित था, जिससे स्पष्ट है कि यह जानबूझकर उनकी छवि को धूमिल करने की साजिश है। प्रियांशु त्रिवेदी ने बताया कि देवेंद्र दीक्षित निवासी चिलौली, जो स्वयं ह्राम सरन त्रिवेदी शिक्षा निकेतनह्व स्कूल से जुड़ा है ने यह फर्जीवाड़ा किया। उन्होंने अपने ही खिलाफ आवेदन भेजा, लेकिन प्रियांशु त्रिवेदी और स्कूल के नाम का इस्तेमाल कर बदनाम करने की योजना बनाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रियांशु त्रिवेदी ने लिखित शिकायत के जरिए कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। अब यह देखना बाकी है कि पुलिस इस गंभीर प्रकरण में क्या कदम उठाती है।

### विदेश मे नौकरी के नाम पर बड़ा फ्रॉड

अमेठी। अमेठी के तिलोई क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत मोहनगंज पुलिस को यह बड़ी सफलता मिली है। गिरफ्तार आरोपी इजहार उर्फ मुंशीर लोगों को विदेश भेजने का झांसा देकर उनसे मोटी रकम वसूलता था। अब तक वह 5 लोगों से करीब 3 लाख 90 हजार रुपये ठग चुका था। आरोपी ने ठगी के लिए फर्जी आधार कार्ड बनवाया और उसी के जरिए पासपोर्ट तैयार कर विदेश भागने की योजना बना रहा था। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपी ने दुबई की कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भी दिए। जब लोगों ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपी गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगा। सूचना मिलते ही पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### जल अर्पण दिवस का आयोजन

**गोंडा।** क्षेत्र के हरबंशपुर गांव में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत स्थापित पानी की टंकी के लोकार्पण के अवसर पर जल अर्पण दिवस का आयोजन गुरूवार को किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर अधिशासी अभियंता महेंद्र सिंह एवं सहायक अभियंता नितिन किशोर ने कार्यक्रम में शिरकत की। ग्राम प्रधान दुर्गेश पांडे ने अतिथियों को बुके देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ने फीता काटकर अधिशासी अभियंता ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने लोगों जल संरक्षण के महत्व एंव शुद्ध जल की आवश्यकता के बारे में बताते हुए कहा कि कार्यक्रम के समापन पर लोगों को जल संरक्षण के लिए जागरूक करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एंव विशिष्ट अतिथि ने लोगों को जल संरक्षण करने की शपथ भी दिलाई। इस दौरान मनकापुर विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दूबे, अखिलेश तिवारी, प्रधान पर्वती संजय मौर्या, ग्राम विकास अधिकारी पप्पू सिंह यादव, अवर अभियंता हर्षित मिश्रा, एलएनटी पीएम मनोज कुमार डीपीएमयू कोऑर्डिनेटर आयुषी सिंह, बाबूलाल शास्त्री, अरविंद सिंह सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## महारानी गरिमा सिंह एवं राजकुमार अनंत विक्रम सिंह की मेहनत रंग लाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** भादर विकास खण्ड के ग्रामसभा अमटाही में मालती नदी पर लघु सेतु निर्माण को मिली स्वीकृति ने यह साबित कर दिया है कि जब मजबूत नेतृत्व, जनप्रति.निधि का संकल्प और सरकार की प्रतिबद्धता एक साथ चलते हैं, तो विकास को कोई रोक नहीं सकता।

पूर्व विधायक महारानी गरिमा सिंह के निरंतर प्रयासों और उनके दृढ़ संकल्प के साथ-साथ राज.कुमार श्री अनंत विक्रम सिंह की सक्रिय जनभागीदारी और जनता के बीच उनकी मजबूत पकड़ का ही परिणाम है कि वर्षों से लंबित यह मांग आज साकार होने जा रही है। केंद्र सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार के सहयोग से यह महत्वपूर्ण परियोजना अब धरातल पर उतर रही है। राज्य योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2819.29 लाख रुपये की स्वीकृति के तहत अमटाही से शंकरगढ़ मार्ग पर 3एक्स12.50 मीटर स्पान का आरसीसी लघु सेतु बनाया जाएगा। इसके साथ पहुंच मार्ग, भूमि अर्जन एवं सुरक्षात्मक कार्य भी कराए जाएंगे। इस कार्य के लिए 574 लाख की धनराशि जारी कर दी गई है।यह संकल्प, संघर्ष और जनसेवा की राजनीति का जीवंत उदाहरण है।यह उस विश्वास की जीत है, जो जनता ने अपने नेतृत्व पर जताया है। वर्षों से उपेक्षित इस मांग को जहां पहले नजरअंदाज किया गया, वहीं महारानी गरिमा सिंह ने इसे प्राथमिकता बनाकर शासन स्तर पर उठाया, और राजकुमार अनंत विक्रम सिंह ने इसे जनआंदोलन का रूप देते हुए हर घर, हर गांव की आवाज बनाकर शासन तक मजबूती से पहुंचाया। राजकुमार अनंत विक्रम सिंह लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए गांव-गांव जाकर लोगों से सीधे संवाद करते रहे, उनकी समस्याओं को न केवल सुना बल्कि उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास भी किया। यही कारण है कि आज युवा, किसान, महिला और हर वर्ग के बीच उनकी लोक.प्रियता तेजी से बढ़ रही है। आज पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अनंत विक्रम सिंह जी हमेशा हमारे बीच

## मन्दिरों उमड़ी श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़

**बांगरमऊ।** चौत्र नवरात्र के प्रथम दिवस त्रिपुर सुंदरी राजराज.ेश्वरी देवी मंदिर में दर्शन और पूजन हेतु श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

आज से मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा का भी शुभारंभ हुआ। भागवताचार्य पंडित सतीश शास्त्री द्वारा श्रद्धालु भक्तों को मां भगवती की कथा श्रवण कराई गई और भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। कथा व्यास ने चौत्र नवरात्र पर माता जी के शैलपुत्री सहित नौ रूपों का बखान किया।

उन्होंने बताया कि माता जी ने नौ राक्षसों का दलन किया था। इसीलिए नवरात्र में सभी भक्तों द्वारा श्रद्धा पूर्वक 9 दिन माता की शरण में रहकर कलश की स्थापना की जाती है और गौरी-गणेश की स्थापना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। इसके अलावा देवी भक्तों ने आज मोहल्ला चौधराना स्थित संकटा देवी मंदिर , मां भुवनेश्वरी मंदिर, शीतला माता मंदिर, संतोषी माता मंदिर, संदोहन देवी मंदिर, मातंगी माता मंदिर व फूलमती माता मंदिर में दर्शन व पूजन हेतु भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं।

## दुकान में घुसकर दुकानदार को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कटरा शिवदयाल गंज चौराहे पर एक दिव्यांग कपड़ा व्यवसाई को दबंगों पीटा।पीड़ित ने दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ तहरीर दिया। क्षेत्र के वजीराबाद निवासी अशोक कुमार यादव ने बताया कि वह शारीरिक रूप से दिव्यांग है।

वह कटरा शिवदयाल गंज चौराहे पर कपड़े की दुकान चलाता है, बुधवार की शाम उसकी दुकान पर चार लोग आए जिनमें वह दो लोगों को पहचानता था। आरोप है कि सभी लोग सामान को लेकर जबरदस्ती करने लगे और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए उसको दुकान के अंदर से बाहर खींचकर मारपीट की।सूचना पर सरयूघाट पुलिस चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को चौकी ले जाकर समझौता कराकर छोड़ दिया।

लेकिन करीब 15 मिनट बाद ही आरोपी दोबारा लाठी-डंडे लेकर लौटे और फिर से मारपीट करने का प्रयास किया। किसी तरह वह जान बचाकर वहां से निकला। इस घटना में उसे अंदरूनी चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच कराई जा रही है।

## विंध्याचल नवरात्र मेला शुरू, पहले दिन लाखों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिर्जापुर।** जय माता दीष के उद्घोष के साथ गुरुवार को विध्याचल धाम में प्रसिद्ध नवरात्र मेला शुरू हो गया।

पहले ही दिन लाखों श्रद्धालुओं ने मां विध्यवासिनी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। भोर में मंगला आरती के उपरांत जैसे ही मंदिर के कपाट खुले, श्रद्धालुओं की भीड़ माता के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। आरती से पूर्व ही लंबी कतारें लग गई थीं, जो दिनभर जारी रहीं। भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार एवं पुलिस अधीक्षक अर्पणा कौशिक दिनभर मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। विध्याचल धाम आध्यात्मिक दृष्टि से विश्व प्रसिद्ध है, जहां श्रद्धालु मनोकामना पूर्ति के लिए आते हैं। वहीं साधु-संत मोक्ष की कामना से नवरात्र के दौरान नौ दिन तक विभिन्न स्थलों पर अनुष्ठान करते हैं। विध्य पर्वत एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर साधकों ने अपने डेरे जमा लिए हैं। करीब 14 किलोमीटर में फैले मेला क्षेत्र में इस समय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। विध्य पर्वत तथा गंगा तट के घाटों पर स्नान करने वालों का तांता लगा हुआ है। जिलाधिकारी ने बताया कि मेला क्षेत्र को 10 जोन एवं 26 सेक्टरों में विभाजित कर प्रत्येक स्थान पर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। घाटों पर शौचालय, चेंजिग रूम, प्रकाश एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए मार्ग परिवर्तन लागू किया गया है तथा मेला क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत तीन हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। बम निरोधक दस्ते, एनडीआरएफ, घुड़सवार पुलिस, फायर ब्रिगेड एवं विशेष बलों को भी लगाया गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं के साथ सौम्य व्यवहार करने के निर्देश दिए गए हैं।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना

प्रयागराज (इलाहाबाद) में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-

**अश्वनी कुमार श्रीवास्तव**
(प्रयागराज जोन प्रभारी/जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)
मो. 9415351850
कार्यालय पता:- 99 ए/1, अशोक नगर (नवादा), प्रयागराज
email-shahtimesprayagrajjashwani@gmail.com

# पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी को 20 वर्ष कारावास



**चन्दौसी।** जनपद सम्भल स्थित चन्दौसी की विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने वर्ष 2017 के एक गंभीर मामले में सुनवाई पूरी करते हुए महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। न्यायालय ने एक आरोपी को दोषमुक्त किया, एक के विरुद्ध गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी करने के आदेश दिए, जबकि एक अन्य आरोपी को विभिन्न धाराओं में दोषी ठहराते हुए कठोर सजा सुनाई है। मामला थाना असमोली क्षेत्र के ग्राम पाली की मढ़ैया का है। वादी द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया था कि गांव के नसीम, रिजवान और शाकिब पूर्व से ही दबंगई करते थे और परिवार से उनकी रंजिश चल रही थी। आरोप के अनुसार 19 अगस्त 2017 को तीनों आरोपी वादी के घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर रिजवान ने वादी की पत्नी के साथ अभद्रता की, जबकि नसीम और शाकिब ने 14 वर्षीय नाबालिग बेटी को जबरन कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। घटना के दौरान बच्ची बेहोश हो गई, जिसे मृत समझकर आरोपी मौके से फरार हो गए। वादी ने थाना असमोली में मुकदमा दर्ज कराया। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अभियुक्त शाकिब को आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। वहीं अभियुक्त रिजवान को धारा 452, 354ए, 307 भादंसं तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत दोषी पाया गया, लेकिन न्यायालय में उपस्थित न होने के कारण उसके खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी करने के निर्देश संबंधित थानाध्यक्ष को दिए गए। अभियुक्त मौ. नसीम को न्यायालय ने धारा 452 और 354ए भादंसं तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत दोषी करार दिया। उसे धारा 452 में तीन वर्ष कारावास व तीन हजार रुपये अर्थदंड, धारा 354ए में दो वर्ष कठोर कारावास व दो हजार रुपये अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 में 20 वर्ष का कठोर कारावास व 30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। इस फैसले को महिला एवं बाल सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत, एक घायल



**कांठ( शाह टाइम्स )** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवको की मौके पर मौत हो गई और तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है उमरी कला निवासी हनीफ पुत्र हाफिज अहमद का कहना था कि उनका पुत्र मोहम्मद साकिब और आजम पुत्र शहाबुद्दीन, मोहल्ला नसीराबाद तथा अयूब पुत्र वकील अहमद मोहल्ला जुम्मे का बाजार बुलेट मोटरसाइकिल से रात करीब 9:00 बजे कांठ सामान लेने जा रहे थे जैसे ही उनकी बाइक कान्हा गौशाला के सामने पुल पर पहुंची तो सामने से तेजी से आ रहे एक बाहन से टक्कर हो गई जिसमें साकिब एवं आजम की मौके पर मौत हो गई तथा अयूब गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को फोटोंन हॉस्पिटल मुरादाबाद में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शबो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना की सूचना उमरी पहुंची तो कोहराम मच गया परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया एक दिन बाद आने वाली ईद की खुशियां दो घरों में मातम के रूप में बदल गई हनीफ की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## एक नजर

### कूड़ा डालने के विवाद में सगे भाइयों का चालान



**कांठ( शाह टाइम्स )** कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने दो सगे भाइयों का चालान किया है मोहल्ला ईदगाह नई बस्ती निवासी अर्सलान पुत्र रईस और गुफरान पुत्र रईस को पुलिस ने हिरासत में लेकर शांति भंग की आशंका में एसडीएम कोर्ट में पेश किया।

बताया गया कि इनका घर के सामने कूड़ा डालने को लेकर विवाद था इसके तहत पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

### कुरान मुकम्मल होने पर दी मुबारकबाद



**कांठ( शाह टाइम्स )** छप्पर वाली मस्जिद में कुरान मुकम्मल हो गया बताया गया कि कुराने पाक हाफिज अब्दुल बासिद ने सुनाया और हाफिज साहबेज आलम ने कुराने पाक सुना मस्जिद के इमाम कारी वसीम अहमद की मौजूदगी में कुरान पूरा हुआ सिन्नी नसीम अहमद की तरफ से तक्सीम की गई तकरीर मौलाना इमामुद्दीन ने की। इस मौके पर सदर रियाज अहमद मोमिन अहमद ठेकेदार हाजी रईस अहमद आर के बैटरी हाजी अतीक अहमद ठेकेदार वाजिद अली हाफिज तनवीर आलम जुल्फिकार अहमद ठेकेदार जाकिर हुसैन मोहम्मद महबूब अली मोहम्मद रफी अब्दुल अयान मोहम्मद शाकिर आदि लोग मौजूद रहे।

# डिलीवरी के दौरान महिला की मौत



**चन्दौसी।** नगर के राज मोहल्ला निवासी महताब की पुत्री साहिवा की प्रसव के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। साहिवा की शादी नरौली निवासी सुभान के साथ हुई थी। प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे वैटला स्थित केजीएन अस्पताल में भर्ती कराए थे। परि. जनों का आरोप है कि अस्पताल में भर्ती होने के बाद उपचार तो शुरू हुआ, लेकिन गुरुवार सुबह चिकित्सक ने अचानक मरीज को अन्यत्र ले जाने की बात कह दी। इसी दौरान परिजनों ने देखा कि सा. हवा के हाथ-पैर ठंडे पड़ चुके थे और उसकी हालत बेहद गंभीर थी। आरोप यह भी है कि जब स्थिति बिगड़ी तो अस्पताल का स्टाफ मौके से नदारद हो गया, जिससे परि. जनों में आक्रोश फैल गया।

परिजन इसे स्पष्ट रूप से चिकित्सकीय लापरवाही मानते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# हाजी उस्मान अली ने ईदगाह पहुंचकर कराई साफ-सफाई

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** नगर पंचायत अध्यक्ष उमरी कला हाजी उस्मान अली आज ईदगाह पहुंचे और अपनी निगरानी में साफ सफाई करा कर ईदगाह को ईद की नमाज के लिए तैयार कराया उन्होंने नमाजियों के लिए चूना डालकर लाइन बनवाई और ईदगाह एवं आसपास की सफाई करा कर व्यवस्था को दुरुस्त करा दिया।



सभासद सुमन अली नफीस सैफी सादिक हुसैन यूनुस खान अमीनुद्दीन हाजी मसरूफ एवं मास्टर शमीम अहमद कुरैशी की सलाह से उन्होंने नमाजियों के लिए अन्य भी कई व्यवस्थाएं कराई। उस्मान अली ने कहा कि नमाजियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इस मौके पर अन्य भी कई लोग मौजूद रहे।

# सचिवों को बकाया धनराशि से विकास कार्य 31 मार्च तक पूरे कराकर उपभोग प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपलोड करने के दिए निर्देश

कांठ(शाह टाइम्स) जनपद की ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 को पूरा हो रहा है। अब करीब दो माह की प्रधानी बची है। आठ करोड़ रुपये खपाने की चुनौती आ गई है। जिले की 643 ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए मिली इस राशि को ग्राम प्रधानों और सचिवों को साझे प्रस्ताव के जरिये 31 मार्च तक खर्च किया जाना है। वित्तीय वर्ष के बचे हुए दिनों में इस धनराशि को विकास कार्यों के मद में पाने में सचिवों की कमी आड़े आ रही है।हालात देखकर कुछ ग्राम पंचायतों को मिलाकर क्लस्टर बनाए गए हैं। इन क्लस्टरों में बची हुई धनराशि को सिर्फ 13 दिन में विकास प्रस्तावों पर व्यय करने में आड़े आ रही है सचिवों की कमी विभागीय रिकार्ड बता रहा है कि जिले में 643 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष सिर्फ 127 सचिव हैं। बिना सचिव के सिर्फ प्रधान विकास प्रस्तावों व जरूरी वित्तीय स्वीकृतियों को अंजाम तक नहीं पहुंचा सकते। लिहाजा 10 से 15 ग्राम पंचायतों के क्लस्टर बनाकर मौजूदा सचिवों को तैनात किया गया है। यानी अब ग्राम पंचायत नहीं, क्लस्टर सचिव जैसा पद हो गया है। एक सचिव के जिम्मे अब एक से अधिक ग्राम पंचायतों का काम है। अब सबकी निगाह इस पर है कि यह प्रयोग ग्राम पंचायतों के हिस्से का बचा धन 31 मार्च तक कैसे उपयोग में लाता है। मौजूदा सचिवों को बांट दिया है। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के अनुसार मुरादाबाद जिले में कुल ग्राम पंचायतें 643 हैं। इन ग्राम पंचायतों में 5 वें वित्त आयोग व 15 वें वित्त आयोग से मिली राशि के सापेक्ष तो काम करा लिए गए हैं लेकिन 5 वें राज्य वित्त आयोग से मिली अनुदान सहायता राशि के अभी दो करोड़ रुपये और 15वें वित्त आयोग की किस्तों में मिली राशि के छह करोड़ रुपये के काम अंजाम तक नहीं पहुंच सके हैं। इस बीच प्रधानों का कार्यकाल पूरा होने का समय करीब आ रहा है। डीपीआरओ की ओर से प्रधानों और सचिवों को बकाया धनराशि से विकास कार्य 31 मार्च-2026 तक पूरे कराके उपभोग प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपलोड करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### सुरजन नगर में चैत्र नवरात्र पर मंदिरों में सुरक्षा सख्त, पुलिस ने संदिग्धों को दी चेतावनी



**सुरजन नगर।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व के शुभारंभ पर क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखा जा रहा है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए चौकी प्रभारी ओमकार सिंह और सत्येंद्र बालियान ने पुलिस बल के साथ सुरजन नगर एवं आसपास के विभिन्न मंदिरों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सुरक्षा मानकों का जायजा लिया। इस मौके पर पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में सक्रिय गलत संगति के व्यक्तियों और संदिग्ध तत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए सचेत किया। अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि मंदिर परिसर या आसपास के क्षेत्रों में कोई भी अनैतिक गति. विधि या शांति भंग करने का प्रयास किया गया, तो दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। घ्स्थानीय निवासियों से भी अपील की गई कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। प्रशासन के इस सक्रिय रुख से श्रद्धालुओं में सुरक्षा का भाव है।

# ज्योर्तिलिंगम दर्शन मेले का न्यायाधिकारी कुंवर सूर्यसेन सिंह ने कराया शुभारंभ





**कांठ ( शाह टाइम्स )।** राम लीला परिसर में संचालित ज्योतिर्लिंगम दर्शन मेले का उद्घाटन आज ग्रामीण न्यायालय के न्यायाधिकारी कुंबर सूर्यसेन सिंह ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित करके कराया। उन्होंने कहा कि इस तरह के मेलों के आयोजन से भटके हुए लोगों को सही राह मिलती है उन्होंने मेले में आए लोगों से बहन ब्रह्माकुमारी द्वारा बताए गए अनुसार जीवन यापन करने को कहा।

मेले में पहले 12 ज्योर्तिलिंगम के समक्ष दीप प्रज्वलित किए गए उसके बाद मेले के आयोजकों ने इसके उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। कुंभकरण तुल्य सोए हुए मानव को जगाने हेतु ज्ञान युक्त 3क शो का आयोजन दिखाया गया नवरात्रि के उपलक्ष में नवदुर्गा झांकी ज्ञान योग पथ प्रदर्शनी का दर्शन किया गया। 30 फीट का शिवलिंग मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा बहन ब्रह्म कुमारी ने मेले में लगाई गई चित्रों की प्रदर्शनी के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने देवता और परमात्मा की सुंदर ढंग से व्याख्या की बताया कि सभी धर्म निराकार परमात्मा की ओर इशारा करते हैं देवता अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन परमात्मा एक ही है जिसका कोई आकार नहीं है।

कार्यक्रम के बारे में शरद भाई ने विस्तार से जानकारी दी कार्यक्रम में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा प्रदीप कुमार महासचिव दीपक बिश्नोई अन्य अधिवक्ता पत्रकार गण और राज योगिनी ब्रह्माकुमारी प्रभा दीदी जगराज जी विनीत बिश्नोई ब्रह्माकुमारी दीप माला बिश्नोई ममता बिश्नोई ब्रह्मकुमारी रीना ब्रह्मकुमारी कीर्ति ब्रह्म कुमारी सर्वेश व अन्य सहयोगी भाई बहन मौजूद रहे।

### नगर में नवदुर्गा महोत्सव महिला मंडल के तत्वावधान में निकाली गई कलश यात्रा

**कुंदरकी।** गुरुवार को नवरात्रि के उपलक्ष में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवदुर्गा महोत्सव महिला मंडल के तत्वाधान में श्रीकाली के थान मोहल्ला पश्चिमी सादात कुंदरकी में कलश यात्रा का प्रारंभ किया गया। जो नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई मां चामुंडा स्थल पर पहुंची तथा मोहल्ला नुरुल्लाह स्थित प्राचीन श्री शिव मंदिर पर कलश स्थापित करने के बाद यात्रा संपन्न हुई यह सभी कलश शिव मंदिर में संपूर्ण नवरात्रि तक स्थापित रहेंगे जो अंतिम नवरात्रि नवमी को एक भव्य माता की चौकी आरती एवं प्रसाद वितरण के बाद वितरित किए जाएंगे इस शोभा यात्रा में मां की पालकी को भक्तों द्वारा अपने कंधे पर यात्रा प्रारंभ होने से यात्रा समाप्ति तक कंधों पर मां की पालकी झुलाई गई शोभा यात्रा मे मां के अलग-अलग स्वरूपों की नो झांकियां निकाली गई। इस दौरान कलश यात्रा में प्रेमपाल दिवाकर इंद्र कुमार अग्रवाल राजेश सागर अजय अग्रवाल शिव कुमार वर्मा हरीश दिवाकर सुभाष वाल्मकी बहुरन पाल शिशुपाल श्योराज सिंह सागर हरीश शर्मा प्रिंस चंद्रा प्रमोद शर्मा मुकेश वाल्मीक आदि महिलाएं का योगदान रहा। कलश यात्रा में कुंदरकी थाना अध्यक्ष जसपाल सिंहजचौकी इंचार्ज संजय कुमार त्यागी मय फोर्स के साथ रहे।



# नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम ने लिया ईदगाह की सफाई व्यवस्था का जायजा



**कांठ( शाह टाइम्स )** नगर पंचायत अध्यक्ष कांठ इकबाल आलम अंसारी ने आज ईदगाह की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और नमाज से पहले ईदगाह को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। सभासदो के साथ इकबाल आलम ईदगाह परिसर में पहुंचे और उन्होंने वहाँ की सफाई व्यवस्था को देखा उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि ईदगाह को बेहद अच्छे ढंग से साफ सुथरा किया जाए जिससे नमाजियों को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए।

उन्होंने बताया कि ईदगाह में आसपास के कुछ गांव से भी लोग आते हैं जबकि नगर से तो बड़ी संख्या में लोग यहां ईद की नमाज अदा करते हैं इसलिए ईदगाह स्थल पर सफाई व्यवस्था चूना डालकर लाइन बनाकर सब कुछ उन्होंने ठीक रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईद के दौरान नमाजिओ को किसी प्रकार की भी परेशानी का सामना न करना पड़े उन्होंने नगर के लोगों को नमाज के दौरान माकूल व्यवस्था दिए जाने का भरोसा भी दिलाया। इस मौके पर नगर पंचायत के कर्मचारी सभासद और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल ने हर्षोल्लास से मनाया हिंदू नववर्ष, तिलक कर किया स्वागत

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा बिसौली गेट स्थित अक्रूरजी प्लाजा मार्केट में हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पदाधिकारियों को चंदन का तिलक लगाकर और 'भारत माता की जय' के उद्घोष के साथ की गई। इस अवसर पर भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने बताया कि हिंदू नववर्ष का विशेष महत्व है, इसी दिन भगवान राम का राज्याभिषेक और भगवान झूलेलाल का जन्म दिवस भी माना जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय त्योहार विक्रम संवत के अनुसार ही मनाए जाते हैं और यह नववर्ष नई ऊर्जा, प्रगति और चेतना का प्रतीक है। कार्यक्रम में प्रभात कृष्णा, उमेशचंद्र वार्ष्णेय और जयशंकर दुबे ने अपने विचार रखे, वहीं जयशंकर दुबे ने कविता पाठ कर सभी को भावविभोर कर दिया। अंत में व्यापारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और विक्रम संवत पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग उठाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, जिला उपाध्यक्ष उमेशचंद्र वार्ष्णेय, जिला संगठन मंत्री रमेश ग्रेवाल, जिला मंत्री विपुल महाजन, जयशंकर दुबे, विपिन अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, धर्मेंद्र वार्ष्णेय, अंकित वार्ष्णेय, सागर गुप्ता, शाहआलम मंसूरी, चिंटू शर्मा, मोरि. हत सक्सेना, सुशील अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




### निगम की कार्रवाई के बाद फिर सजा गागन का साप्ताहिक बाजार

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र स्थित गागन तिराहे के पास लगने वाला साप्ताहिक बाजार गुरुवार को एक बार फिर चर्चा का केंद्र बन गया। सुबह के समय नगर निगम की प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर बाजार लगने से रोक दिया और वहां मौजूद दुकानदारों को हटाते हुए पूरे क्षेत्र को खाली करा दिया।नगर निगम की इस कार्रवाई के चलते कुछ समय के लिए बाजार पूरी तरह बंद रहा। सड़क किनारे जहां आमतौर पर दुकानों की भीड़ रहती है, वहां सन्नाटा पसरा नजर आया। टीम ने अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया। अधिकारियों ने दुकानदारों को निर्धारित स्थान पर ही बाजार लगाने की हिदायत दी।कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों में असंतोष भी देखने को मिला, लेकिन टीम की सख्ती के चलते सभी को मौके से हटना पड़ा। नगर निगम के अधिकारियों का कहना था कि अवैध रूप से सड़क किनारे बाजार लगने से जाम की समस्या उत्पन्न होती है और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।हालांकि, यह स्थिति ज्यादा देर तक नहीं रही। दोपहर बाद जैसे ही नगर निगम की टीम मौके से रवाना हुई, बाजार फिर से सजने लगा। धीरे-धीरे दुकानदार वापस लौटे और कुछ ही समय में पूरा क्षेत्र फिर से पहले की तरह सक्रिय हो गया।इस घटनाक्रम ने नगर निगम की कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक स्थायी समाधान नहीं निक. ाला जाएगा, तब तक इस तरह की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, प्रशासन से इस मामले में ठोस कदम उठाने की मांग की जा रही है।

# परिजनों ने अंतिम संस्कार से किया इन्कार

## बुधवार की रात दुकान में 65 वर्षीय बुधसेन ने की थी आत्महत्या

- कहा पहले एफआईआर दर्ज हो
- रिपोर्ट दर्ज होने के बाद हो सका अंतिम संस्कार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** रुपये के लेन देन के चलते बुधवार की रात दुकान में आत्महत्या करने वाले 65 वर्षीय बुधसेन का शव गुरुवार को जैसे ही कस्बे की गंगवार कॉलोनी स्थित घर पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया। किसी भी घटना को देखते हुए मृतक के घर के आसपास भारी तादात में पुलिस बल तैनात था। परिजनों ने एक स्वर में पुलिस से साफ-साफ कह दिया कि पहले आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाए, उसके बाद ही शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

परिजनों को क्योलड़िया इंस्पेक्टर वेद सिंह ने काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन वह बिना रिपोर्ट दर्ज करने के तैयार नहीं हुए। बुधवार की रात बुद्धसेन ने अपनी बिजली घर के निकट स्थित दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। बताया जाता है कि थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव सुनडयावा के रहने वाले मुकेश कुमार से इंजन पार्ट्स व्यापारी बुद्धसेन का रुपये को लेकर कुछ लेन देन था, जिसके चलते मुकेश कुमार ने नवाबगंज पुलिस को तहरीर दी थी, जिसपर पुलिस ने मृतक के पुत्र अखिलेश कुमार को थाने बिठा लिया था। आरोप है कि पुलिस ने मृतक को भी फोन कर हड़काते हुए थाने बुलाया था। एक सत्ता पक्ष के नेता की सिफारिश पर हिरासत में लिए गए अखिलेश कुमार कुछ देर बाद अपने घर पहुंच गए थे, लेकिन इस घटना से मृतक खासा सदमें में आ गए थे और कुछ देर बाद उन्होंने अपनी ही दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया था। आज गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम होकर दोपहर 2 बजे कस्बे पहुंचा, जहां परिजन रिपोर्ट दर्ज किए जाने पर अड़ गए।

इस मामले में मृतक के पुत्र दिनेश कुमार ने चौकी पुलिस के साथ ही ग्राम सुंडयाबा के मुकेश कुमार के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

### रिपोर्ट दर्ज होने के बाद हुआ अंतिम संस्कार

मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद दोपहर दो बजे उनके घर पहुंच गया था, परिजनों द्वारा पहले रिपोर्ट दर्ज किए जाने की जिद पर अड़ गए थे, उसके बाद पुलिस ने दिनेश कुमार की तहरीर पर ग्राम सुडयावा के मुकेश कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली, उसके बाद मृतक बुद्धसेन का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पुलिस भारी संख्या में श्मशान भूमि स्थल पर मौजूद रही।

# ईद-उल-फितर को लेकर प्रशासन अलर्ट



- एसडीएम व सीओ ने किया ईदगाहों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** आगामी ईद-उल-फितर को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। एसडीएम आलोक कुमार और क्षेत्राधिकारी मीरगंज अजय कुमार ने थानाध्यक्ष राजेश कुमार बैसला के साथ शाही क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न ईदगाहों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पुलिस चौकी दुनका एवं थाना शाही क्षेत्र में स्थित ईदगाहों का जायजा लिया। उन्होंने नमाज के दौरान भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल और पार्किंग व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संबंधित पुलिस कर्मियों और स्थानीय प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। एसडीएम आलोक कुमार ने कहा कि ईद के मौके पर बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करने के लिए ईदगाहों में एकत्रित होते हैं, ऐसे में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम बेहद जरूरी हैं। वहीं क्षेत्राधिकारी अजय कुमार ने बताया कि संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी।प्रशासन ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे त्योहार को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और किसी भी तरह की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# शौच के लिए निकली नाबालिग संदिग्ध हालात में लापता

- परिजनों का आरोप-युवक बहला-फुसलाकर ले गया, नामजद मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के एक गांव से 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने एक युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया, वहीं पुलिस ने मामले में नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी एक व्यक्ति की नाबालिग पुत्री मंगलवार रात करीब 10 बजे घर से शौच के लिए निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित पिता का आरोप है कि गिरधरपुर निवासी विनय पुत्र सुरेश, जो पड़ोस में आने-जाने वाले एक व्यक्ति का रिश्तेदार है, उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। परिजनों के अनुसार आरोपी का पहले से घर पर आना-जाना था, जिससे उसे परिवार की पूरी जानकारी थी। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले में आरोपी विनय पुत्र सुरेश निवासी गिरधरपुर थाना देवरनियां के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है, और किशोरी की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा। परिजनों ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बेटी की शीघ्र बरामदगी की मांग की है।

# "संकल्प से सिद्धि" थीम पर विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ

- नौ साल की उपलब्धियां हुई प्रदर्शित
- सांसद व विधायक ने पफीता काटकर किया उद्घाटन
- लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व आवास की चाबियां वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** ब्लॉक सभागार नवाबगंज में "संकल्प से सिद्धि, सुरक्षा-सुशासन-समृद्धि" थीम के तहत उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास प्रदर्शनी मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बरेली के सांसद छत्रपाल सिंह, नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. आशुतोष गंगवार ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने बीते 9 वर्षों में विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत दिव्यांग, आपदा पीड़ित और विधवाओं को आवास की चाबियां सौंपी गईं। इसके अलावा विकासखंड नवाबगंज के तीन प्रगतिशील किसानों को 80 प्रतिशत अनुदान पर ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रों की चाबियां प्रदान की गईं। आंगनबाड़ी बाल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा नौनिहालों के अन्नप्राशन जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदर्शनी में किशोरियों और महिलाओं के लिए सर्वाइकल वैक्सीन का विशेष कैंप भी लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी महेश चंद्र शाक्य, सहायक विकास अधिकारी पंचायत आशीष भटनागर सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नीतीश उपाध्याय ने किया।

इस दौरान सहायक विकास अधिकारी कृषि राधेश्याम गंगवार, रोहतास जैसवाल, देवेश देवल, मंडल अध्यक्ष गणेश गंगवार, राजू हिन्दुस्तानी, ब्रह्मदत्त अवस्थी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, क्षेत्रवासी और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जानवर बांधने के विवाद में बुजुर्ग पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** थाना क्षेत्र के गांव कुइयां रामसहाय में जानवर बांधने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक हो गया। दबंगों ने एक बुजुर्ग के घर में घुसकर बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी वृद्ध राम भरोसे का गांव के ही सुरेश कुमार से रास्ते में पशु बांधने को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि जब राम भरोसे ने सुरेश को रास्ते में जानवर बांधने से मना किया तो वह भड़क गया। बताया जाता है कि सुरेश अपने साथियों सुखलाल, संजीव, आकाश, गौरव और गोकिल के साथ मिलकर राम भरोसे के घर में घुस गया और उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में वृद्ध का सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने जातिसूचक गालियां दीं और घर में तोड़फोड़ भी की। शोर-शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

परिजन घायल अवस्था में राम भरोसे को लेकर थाने पहुंचे, जहां पुलिस को नामजद तहरीर दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

मामले की जांच की जा रही है।

# भाखड़ा नदी पर पुल निर्माण को मिली मंजूरी, पहली किस्त जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। सरकार ने मीरगंज तहसील के भाखड़ा नदी स्थित नरखेड़ा-सिंधौली घाट पर पुल निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रथम किश्त के रूप में 158.53 लाख रुपये अवमुक्त कर दिए गए हैं।

बताया जा रहा है कि नरखेड़ा-सिंधौली घाट पर पुल निर्माण की मांग क्षेत्र के ग्रामीण कई दशकों से करते आ रहे थे। इसको लेकर ग्रामीणों ने समय-समय पर आंदोलन भी किए। क्षेत्रीय विधायक ने भी कई बार विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया और मुख्यमंत्री व लोक निर्माण विभाग मंत्री को पत्र लिखकर पुल निर्माण की मांग की थी।प्रदेश सरकार ने 18 मार्च को पुल, पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग और सुरक्षात्मक कार्यों के लिए कुल 518.53 लाख रुपये की धनराशि चालू वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। पूरे प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 1481.53 लाख रुपये बताई गई है, जिसमें पुल के साथ-साथ संपर्क मार्गों का निर्माण भी शामिल है।

शासन के उप सचिव सुबास राय ने इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के प्रमुख अभियंता विकास को पत्र जारी कर राज्यपाल द्वारा दी गई वित्तीय स्वीकृति और धनराशि अवमुक्त किए जाने की जानकारी दी है। पुल निर्माण की स्वीकृति से क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलने की उम्मीद है।

# कमिश्नर ने कलेक्ट्रेट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- सरकारी आवासों के आवंटन, अभिलेखों के रखरखाव और कर्मचारियों के देयकों की ली जानकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कमिश्नर भूपेन्द्र एस. चौधरी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान डीएम अविनाश सिंह द्वारा उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया, वहीं पुलिस कर्मियों ने विधिवत सलामी दी।

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने जिलाधिकारी न्यायालय, नजारत अनुभाग, सामान्य अभिलेखागार, शस्त्र अनुभाग और राजस्व अभिलेखागार सहित कई महत्वपूर्ण पटलों पर पहुंचकर कार्यप्रणाली, साफ-सफाई और अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। नजारत अनुभाग में उन्होंने सरकारी आवासों के आवंटन की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि पिछले 10 वर्षों में आवंटित आवासों, खाली कराए गए आवासों और अभी भी कब्जे में चल रहे आवासों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। साथ ही आवासों से संबंधित बकाया की भी समीक्षा करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कमिश्नर को अवगत कराया कि जनपद में छह नए वाहन आ चुके हैं और एक इनोवा वाहन शीघ्र ही प्राप्त होगा। इस पर कमिश्नर ने पुराने वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया की भी जानकारी ली।

कमिश्नर ने सेवा पुस्तिकाओं के रखरखाव और सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों के देयकों के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी कर्मचारी का भुगतान लंबित नहीं है। गोपन अनुभाग के निरीक्षण के दौरान विभिन्न पत्रावलियों, ई-ऑफिस और ऑनलाइन कार्यप्रणाली की जानकारी ली गई। साथ ही कर्मचारियों के विरुद्ध लंबित मामलों और सीबीएसई बोर्ड से संबंधित मान्यताओं की स्थिति पर भी चर्चा की गई, जिसमें दो मान्यताएं लंबित पाई गईं।

डाक व्यवस्था की समीक्षा करते हुए बताया गया कि प्रतिदिन 150 से 200 डाक प्राप्त होती हैं और सभी का समयबद्ध निस्तारण किया जाता है। कमिश्नर ने डाक पटल पर कंप्यूटर व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। शस्त्र अनुभाग के निरीक्षण में उन्होंने लाइसेंसों के समय-समय पर नवीनीकरण की जांच कराने के निर्देश दिए, जबकि राजस्व अभिलेखागार में अग्निशमन व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आम जनता की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता और तय समय सीमा में किया जाए। इस मौके पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एडीएम वित्त/राजस्व संतोष कुमार सिंह, एडीएम नगर सौरभ दुबे, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बहेड़ी में चोरी की दो वारदातें, मोबाइल व साइकिल पार

- सीसीटीवी में कैद हुआ चोर, पुलिस जांच में जुटी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कस्बे में चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। चोरों ने एक घर से दो मोबाइल फोन और दूसरे स्थान से साइकिल चोरी कर ली। दोनों ही वारदातें सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला टांडा गली बाबू वर्फ वाली निवासी अयाज उर्फ लल्लू के घर से अज्ञात चोर ने सुबह करीब 7 बजे दो मोबाइल फोन चोरी कर लिए। पीड़ित के अनुसार, जब वह सुबह सोकर उठा तो उसके दोनों मोबाइल वीवो और पोको घर में नहीं मिले। काफी तलाश के बाद भी मोबाइल नहीं मिले, जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। फुटेज में एक अज्ञात व्यक्ति मोबाइल चोरी करते हुए दिखाई दिया है। पीड़ित ने बताया कि उसने चोर की पहचान के लिए आसपास लोगों से पूछताछ भी की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका।

उसे आशंका है कि चोर मोबाइल का दुरुपयोग कर सकता है। इस संबंध में थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं दूसरी घटना मोहल्ला इस्लाम नगर की है, जहां भाजपा नेता व बहेड़ी राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष नईम अहमद के घर से अज्ञात चोर साइकिल चोरी कर ले गया। यह घटना भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में आक्रोश है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान कर जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

# विवाहिता को ससुराल में बेरहमी से पीटा

- बाल पकड़कर जमीन पर गिराया
- लाठी-डंडों से पीटा, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम चराईडांडी में विवाहिता के साथ ससुराल पक्ष द्वारा बेरहमी से मारपीट किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुर, सास और देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार अनीता देवी की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व हरीश कुमार के साथ हुई थी। पति के दिल्ली में रहकर मजदूरी करने के कारण वह अपने बच्चों के साथ गांव में ही रहती है। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर ससुर घासी राम, सास जमुना देवी और देवर वीरेश आए दिन उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करते थे। पीड़िता ने बताया कि कई बार उसे बच्चों सहित घर से निकाल दिया गया।

हाल ही में जब वह अपना सामान एक घर से दूसरे घर ले जा रही थी, तभी ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया गया, और फिर लात-घूंसों, लाठी-डंडों व ईंटों से जमकर पिटाई की गई। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह विवाहिता को बचाया। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई।

इस हमले में उसे गंभीर चोटें आई हैं। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए घासी राम, जमुना देवी और वीरेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


### सूचना

मैंने अपने पुत्र मो. नाजिम व उसकी पत्नी कशफी के गलत संगत में पड़ने के कारण उससे व उसकी पत्नी से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके किसी भी कृत्य या लेनदेन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**जलील अहमद पुत्र अब्दुल रसीद**
**निवासी-मोहल्ला तलपुरा, कस्बा व तहसील बहेड़ी, जिला बरेली**


## एक नजर

### ट्रक हादसे में घायल चालक की दिल्ली में मौत, परिवार में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम लभेड़ा दुर्गाप्रसाद निवासी 34 वर्षीय अनिल कुमार की सड़क हादसे में घायल होने के बाद इलाज के दौरान दिल्ली में मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिल कुमार पुत्र रामपाल बिहार में जीएनआर कंपनी में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत था। बीती 5 मार्च को सुबह करीब 4 बजे वह ट्रक संख्या भ्त 58क 7081 में कोयले की जली राख लेकर नवी नगर से बक्सर जा रहे था। इसी दौरान सूरज लाइन होटल के पास उनका ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े बिजली के खंभे से जा टकराया।हादसे में अनिल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बरेली रेफर किया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान गुरुवार को उन्होंने दम तोड़ दिया।अनिल कुमार अपने पीछे मां खूबकली, पत्नी सुनीता, तीन बेटियां रूबी, हीर, अनामिका और एक पुत्र आदित्य कुमार को रोता-बिलखता छोड़ गए हैं।

### प्रधान के घर चोरी, नकदी व लाखों के जेवरात पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रधान के घर अज्ञात चोरों ने देर रात धावा बोलकर नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी प्रधान राजेंद्र पाल बुधवार रात करीब 12:30 बजे अपने परिजनों के साथ सो गए थे। रात करीब तीन बजे उनकी पत्नी सावित्री देवी की आंख खुली तो उन्होंने कमरे और संदूक के टूटे ताले देखे। इसके बाद उन्होंने अपने पति को जगाया। कमरे में सामान बिखरा पड़ा देख प्रधान ने घर के अन्य सदस्यों को भी उठाया और तुरंत पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और रात में ही चोरों की तलाश शुरू कर दी, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। गुरुवार सुबह प्रधान ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।प्रधान राजेंद्र पाल ने बताया कि चोर संदूक में रखे करीब 70 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। इनमें सोने के दो तिलक, एक नथ, चार चूड़ी, दो चेन, चार बिछुआ, एक जोड़ी पायजेब, चांदी का मंगलसूत्र व दो जोड़ी खड्डुआ शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जेवर उनके व उनके भाई की पत्नी के थे।प्रधान के अनुसार घटना के समय वह अपने कमरे में सो रहे थे, जबकि उनकी पत्नी और पुत्री बरामदे में सो रही थीं। चोर मुख्य गेट से घर में घुसे और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### पुलिस ने जुआं खेलते दो लोगों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना पुलिस ने शांति व्यवस्था चेकिंग के दौरान रहपुरा अंडरपास के पास रबर फैक्ट्री के खाली मैदान में जुआं खेल रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम नन्हे खां और हसीब खां निवासी ग्राम ठिरिया खेतल बताया । तलाशी में दोनों के पास से कुल 1700 रुपये नगद, एक मोबाइल फोन व 52 ताश के पत्ते बरामद हुए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ जुआं की धारा 13 के तहत कार्यवाही की है।

### भूमि की पैमाइश के दौरान भिड़े गाली गलौज कर दौड़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** भूमि की नपत कराने पहुंचे एक युवक को एक दबंग के गुस्से का सामना करना पड़ा। युवक को वहां देख दबंग ने उससे गाली गलौज कर उसे डंडा लेकर मौके से दौड़ा दिया। घटना की तहरीर युवक की ओर से थाना नवाबगंज में दी गयी है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव ईंधजागीर के रहने वाले नानक चन्द्र पुत्र जोगराज ने तहसील कार्यालय के सामने स्थित सब्जी बाजार की जमीन के सीमांकन के लिए एसडीएम कोर्ट में वाद दायर किया था। न्यायालय के आदेश पर गुरुवार को लेखपाल और नगर पालिका परिषद की टीम के साथ नानक चन्द्र मौके पर गए थे। नानक का आरोप है कि इसी दौरान वहां मौजूद एक दबंग ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी, और हाथ में डंडा लेकर उसे दौड़ा लिया। घटना की तहरीर नानकचन्द्र की ओर से थाना नवाबगंज में दी गयी है। दूसरी ओर स्थल के स्वामी मो0 शफी ने भी पुलिस को एक तहरीर देकर नानक चन्द पर दो लाख रुपए रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। मो. शफी का आरोप है कि नानक चन्द झूठी शिकायतें कर उनसे रुपये ऐंठने का काम करता है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है।

### शराब के नशे में बाइक सवार गिरा, गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** स्थानीय क्षेत्र में एक व्यक्ति शराब के नशे में बाइक चलाते समय सड़क हादसे का शिकार हो गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। जानकारी के अनुसार, सुजातपुर निवासी रहीम पुत्र अफसर अली बच्चों के कपड़ों की मोटरसाइकिल से फेरी लगाकर अपना जीवन यापन करता है। बताया जा रहा है कि वह शराब के नशे में चुरई दलपतपुर रोड कपूरताल के पास मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। हादसे में उसके शरीर पर गंभीर चोटें आईं और वह खून से लथपथ हो गया।शाम तक घर नहीं पहुंचने पर उसकी मां ने मोबाइल पर संपर्क किया। फोन राहगीरों ने उठाया और घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही उसकी मां मौके पर पहुंची और घायल को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरगंज में भर्ती कराया।

### आज अदा की जाएगी जुमा तुल विदा की नमाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आज दरगाह आला हजरत पर ईद का चांद देखने का एहतिमाम किया गया। लेकिन आसमान पर चांद नहीं नजर आया। दरगाह के सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि अब 30 का चांद मानते हुए ईद उल फितर का त्यौहार 21 मार्च शनिवार को मनाया जाएगा। 20 मार्च जुमा को जुमा-तुल-विदा की नमाज अदा की जाएगी। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि 1999-2000 के बाद रमजान माह में इस बार 5 जुमे पड़े। इस तरह 20 मार्च को रमजान का आखिरी जुमा मानते हुए जुमा तुल विदा की नमाज अदा होगी। मुख्य नमाज किला की जामा मस्जिद में डेढ़ बजे और सबसे आखिर में दरगाह आला हजरत पर साढ़े तीन बजे नमाज अदा की जाएगी। इस मौके पर आज दरगाह परिसर में टीटीएस की एक बैठक हुई जिसमें जिला प्रशासन से ईद के मौके पर ईदगाह समेत शहर की सभी प्रमुख दरगाहों, खानकाहों और मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई, प्रकाश व्यवस्था कराने के साथ सुरक्षा व्यवस्था चाक चौकन्द रखने की मांग की गई। इस मौके पर औरंगजेब नूरी, अजमल नूरी, हाजी जावेद खान, ताहिर अल्वी, परवेज नूरी, मंजूर रजा, मुजाहिद बेग, नाजिम रजा, सुहैल रजा, शाद रजा आदि लोग मौजूद रहे।

### बिजली चोरी में आधा दर्जन उपभोक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** ग्रामीण क्षेत्र में गुरुवार को विजली विभाग ने चोरी से बिजली जलाते हुए आधा दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं को पकड़कर उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अवर अभियंता मोहित कुमार ने टीम के साथ गुरुवार को क्षेत्र के गांव बीजामऊ में सनी पुत्र ओमप्रकाश, अरविन्द पुत्र सुन्दर लाल, दुर्वेश कुमार पुत्र सूरजभान ग्राम विथरी के अनिल कुमार पुत्र दामोदर स्वरूप, मुन्नी लाल पुत्र ताराचंद, अनीता देवी पत्नी रामस्नेही, बृजमोहन पुत्र अहवरन लाल व टीकाराम पुत्र रामभरोसे लाल ग्राम विथरी को बिल जमा न किए जाने पर कनेक्शन काटे जाने के बाद बिना बिल जमा किए ही कनेक्शन जोड़े जाने पर उन्हें रंगे हाथों पकड़कर उनके खिलाफ धारा 138वी के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। टीम में नरेन्द्र कुमार, योगेश शर्मा, मदन लाल और गुड्डू शामिल रहे। अवर अभियंता मोहित कुमार वर्मा ने बकाएदार उपभोक्ताओं से बिल जमा करने की अपील की है।

## एक नजर

### रासेयो शिविर का समापन



**धामपुर।** आरएसएम डिग्री कॉलेज के रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन दिवस की थीम 'जल जीवन मिशन' पर आधारित रही। समारोह का शुभारंभ प्राचार्या द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं लक्ष्यगीत गायन के साथ किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिनमें नशामुक्ति पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक, देशभक्ति समूह गीत, स्वच्छ भारत पर समूह नृत्य, मतदाता जागरुकता पर नुक्कड़ नाटक, जलवा गीत पर समूह नृत्य, महंगाई पर लोकगीत तथा संदेश गीत पर समूह नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। तथा शिविर के दौरान आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के विजेता स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। इस मौके प्राचार्य प्रो. रश्मि रावल ने स्वयंसेवकों की मेहनत, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण को सराहा। इस दौरान प्रो. ओपी मौर्य, डा. आकाश, डा. अनिल यादव, डा. राजेंद्र चौधरी, डा. धनीराम, लाखन सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रश्मि रावल ने की तथा स्फल संचालन डा. रवि धनकड़ स्वयंसेवक राजाराम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

### शक्तिपीठ पर सामूहिक भजन कार्यक्रम



**धामपुर।** राजपूत विहार कॉलोनी स्थित अनंत श्री शिव शक्तिपीठ एवं संस्कारशाला पर आज से प्रारंभ हुए चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन माता रानी का दिव्य पूजन एवं श्रृंगार कार्यक्रम तथा सामूहिक भजन उच्चारण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों ने माता रानी की पावन भेटों के सामूहिक उच्चारण से माता रानी के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की तथा प्रत्येक सनातन परिवार में शांति खुशहाली एवं समृद्धि का वातावरण बनाए रखने की कामना की। कार्यक्रम में आचार्य डा. दिनेश चंद्र भारद्वाज ने अपने आध्यात्मिक प्रवचनों के माध्यम से आश्रम द्वारा चलाए जा रहे गौरी गौशाला अभियान कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवरात्रों के दौरान जो भी भक्त परिवार गौ माता की सेवा करते हैं, उन्हें मां दुर्गा की कृपा एवं अनुकंपा प्राप्त करने का सौभाग्य मिलता है। संस्कार शाला आयोजित कार्यक्रम के मुख्य यजमान राजीव कुमार त्यागी एवं उनकी धर्म पत्नी बबीता त्यागी रहीं। इस मौके पर निकुंज शर्मा, महिपाल सिंह, प्रमोद भारद्वाज, आदर्श कुमार, शालू वर्मा, कविता भारद्वाज, अनीता वर्मा, ललित बाला, संदीप चौहान, निशि रस्तोगी, अर्चना सिंह, पारुल चौहान, तुलसी आदि मौजूद रहे।

### अक्षर संस्था के अभियान की सराहना




**धामपुर।** अक्षर संस्था द्वारा राष्ट्रीय हित में चलाए जा रहे अभियान 'एक रुपया प्रतिदिन देश के नाम' के अंतर्गत इस वर्ष दो लाख रुपए का ड्राफ्ट पीएम रिलीफ फंड के लिए भेजा गया। अक्षर संस्था अब तक कुल 36 लाख 56 हजार रूपए इस कोष में भेज चुकी है। बीती रात शुभम मंडप में संस्था द्वारा आयोजित अपने वार्षिक उत्सव में विधायक अशोक कुमार राणा ने अभियान को राष्ट्रीय भावना के लिए प्रेरक प्रयास बताते हुए, जन सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। डा. सूर्यमणि रघुवंशी ने धामपुर नगर को सांस्कृतिक शहर बताते हुए, यहां किए जा रहे बहुआयामी लेकिन रचनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए, इन्हें प्रेरक बताया तथा इस अभियान को सराहनीय बताया। कार्यक्रम में कवियत्री सूची शर्मा ने सारगर्भित कविताएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम में अभियान से जुड़े सैकड़ों लोगों ने भागीदारी की। इस मौके पर ज्योति राणा, नीरज सिंह, सूची शर्मा, डा. शिखा सिंह, दीपक अग्रवाल, सुमित महेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

### गृह जनपद में स्थानांतरण की मांग



**बिजनौर।** दम्पति शिक्षक संघ ने बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा विभाग को ज्ञापन भेजा। जिला संयोजक दिनेश राय ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया कि उ.प्र.बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत अनेक शिक्षक ऐसे कार्यरत हैं, जिनके जीवनसाथी भी सरकारी सेवा में भिन्न-भिन्न जनपदों में कार्यरत है। अलग-अलग जनपदों में कार्यरत होने के कारण परिवारिक, सामाजिक तथा मानसिक स्तर पर अनेक प्रकार की कठिनाईयों का सामाना कराना पड़ता है, परिवारिक विछोह एवं कार्यरत स्थल की दूरी का प्रभाव न केवल उनके निजी जीवन पर पड़ता है, बल्कि उनकी कार्य क्षमता मनोबल एवं शैक्षणिक योगदान पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। विभिन्न स्तरों पर दम्पति शिक्षकों द्वारा बार-बार निवेदन किए जाने के उपरांत भी अभी तक दम्पति शिक्षकों का पति-पत्नी के कार्यरत जनपद या गृह जनपद में स्थानांतरण संभव नहीं हो सका। जबकि शासन एवं विभाग द्वारा समय-समय पर दम्पति शिक्षकों के स्थानांतरण को प्राथमिकता देने कि घोषणा की जाती रही है, परंतु व्यवहार में यह व्यवस्था अभी तक प्रभावी रूप से लागू नहीं हो पाई। उन्होंने इस न्यायोचित मांग को अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा विभाग तक पहुंचाने का अनुरोध किया है। इस मौके पर जिला सह संयोजक आशीष बालियान, तुषार चौहान, अमित तिवारी एवं अमरदीप चौधरी आदि दम्पति शिक्षक मौजूद रहे।

# धामपुर में 'बयान युद्ध' तेज

## विधायक अशोक राणा और सपा नेता मनोज जज आमने-सामने

**अभिषेक गुप्ता**

**धामपुर।** पुराना धामपुर क्षेत्र में हुए विवाद का मामला अब पूरी तरह राजनीतिक रंग ले चुका है। जहां शुरुआत में यह मामला कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक कार्रवाई तक सीमित दिखाई दे रहा था, वहीं अब इस पर राजनीतिक बयानबाजी ने नई बहस को जन्म दे दिया है।

घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही, जिसको नियंत्रित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर प्रयास किए गए। लेकिन जैसे-जैसे मामला शांत होता दिखा, वैसे-वैसे सियासी बयान सामने आने लगे और अब यह मुद्दा राजनीतिक मंचों से लेकर सोशल मीडिया तक चर्चा का विषय बन गया है।

इसी क्रम में समाजवादी पार्टी से जुड़े और लोकसभा चुनाव लड़ चुके पूर्व जज मनोज कुमार ने सोशल मीडिया के जरिए अपना पक्ष रखते हुए भाजपा विधायक अशोक राणा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने विधायक के उस बयान को निशाने पर लिया, जिसमें 'योगी-मोदी स्टाइल' में कार्रवाई की बात कही गई थी।

पूर्व जज मनोज कुमार ने कहा कि धामपुर में कानून का शासन है और यहां किसी भी प्रकार की कार्रवाई कानून के दायरे में ही होनी चाहिए, न कि किसी राजनीतिक शैली के आधार पर। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस तरह के बयान केवल जनता के बीच अपनी लोकप्रियता बढ़ाने और राजनीतिक पहचान मजबूत करने के उद्देश्य से दिए जाते हैं।




### पुराना धामपुर विवाद के बाद सियासत गरमाई

वहीं, सपा नेता के इस बयान पर भाजपा विधायक अशोक राणा ने भी कड़ा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी पहचान बनाने या नाम चमकाने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि नाम चमकाने की जरूरत सपा नेता को है, जो समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर उस उम्मीदवार से हार चुके हैं, जिसके नाम के साथ 'रावण' जुड़ा हुआ है।

विधायक ने आगे कहा कि यदि हार किसी 'राम' या 'विदुर' जैसे नाम वाले व्यक्ति से होती, तो उसे एक सम्मानजनक हार माना जा सकता था। उनके इस बयान ने राजनीतिक बयानबाजी को और तीखा बना दिया है।

अशोक राणा ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने जनता से केवल इतना कहा था कि प्रशासन को स्थिति संभालने के लिए पांच घंटे का समय दिया जाए, ताकि शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल हालात को सामान्य करना था, न कि किसी प्रकार की राजनीतिक बयानबाजी करना।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद धामपुर की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच भी इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज है। एक ओर जहां सपा इसे राजनीतिक बयानबाजी बता रही है, वहीं भाजपा इसे कानून-व्यवस्था बनाए रखने की पहल बता रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस तरह के बयान न केवल स्थानीय राजनीति को प्रभावित करते हैं, बल्कि आने वाले समय में क्षेत्रीय चुनावी समीकरणों पर भी असर डाल सकते हैं। धामपुर में अब मुद्दा सिर्फ विवाद का नहीं रहा, बल्कि यह भी तय हो रहा है कि राजनीति 'स्टाइल' से चलेगी या कानून के दायरे में रहेगी।

### सोशल मीडिया बना 'सियासी अखाड़ा'

पुराना धामपुर विवाद के बाद दोनों नेताओं के बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। समर्थक अपने-अपने नेता के पक्ष में पोस्ट और कमेंट कर रहे हैं, जिससे यह मुद्दा और अधिक चर्चा में आ गया है।

### 'स्टाइल' बनाम 'कानून' की बहस

जहां एक ओर 'योगी-मोदी स्टाइल' की बात हो रही है, वहीं दूसरी ओर 'कानून का राज' का मुद्दा उठाया जा रहा है। ऐसे में यह बहस अब प्रशासनिक कार्रवाई से ज्यादा राजनीतिक विचारधारा की बनती जा रही है।

# गौ-आश्रय स्थल से दो गौवंश चोरी

## जंगल में अवशेष मिलने से कटान की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम तुराबनगर स्थित अस्थायी गौ-आश्रय स्थल से दो गौवंश चोरी हो गए हैं। सुबह पशुओं की गिनती के दौरान यह घटना सामने आई। बाद में पास के बाजीदपुर जंगल में गौवंश के अवशेष मिलने से उनके कटान की आशंका बढ़ गई है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार तुराबनगर की गौशाला में 110 गौवंश संरक्षित थे। आज सुबह जब केयरटेकर दयाराम सिंह व हैप्पी ने पशुओं की गणना की, तो वहां केवल 108 गौवंश ही मौजूद मिले। दो पशुओं के गायब होने की सूचना तत्काल ग्राम प्रधान और स्थानीय पुलिस को दी गई।



गौवंश की तलाश के दौरान पास के बाजीदपुर के जंगल में उनके अवशेष मिलने की खबर से स्थिति गंभीर हो गई। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि चोरी किए गए गौवंश का कटान किया गया है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए एएसपी पूर्वी अमित कुमार श्रीवास्तव, सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय और एसडीएम स्मृति मिश्रा, बीडीओ प्रताप सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी अनुराग चौधरी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने गौशाला के कर्मचारियों और आसपास के लोगों से गहन पूछताछ की है। साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गौशाला से दो पशु कम पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और दोषियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखी गई है।

# रामपुर नजराना में ऐतिहासिक रोजा इफ्तार

## इस्लामुद्दीन मंसूरी की इफ्तार पार्टी में विधायक स्वामी ओमवेश भी हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम पंचायत रामपुर नजराना निवासी इस्लामुद्दीन मंसूरी ने अपने निवास पर रमजान के मुकद्दस महीने में ऐतिहासिक रोजा इफ्तारी का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों, समाजसेवी एवं व्यापारियों, भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा कार्यकर्ताओं आदि ने शिरकत की।

इस मौके पर चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश भी अपनी टीम के साथ शामिल हुए। रोजा इफ्तारी पर इस्लामुद्दीन मंसूरी ने कहा कि रोजा इफ्तार कराना बहुत बड़ा पुण्य का काम है। इस तरह के आयोजन अपने-पराये को एक साथ मिल बैठने का अवसर प्रदान करते है।



उन्होंने अपने भाई इमरान मंसूरी भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष के साथ रोजा इफ्तारी में शामिल होने वाले सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष इमरान मंसूरी ने कहा कि हमारी सदा यही इच्छा रही है कि हम सबको साथ जोड़कर चले और अपने क्षेत्र का विकास और अपने ग्रामीणों को सम्मान दिलाने का काम करें। मेरा मकसद यही है कि आगामी ग्राम पंचायत चुनाव में अपनी पंचायत के विकास और नागरिक सम्मान के लिए चुनाव की फाइनल तैयारी है। विधायक स्वामी उमेश ने भी इस्लामुद्दीन मंसूरी को युवा दिलों की धड़कन बताया और कहा कि इस्लामुद्दीन और इमरान मंसूरी दोनों ही क्षेत्र में युवाओं की पहली पसंद बने हुए हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में पूर्व प्रधान और बीडीसी सदस्य सपा, इस्लामुद्दीन प्रधान, तौकीर मंसूरी, रईस प्रधान, रईस मंसूरी, कालू सैनी, जॉनी सैनी, किशन पाल, अख्तर मालिक, शानू प्रधान, मोंटी यादव, सजाजुद्दीन अंसारी, नौशाद मंसूरी, निजाम मंसूरी, जैद आलम, फरमान जैदी, मोनिस मंसूरी, शारुख मंसूरी, अफजाल भाई, इमदान भाई, नबील सर, रिज़वान चौधरी, अय्यान चौधरी, नसीम चौधरी आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पालिका ने अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** प्रशासन व नगर पालिका द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया गया। अभियान के दौरान एचडीएफसी बैंक के आसपास स्थित होटलों और अन्य प्रमुख स्थानों पर विशेष कार्रवाई की गई।

प्रशासन की टीम ने सड़क किनारे लगे ठेली-ठेले, दुकानों के बाहर किए गए अवैध कब्जों और रास्ते में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाया। जेसीबी की मदद से कई जगहों पर अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। जिससे मुख्य मार्गों पर यातायात सुगम हो सके। पालिका ईओ ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण कर बाधा उत्पन्न करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर के व्यस्त इलाकों में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




अभियान में पालिका स्टाफ, हल्का लेखपाल, हेड क्लर्क तथा भारी पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और कई लोगों ने स्वयं ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि इस तरह के अभियान से शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और आम जनता को राहत मिलेगी।


## एक नजर

### तरावीह में कुरान पाक की तकमील



**नगीना।** मस्जिद फारुकी, जामिया अल-अबरार में उन्नतीसवीं शब के मौके पर रूहानी और ईमान अफरोज माहौल में नमाए-ए-तरावीह के दौरान कुरान करीम की तकमील का एहतिमाम किया गया। यह सआदत मुफ्ती फहीम अहमद नगीनवी के साहबजादे मुफ्ती अहमद सिद्दीकी को हासिल हुई, जबकि सामेअ के फर्ज अब्दुल्लाह बिन अजीम अहमद ने बेहतरीन अंदाज में अदा किए। तकमीले कुरआन के इस रूहपरवर मौके पर मस्जिद में बड़ी तादाद में अकीदतमंदों और इलाके के लोगों की मौजूदगी रही। इखतितामी जलसे में मुफ्ती फहीम अहमद साहब नगीनवी ने खिताब करते हुए कुरान करीम की अहमियत, उसके पैगाम को जिंदगी में लागू करने की जरूरत और रमजान के बाकी लम्हात को कीमती बनाने पर जोर दिया। उन्होंने खास तौर पर इस बात की तरफ तवज्जो दिलाई कि सिर्फ तरावीह में कुरान सुन लेना काफी नहीं है, बल्कि हर मुसलमान के लिए खुद तिलावत-ए-कुरान की पाबंदी भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि कुरान करीम से गफलत ही हमारी परेशानियों और मसाइल का एक बड़ा सबब है। इस तकरीब में शहर की कई मुअज्जिज शख्सियतों ने शिरकत की, जिनमें शेख शाहनवाज खलील, उमर फारूक, डा. अहमद नवीद फारूकी, अजीम अहमद, एजाज अहमद उर्फ गुड्डू, हाफिज सिद्दीक, फारूक ठेकेदार और अन्य गणमान्य लोग शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक दुआ की गई। जिसमें उम्मत-ए-मुस्लिमह की भलाई, देश और कौम की सलामती, देश में अमन-ओ-अमान कायम रहने और आलम-ए-इस्लाम की तरक्की के लिए खास दुआएं की गईं।

### एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल



**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड इंर्फोमेशन टेक्नोलॉजी के एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। समाज कार्य विभाग के विभाग अध्यक्ष गोपाल स्वरुप सिंह ने बताया कि एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर में गौतम कुमार ने प्रथम, हिमानी चौधरी ने द्वितीय तथा हिमांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही उत्तम रहा है। हमारा निरंतर यही प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, सहायक प्रवक्ता अनुज कुमार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई



**नहटौर।** क्षेत्र के कश्मीरी-कलाली मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक सड़क हादसा हो गया। गारवपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खजूर के पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार में सवार दो बच्चों को चोटें आईं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार संख्या UK07AX3114 मुस्सेपुर पाली से गंगवाली की ओर जा रही थी। कार के पेड़ से टकराकर रुक जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। यदि कार पेड़ से न टकराती, तो वह पास की नहर में गिर सकती थी, जिससे गंभीर परिणाम हो सकते थे। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थानीय निवासी कमल कुमार, अशोक कुमार और अभिषेक कुमार ने बताया कि कार काफी तेज गति में थी। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाने में मदद की। ग्रामीणों ने बताया कि कार तेज रफ्तार में थी और अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। पेड़ से टकराने के कारण कार नहर में गिरने से बच गई।

### नवरात्र के प्रथम दिन शैलपुत्री की पूजा



**धामपुर।** नगीना मार्ग स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कालियावाला सहित नगर के विभिन्न मंदिरों में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन हजारों की संख्या में पहुंचे माता रानी के भक्तों तथा श्रद्धालु एवं सनातन परिवारों ने माता रानी के पावन स्वरूप शैल पुत्री मां का पूजन किया। इस दौरान भक्तों ने माता रानी से सभी सनातन परिवारों में अपनी कृपा एवं अनुकंपा बनाए रखने की कामना की। पूजा-अर्चना के दौरान सभी मंदिर माता रानी के पावन जयकारों तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से उच्चरित हो रहे भजनों और भेंटों से जगदंबिका मय बने रहे। मंदिर कालियावाला के बाहर सजी हुई दुकानों पर श्रद्धालु परिवारों ने पूजा-अर्चना से संबंधित सामग्री की खरीदारी करते हुए, संबंधित सामग्री माता रानी के चरणों में अर्पित की तथा उपवास भी रखा। जबकि नव विवाहित दंपतियों ने मां के चरणों में संतान प्राप्ति की प्रार्थना की। सभी मंदिरों में प्रबंध समिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा प्रभावी व्यवस्थाएं की गई। पालिका की ओर से पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह व ईओ रवि शंकर शुक्ला के निर्देश पर विशेष सफाई अभियान चलाकर चूने आदि का छिड़काव भी कराया गया। उधर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सीओ अभय कुमार पांडेय व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस कर्मियों को मंदिर कालियावाला सहित सभी मंदिरों पर तैनात किया गया।


**मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद**

सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक-अफजलगढ़



**मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद**

आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



**मुकद्दस रमजान की बधाई**

मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



**मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद**

मकसूद अहमद अंसारी
( ठेकेदार )
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



























# चालक को झपकी आने पर खम्भे से टकरायी कार

## पांच लोग सवार थे कार में, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रजबपुर।** थाना क्षेत्र में एक कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। कार में सवार पांच लोग बाल-बाल बच गए। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ।

यह घटना अमरोहा-अतरासी मार्ग पर बुधवार तड़के करीब 5 बजे गांव खालकपुर के पास हुई। बताया जा रहा है कि कार चालक को नींद की झपकी आने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पोल से जा टकराया। कार सवार लोग गाजियाबाद से कांठ की ओर जा रहे थे। जिनमें एक मरीज भी था। हादसे के तुरंत बाद कार के एयरबैग खुल गए, जिससे सभी पांच यात्री सुरक्षित रहे। टक्कर इतनी भीषण थी कि बिजली का पोल दो हिस्सों में टूट गया। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, कार सड़क से उतरकर किनारे की ओर मुड़ गई और पोल से टकराकर रुक गई, जिससे यातायात प्रभावित नहीं हुआ। कार चालक की पहचान कांठ थाना क्षेत्र के गांव गड़ी सलेमपुर निवासी वीर सिंह के रूप में हुई है। हादसे के बाद कार सवारों के परिजन मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी गई है।

# रेडिमेड दुकानों व शूज प्वाइंट पर उमड़ी भीड़

## ईद की खरीदारी को लेकर सारी रात गुलजार रहे बाजार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ईद की तैयारियों को लेकर बृहस्पतिवार को बाजार में सुबह से लेकर देर रात तक चहल कदमी रही। दुकानों पर भीड़ उमड़ी रही, किसी ने कुर्ता पजामा खरीदा तो किसी ने खुद को महकाने के लिए इत्र खरीदा। पसंदीदा कपड़ों की चाहत में युवा एक दुकान से दूसरी दुकान घूमते नजर आए। बाजार दूधिया रोशनी से नहाए रहे। रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर भीड़ रही तो वही शूज प्वाइंट भी फुल रहे। शहर के ब्यूटी पार्लर पर भी महिलाओं की भीड़ उमड़ी। लोगों ने ईद की मेहमानदारी के लिए सिवाई व अन्य पकवान बनाने का सामान भी खरीदा। बाजार मे। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस भी मुस्तैद रही।

मुकद्दस रमजान का 29वां रोजा बीतने के साथ बाजारों मे खरीदारी को भीड़ उमड़ पड़ी। कोई खाने का सामान खरीद रहा था, तो कोई कपड़े खरीद रहा था। टेलरों को तो रात भर एक मिनट की फुर्सत नहीं मिली। ईद की नमाज अदा करने के लिए लोग ने कुर्ता पजामा टोपी, तस्बीह व इत्र की खूब खरीदारी की। महिलाओं ने सूती व सिल्क कपड़े ,रंग बिरंगी चूड़ियां, लिपस्टिक, नेल पेंट्स की जमकर खरीदारी की। युवाओं में जींस और टी शर्ट्स की खरीदारी का क्रेज दिखा। शीर व अन्य पकवान के लिए भारी मात्रा में दूध और मेवा की बिक्री हुई। देर रात दुकानों खुली रही ओर बाजारों में चारों तरफ रौनक ही रौनक दिखाई दी।

# जाम की गिरफ्त में रहा मेन बाजार

## ई-रिक्शाओं ने बढ़ाई समस्या, खरीदारों व दुकानदारों को उठानी पड़ रही परेशानी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ईद की खरीदारी को लेकर बाजारों में भीड़ उमड़ी है। शहर के मुख्य बाजार मे ऑटो, ई रिक्शा व दो पहिया वाहनों की नो एंट्री न होने से कोट चौराहे से लेकर कोतवाली तक लोगों को जाम से जूझना पड़ रहा है। खरीदार व दुकानदार दोनों ही जाम की मार झेल रहे है। त्यौहार के मद्देनजर यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया जिस कारण लोगो को जाम से जूझना पड़ रहा है। शनिवार को ईद का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। जिसको लेकर बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ी है और मैन बाजार में कोट चौराहे से लेकर कोतवाली तक दुकानें ग्राहकों से फुल है। त्यौहार के मद्देनजर यातायात व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस ने कोई व्यवस्था नहीं की बाजार मे ऑटो व रिक्शा धड़ल्ले से दौड़ रहे है, जिस कारण पूरा बाजार जाम की गिरफ्त में है। दुकानदारों का कहना कि बाजार मे वाहनों की आवाजाही पर रोक लगे और ऑटो व ई रिक्शा के रूट निर्धारित किया जाए, जिससे त्यौहारों पर दुक. ानदारों व खरीदारों को आसानी हो।

# शराब कांड के दो दोषियों को सात-सात साल की सजा

## कोर्ट ने तीन हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सैदनगली थाना क्षेत्र से जुड़े 13 साल पुराने अपमिश्रित शराब मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। एडीजे तृतीय की अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए सात-सात साल की सजा और 1500-1500 का जुर्माना लगाया।

यह मामला सैदनगली थाने से जुड़ा था। मुरादाबाद के तत्कालीन आबकारी निरीक्षक मुन्नीराम ने 18 मई 2013 को सैदनगली क्षेत्र में छापा मार संभल शहर की शहजादी सराय निवासी राकेश और सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव मन्नीखेड़ा निवासी अशोक को पकड़ा था। दोनों के कब्जे से अपमिश्रित शराब बरामद की थी। साथ ही मौके से शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री और उपकरण भी मिले थे। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया था, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। बाद में दोनों को जमानत मिल गई थी। 13 साल से मामला अदालत में विचाराधीन था। बुधवार को एडीजे तृतीय की अदालत में इस मुकदमे की आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने दोनों को दोषी करार दिया। सात-सात साल जेल की सजा सुनाई, 1500-1500 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, तीन घायल

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** डिडौली क्षेत्र के गांव ढकिया चमन में बुधवार रात मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात काबू में किए और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

डिडौली क्षेत्र के गांव ढकिया चमन बुधवार रात दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में तीन लोग गंभीर घायल हो गए, पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मुस्तकिम पुत्र बाबू रास्ते में खड़े थे, तभी नासिर पुत्र शोलू से उनकी किसी बात को लेकर बहस हो गई। बहस जल्द ही गाली-गलौज में बदल गई और दोनों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे। इस दौरान गांव के मुशयद पुत्र शब्बीर ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन वह भी लाठी-डंडों की चपेट में आकर गंभीर घायल हो गए। घायलों में मुस्तकीम और मुशयद के सिर में तथा एक अन्य के हाथ में गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलने पर डिडौली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस ने घायल मुस्तकीम, मुशयद और नासिर को जोया सीएचसी में भर्ती कराया। नासिर की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इसके बाद देर रात करीब दो बजे दोनों पक्षों में दोबारा गाली-गलौज हुई, जिसके बाद पुलिस को फिर से मौके पर जाकर मामला शांत कराना पड़ा। दोनों पक्षों ने डिडौली कोतवाली में एक-दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार बालियान ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीरें मिली हैं। मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पत्थरकुटी मन्दिर का दानपात्र तोड़ हजारों की चोरी

## लगातार चोरियों से श्रद्धालुओं में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** प्राचीन पत्थर कुटी शिव मंदिर में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के पीछे लगे गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और दानपात्र को उठा ले गए। इसके बाद चोर दानपात्र को बाहर ले जाकर उसका ताला काटकर उसमें रखी हजारों रुपये की नगदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए।

चोरों ने वारदात के दौरान मंदिर परिसर में जमकर उत्पात मचाया। सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए कई स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों और बिजली के तारों को भी काट दिया। बताया जा रहा है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कुछ दिन पूर्व मंदिर के दानपात्र से चोरी हो चुकी है। वहीं करीब एक वर्ष पूर्व मंदिर से करीब एक लाख रुपये कीमत का चांदी का छत्र भी चोरी हुआ था, जिसका अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। लगातार हो रही चोरियों से श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। श्रद्धालु पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द घटनाओं का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। मंदिर के पूर्व प्रबंधक अशोक सैनी, तेजराम सैनी तथा श्रद्धालु अरुण कुमार और हेमंत ने कहा कि मंदिर आस्था का केंद्र है, यहां इस तरह की घटनाएं बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने पुलिस से शीघ्र कार्रवाई कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।



## हाइवे पर हादसे में अधेड़ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव चौधरपुर में सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, मुस्लिम (50) पुत्र जलालुद्दीन निवासी चौधरपुर सड़क पार कर रहे थे, तभी अचानक आई कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनके सिर में गंभीर चोट लग गई और वह मौके पर ही गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन घायल को तत्काल जीवन 24 हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल प्रशासन ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# तीन दिन बाद गैस पहुंची, तो फूटा गुस्सा

## एजेंसी पर लगी लम्बी कतारें, मिड्डे मील से लेकर त्यौहारों तक संकट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बछरायूं।** क्षेत्र में तीन दिन तक रसोई गैस की आपूर्ति ठप रहने के बाद गुरुवार को जैसे ही गैस की गाड़ी इंडेन एजेंसी पर पहुंची, उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। सुबह से ही पुरुषों और महिलाओं की कई मीटर लंबी कतारें लग गईं। त्योहारों के बीच खाली सिलेंडर लिए लोग घंटों लाइन में खड़े रहे, लेकिन वितरण व्यवस्था न होने से स्थिति अव्यवस्थित बनी रही।

गैस किल्लत का असर सिर्फ घरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सरकारी स्कूलों में भी परेशानी खड़ी हो गई। कंपोजिट विद्यालय कमालपुर की एक शिक्षिका ने बताया कि सिलेंडर न मिलने के कारण मिड-डे मील बनाना मुश्किल हो गया है। मजबूरी में चूल्हे पर भोजन तैयार करना पड़ रहा है, जिससे समय और श्रम दोनों अधिक लग रहे हैं। स्थानीय निवासी आसिफ अली और मेंहदी हसन ने बताया कि ईद के मौके पर घर में गैस खत्म होना बड़ी समस्या बन गया है। वहीं, राजीव प्रजापति और सचिन सिद्धू ने कहा कि चौत्र नवरात्र के दौरान भी रसोई गैस न मिलना लोगों के लिए भारी परेशानी का कारण बना हुआ है। भीड़ बढ़ने और हंगामे की आशंका को देखते हुए प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा। बछरायूं थाने से कांस्टेबल अनुज चौधरी और बेताब जावला मौके पर पहुंचे, जबकि डायल 112 के जवान भी तैनात रहे। समाचार लिखे जाने तक वितरण व्यवस्था को सुचारू करने के प्रयास जारी थे। इस पूरे मामले में धनौरा के आपूर्ति अधिकारी अमित श्रीवास्तव ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विभाग की ओर से गैस की कोई कमी नहीं है और एजेंसी संचालक को होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए गोदाम के बाहर स्पष्ट सूचना प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि उपभोक्ताओं में भ्रम की स्थिति न बने।



# ईद पर लोगों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

## सफाई व्यवस्था को लेकर पालिका ने बनाया प्लान





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ईद-उल-फितर को लेकर नगर पालिका ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन और ईओ डॉ. बृजेश कुमार ने अधिकारियों व कर्मचारियों को नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

ईद के मद्देनजर चेयरमैन द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ईदगाह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और नमाजियों की सुविधा के लिए सभी इंतजाम दुरुस्त रखने को कहा गया। उपनगर आयुक्त ने बताया कि पूरे नगर में विशेष सफाई अभियान, जल छिड़काव, चूना डालने, निर्बाध पेयजल आपूर्ति तथा खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, ईद के दौरान किसी भी शिकायत के त्वरित निस्तारण के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा। पालिका प्रशासन ने नगरवासियों से स्वच्छता बनाए रखने, डोर-टू-डोर कूड़ा वाहन का उपयोग करने और किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 1533 व 1800 180 1318 पर संपर्क करने की अपील की है।

# चार युवकों पर बेटी को भगा ले जाने का आरोप

## पिता ने थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने अपनी 18 वर्षीय पुत्री को बहला - फुसलाकर ले जाने का आरोप गांव के ही कुछ युवकों पर लगाया है। पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पिता के अनुसार सोमवार देर रात गांव के ही गौरव, बंटी व एक अन्य गौरव निवासी थाना मण्डी धनौरा तथा अनील निवासी थाना नौगावां सादात उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। घटना के बाद से ही परिवार में हड़कंप मचा हुआ है और परिजन बेटी की तलाश में जुटे हैं। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसकी पुत्री को सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पंत 'उत्साहित' तेंदुलकर जूनियर के बैट के वजन से इम्प्रेस हुए

**लखनऊ, वार्ता।** अर्जुन तेंदुलकर अपनी शादी के बाद आईपीएल के लिए अभ्यास करने मैदान में उतर आए हैं। अर्जुन अपनी नई आईपीएल टीम, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के साथ मैदान में उतरे हैं, और उन्होंने अपने नए कप्तान )षभ पंत को दो मामलों में पहले ही इम्प्रेस कर दिया है। पहला, अपने बैट के वजन के लिए – जितना उनके पिता सचिन इस्तेमाल करते थे, उतना भारी नहीं, लेकिन फिर भी भारी है – और दूसरा, मार्च की शुरुआत में अपनी बहुत चर्चित शादी के तुरंत बाद ट्रेनिग शुरू करने के लिए। अब तेंदुलकर जूनियर और पंत दोनों अपने नए खिलाड़ी से कुछ बड़ा प्रदर्शन देखना चाहेंगे, जिसने मुंबई इंडियंस के साथ दो आईपीएल सीजन में सिर्फ पांच मैच खेले हैं और कुछ खास नहीं किया है।

### अल्काराज ने कंगारु का टैटू बनवाया

**मियामी, वार्ता।** हर बड़े चैंपियन के अपने रिचुअल होते हैं, लेकिन कार्लोस अल्काराज ने शायद एक बार फिर लेवल बढ़ा दिया है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद अपनी बात पर कायम रहते हुए, स्पेन के इस खिलाड़ी ने मेलबर्न में अपनी जीत को सिर्फ यादों में ही नहीं रहने दिया। इसके बजाय, 22 साल के इस खिलाड़ी ने इसे आर्ट में बदल दिया, अपने निचले बाएं पैर पर एक नया टैटू बनवाया: एक कंगारू नॉर्मन ब्रूक्स चैलेंज कप पकड़े हुए, िजसके फ्रेम में ऑस्ट्रेलिया की एक साफ आउटलाइन है। यह एक ऐसा डिजाइन है जिसका अल्काराज ने पहली बार फरवरी में नोवाक जो. कोविच के खिलाफ मेलबर्न में अपनी आखिरी जीत के बाद इशारा किया था, जब वह करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले इतिहास के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे।

# डीसी ने आईपीएल-2026 के लिए नई जर्सी लॉन्च की



● **जर्सी का डिजाइन उस खतरनाक टाइगर स्पिरिट से इंस्पायर्ड है जो टीम और उस शहर दोनों को दिखाता है जिसे वह पिप्रेजेंट करती है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 बस आने ही वाला है, जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की को-ओन्ड दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को नए सीजन के लिए अपनी ऑफिशियल जर्सी लॉन्च की।

इसका डिजाइन उस खतरनाक टाइगर स्पिरिट से इंस्पायर्ड है जो टीम और उस शहर दोनों को दिखाता है जिसे वह रिप्रेजेंट करती है। कैंपेन फिल्म में पुरुष और महिला दोनों टीमों के कैप्टन, अक्षर पटेल और जेमिमा रोड्रिग्स, अपनी तरह के पहले जर्सी लॉन्च में एक साथ हैं, जिसमें दोनों टीमें एक साथ दिख रही हैं। यह एक शेयर्ड आइडेंटिटी को दिखाता है और दिल्ली कैपिटल्स की दोनों टीमों के बीच बढ़ते तालमेल को सेलिब्रेट करता है।

नई जर्सी के लॉन्च पर बात करते हुए, दिल्ली कैपिटल्स के सीईओ, सुनील गुप्ता ने कहा, ष्यह जर्सी हमारे शहर, पहचान और मैदान पर हमारे निडर माइंडसेट का जश्न मनाती है। आईपीएल जर्सी लॉन्च कैंपेन में पहली बार, हमें अपनी महिला टीम की कप्तान, जेमिमा रोड्रिग्स को भी शामिल करते हुए गर्व हो रहा है, क्योंकि यह टीमों में एक जैसा दिल्ली कैपिटल्स कल्चर बनाने के हमारे कमिटमेंट को दिखाता है। नीले और लाल रंग में हमारे टाइगर्स तैयार हैं, और हम आगे एक रोमांचक सीजन की उम्मीद कर रहे हैं।

# ब्रंट पारिवारिक कारणों से लौटीं घर



● **इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान नैट साइवर ब्रंट के प्रिटोरिया में टीम में वापस शामिल होने की उम्मीद नहीं**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट के प्रिटोरिया में टीम में वापस शामिल होने की उम्मीद नहीं है, जहां वह आने वाले इंटरनेशनल सीजन की तैयारी कर रहे 30 खिलाड़ियों में से एक थीं। बाकी ग्रुप इस महीने के आखिर तक दक्षिण अफ्रीका में रहेगा, और जून और जुलाई में होने वाले घरेलू टी20 वर्ल्ड कप से पहले खिलाड़ियों के सिलेक्शन के लिए दबाव बनाने के लिए पांच इंट्रा-स्क्वाड मैचों की सीरीज खेलेगा।

यह ट्रिप असल में यूएई के लिए प्लान की गई थी, लेकिन इलाके में चल रहे झगड़े की वजह से इसे आगे बढ़ा दिया गया। साइवर-ब्रंट पहले ट्रायल मैच में शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने 24 गेंदों में 41 रन बनाकर टीम ब्रिटिन को टीम के दूसरे आधे हिस्से के खिलाफ नौ विकेट से जीत दिलाई, जिसे पूरे टूर के दौरान टीम हेहो फ्लिट के नाम से जाना जाता था। माया बाउचियर ने 40 गेंदों में 47 रन बनाए, जब साथी ओपनर सोफिया डंकले 12 रन पर डैनी गिब्सन द्वारा रन आउट हो गईं, जो पिछले हफ्ते की हंड्रेड नीलामी में सबसे बड़े विजेताओं में से एक थीं, जहां उन्हें सनराइजर्स लीड्स ने 190,000 पाउंड में खरीदा था।

टीम ब्रिटिन 20 ओवर में 110 रन के टारगेट का पीछा कर रही थी, जब इस्सी वोंग ने 18 रन देकर तीन विकेट लिए। लेफ्ट-आर्म स्पिनर लिसी स्मिथ और सीमर लॉरेन बेल ने दो-दो विकेट लिए। टीम ब्रिटिन ने आठ ओवर बाकी रहते अपना टारगेट हासिल कर लिया। इंग्लैंड की महिला टीम मई में दो व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी, जिसके बाद वर्ल्ड कप से पहले भारत के खिलाफ तीन टी-20 मैच होंगे।

### विनय ने अर्जुनवीर के खिलाफ प्लेऑफ में जीता खिताब

**गुरुग्राम, वार्ता।** दिल्ली के विनय कुमार यादव ने गुरुग्राम के गोल्डन ग्रीन्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेले गए 25 लाख रुपये के डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन 2026 में चंडीगढ़ के 15 साल के अर्जुनवीर शिशिर के खिलाफ प्लेऑफ में जीत हासिल कर अपना पहला खिताब जीता। तीस साल के विनय कुमार यादव (72-70-71), जो रात भर चौथे नंबर पर थे और लीड से तीन शॉट पीछे थे, ने तीसरे राउंड में एक-अंडर 71 का कार्ड बनाया और रेगुलर 54 होल के आखिर में टीनएजर अर्जुनवीर शिशिर (71-70-72) के साथ कुल तीन-अंडर 213 के स्कोर के साथ लीडरबोर्ड में टॉप पर रहे। पंद्रह साल के रूकी अर्जुनवीर, जो फील्ड में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी थे।

# आईटीटीएफ ने 2027 में युगल विश्व कप शुरू करने की घोषणा की

● **यह कदम ओलंपिक की तैयारियों को मजबूत करने और युगल स्पर्धाओं को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया**

**बीजिंग, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) ने 2027 में आईटीटीएफ युगल विश्व कप शुरू करने की गुरुवार को घोषणा की। इस टूर्नामेंट में पुरुषों, महिलाओं और मिश्रित युगल स्पर्धाओं का एक साथ आयोजन किया जाएगा।

आईटीटीएफ का पुरुषों और महिलाओं का विश्व कप एकल स्पर्धा के साथ ही अब आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप भी होगा। आईटीटीएफ की इस घोषणा के साथ ही यह माना जा रहा है कि लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक टेबल टेनिस के युगल मुकाबले खेले जाएंगे। उनका यह कदम ओलंपिक की तैयारियों को मजबूत करने और युगल स्पर्धाओं को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। लॉस एंजे. लिस में, पुरुषों और महिलाओं की युगल स्पर्धा एथेंस 2004 के बाद पहली बार ओलंपिक कार्यक्रम में वापसी करेंगी।

आईटीटीएफ की अध्यक्ष पेट्रा सोरलिग ने कहा कि युगल स्पर्धाएं ओलंपिक खेलों में वापसी कर रहे हैं और आईटीटीएफ युगल विश्व कप के जरिए हम इस मौके का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम दुनिया के बेहतरीन युगल खिलाड़ियों को वह विश्वकप मंच दे रहे हैं जिसके वे हकदार हैं और लॉस एंजेलिस तक पहुंचने का रास्ता बना रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पुरुषों और महिलाओं का विश्वकप 2024 में वापस आया।

# आयुष, तन्वी व खरब ऑरलियन्स मास्टर्स के अगले दौर में

● **आयुष शेट्टी ने किरण जॉर्ज को, अनमोल खरब ने तुर्की की अरिन को हराया**







**फ्रांस, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों आयुष शेट्टी, तन्वी शर्मा और अनमोल खरब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर ऑरलियन्स मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है।

पैलेस डेस स्पोर्ट्स में बुधवार को खेले गए एकल मुकाबले में भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने हम वतन किरण जॉर्ज को हराया। वहीं महिला एकल के मुकाबले में अनमोल खरब ने तुर्की की ओलंपियन नेस्लिहान अरिन को हरा कर तथा तन्वी शर्मा ने दूसरी वरीयता प्राप्त सुपानिंदा कातेथोंग को बाहर कर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। यूएस ओपन 2025 चैंपियन आयुष शेट्टी पुरुष एकल के दूसरे दौर में पहुंच गए। उन्होंने पहले दौर के एक 'ऑल-इंडियन' मुकाबले में किरण जॉर्ज को 17-21, 21-10, 21-17 से हराकर वापसी की। ब्रेक तक 11-10 की मामूली बढ़त बनाने के बाद, किरण जॉर्ज ने लगातार पांच अंक हासिल किए और इतनी बड़ी बढ़त बना ली कि पहला गेम आसानी से जीत लिया। हालांकि, आठवीं वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी ने दूसरे गेम में अपना खेल का स्तर ऊंचा उठाया और शुरू से अंत तक अपना दबदबा बनाए रखते हुए मैच को निर्णायक तीसरे गेम तक पहुंचा दिया। आयुष शेट्टी ने अपनी लय को निर्णायक तीसरे गेम में भी जारी रखा और ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। किरण जॉर्ज ने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर का अंतर कम करके 16-15 तक पहुंचा दिया, लेकिन शेट्टी ने मैच के आखिरी पलों में अपना संयम बनाए रखा, किरण के बढ़ते दबाव को रोका और दूसरे दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। वहीं पूर्व विश्व नंबर 1 किदांबी श्रीकांत सीधे गेम में हारने के बाद ऑरलियन्स मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गए। पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिग में 30वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत को बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन ने 21-12, 21-10 से हरा दिया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने शुरुआत तो तेज की और 5-2 की बढ़त बना ली, लेकिन फिर मैग्नस जोहानसन ने मैच पर नियंत्रण पा लिया( उन्होंने इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली और पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। किदांबी श्रीकांत ने दूसरे गेम में वापसी की कोशिश की और एक समय स्कोर का अंतर कम करके 12-10 तक ले आए। हालांकि, मैग्नस जोहानसन ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए लगातार नौ अंक हासिल किए और मात्र 26 मिनट में ही मुक. ाबला जीत लिया। महिला एकल में, अनमोल खरब ने तुर्की की ओलंपियन नेस्लिहान अरिन को 21-12, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में शानदार एंट्री की। माल. विका बंसोड़ ने भी चीनी ताइपे की सुंग शुओ-युन के खिलाफ अपना महिला एकल मैच 21-18, 21-14 के स्कोर से जीता।

# ग्वाटेमाला फ्रेंडली मैच के लिए अर्जेंटीना की टीम की कप्तानी करेंगे लियोनेल मेसी



● **मैनेजर लियोनल स्कोलोनी ने अपनी टीम में दो नए प्लयरों को शामिल किया**

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने बुधवार को बताया कि इस महीने के आखिर में ग्वाटेमाला के खिलाफ होने वाले वर्ल्ड कप वार्म-अप फ्रेंडली मैच में लियोनेल मेसी अर्जेंटीना की टीम की कप्तानी करेंगे। मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने अपनी 28 लोगों की टीम में दो नए खिलाड़ियों को भी शामिल किया: एस्टुडिएंट्स के सेंटर-बैक टॉमस पालासियोस और रेसिग क्लब के लेफ्ट-बैक गेब्रियल रोजास। लेकिन घायल तिकड़ी लुटारो मार्टिनेज, लिसेंड्रो मार्टिनेज और जियोवानी लो सेल्सो के लिए कोई जगह नहीं थी।

इंटर मिलान के स्ट्राइकर मार्टिनेज और मैनचेस्टर यूनाइटेड के डिफेंडर मार्टिनेज पिडली की चोट से उबर रहे हैं, जबकि रियल बेटिस के मिडफील्डर लो सेल्सो को क्वाड्रिसेप्स में खिचाव है। अर्जेंटीना का सामना 31 मार्च को ब्यूनस आयर्स के ला बॉम्बोनेरा में ग्वाटेमाला से होगा। मिडिल ईस्ट में झगड़े की वजह से स्पेन के खिलाफ ष्फाइनलिसिमाष कैंसिल होने के बाद मंगलवार को मैच कन्फर्म हुआ। यूनाइटेड स्टेट्स, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले वर्ल्ड कप से पहले यह अर्जेंटीना का एकमात्र तय मैच है। मौजूदा चैंपियन 16 जून को अल्जीरिया के खिलाफ अपने कैंपेन की शुरुआत करेगा, जिसके बाद ग्रुप स्टेज में ऑस्ट्रिया और जॉर्डन का भी सामना करेगा।

# जॉन मूनी दिल्ली कैपिटल्स के क्षेत्ररक्षक कोच बने



● **जॉन मूनी ने एंटोस रॉक्स और ज्ञानेश्वर राव की जगह ली है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आयरलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जॉन मूनी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले दिल्ली कैपिटल्स का क्षेत्ररक्षक कोच नियुक्त किया गया है। मूनी ने एंटोन रॉक्स और ज्ञानेश्वर राव की जगह ली है, जिन्होंने पिछले सत्र में यह भूमिका निभाई थी।

44 वर्षीय मूनी पहले वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के साथ काम कर चुके हैं, हाल ही में उन्होंने एशिया कप के दौरान अफगानिस्तान टीम के साथ काम किया था।

वह मुख्य कोच हेमांग बदानी के अगुवाई वाले कोचिंग स्टाफ में शामिल हुए हैं, जिसमें मुनाफ पटेल गेंदबाजी कोच, इयान बेल सहायक कोच और वेणुगोपाल राव डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट हैं। मूनी ने आयरलैंड के लिए 64 एकदिवसीय और 27 टी- 20 मैच खेले हैं। उन्हें 2011 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ मिली ऐतिहा. सिक जीत में विजई रन बनाने के लिए आज भी याद किया जाता है। दिल्ली कैपिटल्स पिछले सीजन में पांचवें स्थान पर रही थी और अब तक कोई भी आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है।

# हम इस पूल में हर विरोधी टीम का सम्मान करते हैं : क्रेग फुल्टन



● **हॉकी विश्व कप में भारत को पूल डी में इंग्लैंड पाक व वेल्स के साथ रखा है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 के आधिकारिक पूल ड्रॉ और कार्यक्रम की घोषणा के बाद, भारतीय पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने गुरुवार को कहा कि हम इस पूल में हर विरोधी टीम का सम्मान करते है, लेकिन हमें उनके खिलाफ स्वयं पर भरोसा है।

भारत को पूल डी में शीर्ष वरीयता प्राप्त इंग्लैंड, चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और मजबूत टीम वेल्स के साथ रखा गया है। ग्रुप-चरण के सभी मैच नीदरलैंड के एमस्टेलवीन स्थित वैगनर हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। टीम के साथ शिविर में ड्रॉ को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए फुल्टन ने कहा, ष्हम उत्साहित हैं। यह एक मजबूत ग्रुप है, लेकिन विश्वकप में आप ठीक यही तो चाहते हैं कि आपकी परीक्षा सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ हो। टीम के शिविर में माहौल बहुत सकारात्मक है। खिलाड़ी प्रेरित और जीत के लिए भूखे हैं और अब जब हमें अपने विरोधियों के बारे में पता चल गया है, तो हमारी तैयारियों में हमें वास्तविक स्पष्टता और एकाग्रता मिलेगी। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड एक सुव्यवस्थित, शारीरिक रूप से मजबूत टीम है, जो हमारे पूल में शीर्ष वरीयता प्राप्त भी है। पाकिस्तान अपनी कलात्मकता, अप्रत्याशितता और समृद्ध हॉकी परंपरा के साथ आता है। यह ऐसी टीम नहीं है जिसे कभी हल्के में लिया जाए। वेल्स अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना रहा है और वह ऊर्जा और दृढ़ संकल्प से भरा होगा। हम इस पूल में हर विरोधी का सम्मान करते हैं, लेकिन हम उन सभी के खिलाफ खुद पर भरोसा रखते हैं। भारतीय टीम 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। यह एक विशेष मुकाबला है जो भारत के स्वतंत्रता दिवस के दिन पड़ रहा है। इसलिए कोचिग स्टाफ ने पहले ही एक विस्तृत रूपरेखा तैयार करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम अपनी संरचना, अपने दबाव और अपनी फिनिशिंग पर कड़ी मेहनत करेंगे। ए वे बारीक पहलू हैं जो इस स्तर पर मैचों का फैसला करते हैं।

### इंडिया अंडर-20 विमेंस एशियन चैलेंज के लिए तैयार:शुभांगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** थाईलैंड में जापान के खिलाफ अपने पहले मैच से सिर्फ दो हफ्ते पहले, इंडियन अंडर20 विमेंस नेशनल टीम लंबे समय से इंतजार की जा रही वापसी के करीब है। अपनी पिछली मौजूदगी के दो दशक बाद, इंडिया एएफसी अंडर-20 विमेंस एशियन कप में वापस आ गया है, और 2 अप्रैल को उन्हें इस मुश्किल से बाहर निकालने के लिए कैप्टन शुभांगी सिंह लीड करेंगी। शुभांगी के लिए, क्वालिफिकेशन की अहमियत पहले ही समझ में आ चुकी है। म्यांमार में जश्न, जहां इंडिया ने अपना 20 साल का इंतजार खत्म किया, अब एक तेज, ज्यादा तुरंत फोकस की जगह ले चुका है। उन्होंने कहा, ष्हम वहां क्वालिफाई करने के माइंडसेट के साथ गए थे, और हमने कर दिखाया।ष ष्जब आपको पहले से ही लगता है कि कुछ होने वाला है, तो यह हैरानी की बात नहीं है। यह विश्वास अब एक टीम को उस चीज के लिए तैयार कर रहा है जिसे वह मानती हैं।

# अपने 100वें T-20 मैच में निडरता के साथ सर्वश्रेष्ठ दोहराना चाहती हूं : गार्डनर

● **एश्ले गार्डनर 2017 में एक विस्फोटक बल्लेबाज के तौर पर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आई थी**

**सेंट विसेंट, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की मध्य क्रम की बल्लेबाज एश्ले गार्डनर ने गुरुवार को कहा कि वह अपने 100वें अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच में पहले की तरह निडरता के साथ बल्ले से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराने चाहती है। आज यहां गार्डनर वेस्टइंडीज के खिलाफ मैदान में उतरने के साथ ही सातवीं ऐसी महिला खिलाड़ी बन जाएंगी जो ऑस्ट्रेलिया के लिए 100वां अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेलेंगी।

टी-20 विश्व कप से पहले यह सीरीज काफी अहम मानी जा रही है। वह 2017 में एक विस्फोटक बल्लेबाज के तौर पर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आई थी। डब्ल्यूबीबीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद, 19 साल की उम्र में ही उसे अपने देश के लिए खेलने के लिए चुन गया था। गार्डनर ने कहा कि इस प्रारुप में, मध्यक्रम में मेरी भूमिका कभी-कभी बेहद चुनौतीपूर्ण होती है, हो सकता है कि आप तब बल्लेबाजी करने आएं जब टीम मजबूत स्थिति में हो, या फिर तब जब हम अच्छी स्थिति में न हों।

इसमें सबसे जरूरी है कि आप स्थिति को बहुत तेजी से समझें और अपने खेल की गति को भी बहुत जल्दी से बदलें। शायद यह एक ऐसी चीज है जिसे मैं इस प्रारुप में लंबे समय से बहुत अच्छे से नहीं कर पा रही थी। इसमें बस यही कोशिश करनी होती है कि मैं बहुत तेजी से लय में आ जाऊं, परिस्थितियों को समझूं और यह सुनिश्चित करूं कि मैं वही कर रही हूं जिसकी टीम को उस स्थिति में मुझसे जरूरत है। साथ ही, मैं अपनी ताकत से पीछे न हटूं और जो भी फैसले लूं, उन्हें पूरी हिम्मत के साथ लूं। मैं एक ऐसी इंसान थी जिसे कोई डर नहीं था और मुझे लगता है कि जैसे-जैसे मैं बड़ी और अधिक समझदार होती गई, मेरे अंदर डर भी बढ़ता गया। इस मायने में कि मैं जिंदगी और आम तौर पर क्रिकेट को कैसे देखती हूं। मैं उस (निडरता) का थोड़ा सा इस्तेमाल करने की कोशिश करती हूं। उन्होंने कहा, ष्तो जब मैं दबाव में होती हूं, तो मैं सच में उस निडरता को जगाने और सही दिशा देने की कोशिश करती हूं, जो कभी-कभी करना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि अगर आपमें अधिक आत्मविश्वास नहीं है, तो यह आखिरी चीज होती है जो आप करना चाहेंगे। लेकिन मेरे लिए, यही वह समय होता है जब मैं अपना सबसे अच्छा क्रिकेट खेल रही होती हूं।

# 'मैं अभिषेक को सहवाग से जोड़ता हूं' : कुंबले



● **कहा : मुझे लगता है कि अभिषेक शर्मा में एक महान खिलाड़ी बनने की सारी काबिलियत है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अभिषेक शर्मा, वह निडर खिलाड़ी जिसने पिछले दो सीजन में टाटा आईपीएल में धूम मचा दी थी, 2026 में अच्छे फॉर्म की उम्मीद कर रहा होगा।

जियोस्टार के 'आईपीएल टुडे लाइव' पर बात करते हुए, जियोस्टार के एक्सपर्ट एबी डिविलियर्स और अनिल कुंबले ने अभिषेक की ऑफ-स्पिन के खिलाफ दिक्कतों, उनके इनकंसिस्टेंटनेस, उम्मीदों के दबाव और वह इन चुनौतियों का सामना करके अपने बेस्ट फॉर्म में कैसे लौट सकते हैं, इस पर अपने विचार शेयर किए।

अनिल कुंबले ने कहा कि मुझे लगता है कि अभिषेक शर्मा में एक महान खिलाड़ी बनने की सारी काबिलियत है। अगर आप उनके छोटे इंटरनेशनल करियर को देखें, तो वह पहले से ही नंबर वन टी20 इंटरनेशनल खिलाड़ी हैं। वह गेंदबाजों पर हावी रहते हैं और उन्हें दबाव में डालते हैं, लेकिन इस तरह की डराने वाली बैटिंग स्टाइल के साथ, कंसिस्टेंसी बनाए रखना मुश्किल है, खासकर टीम के नजरिए से। अभिषेक के साथ इंडिया ने इसे अच्छे से मैनेज किया, क्योंकि नहीं तो यह थोड़ा मुश्किल हो सकता था। दूसरे बैट्समैन भी थे जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया, और उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए आपको ऐसी टीम की जरूरत होती है। इसीलिए उन्हें एसआरएच के लिए खेलने में मजा आया, जहां उन्हें खुलकर बैटिंग करने की आजादी है। एक चीज जो उन्होंने अब एडजस्ट कर ली होगी, वह है ऑफ-स्पिनरों के खिलाफ उनकी दिक्कत, जिसे उन्होंने फाइनल में मैनेज किया और फिफ्टी बनाई।

अगर आप एक महान खिलाड़ी और कंसिस्टेंट खिलाड़ी बनना चाहते हैं, तो सिर्फ यह जरूरी नहीं है कि आप क्या कर सकते हैं, बल्कि यह भी जरूरी है कि आपको क्या नहीं करना चाहिए, और इसे अपने दिमाग में कंट्रोल करना ही सबसे जरूरी होगा। अभिषेक शर्मा के क्रीज पर ज्यादा देर तक टिके रहने पर कुं. बले ने कहा कि मैं उन्हें वीरेंद्र सहवाग जैसे किसी से जोड़ता हूं, क्योंकि वह हर बॉल को हिट करने की कोशिश करते थे। जब वह टेस्ट क्रिकेट से वनडे क्रिकेट और फिर टी20 क्रिकेट में आए, तो उन्हें एहसास हुआ कि उन्हें अपनी पारी को थोड़ा अलग तरीके से आगे बढ़ाना होगा। लेकिन वीरेंद्र सहवाग अभी भी 140-150 के स्ट्राइक-रेट से खेलते थे।

इसलिए, अभिषेक शर्मा को इस बारे में सोचना शुरू करना होगा, यह कहते हुए कि, 'मैं 200 के स्ट्राइक-रेट से रन बना रहा हूं, मुझसे उम्मीदें हैं, क्या मुझे अब 300 के स्ट्राइक-रेट से खेलना चाहिए? यानी 85-90। टी20 फॉर्मेट में आपको इसी तरह की मैच्योरिटी चाहिए। शायद इस सीजन में आप अभिषेक शर्मा में इसी तरह की मैच्योरिटी देखेंगे, जिसकी एसआरएच उम्मीद कर रही होगी। डिविलियर्स ने कहा कि वह अब 20 का नहीं, बल्कि 25 साल का है। इसलिए, यह पक्का वह फेज है जहां उसे ज्यादा जम्मिेदारी लेनी शुरू करनी होगी।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 20 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ऊर्जा में आत्मनिर्भरता कब

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर अब भारत की ऊर्जा व्यवस्था पर भी साफ दिखाई देने लगा है। खासतौर पर एलपीजी की आपूर्ति को लेकर देश में चिंता बढ़ गई है। उत्पादन बढ़ाने और कई सख्त कदम उठाने के बावजूद गैस की कमी और कालाबाजारी की समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हो पाई है। इस स्थिति का सीधा असर छोटे कारोबारों और उनसे जुड़े लाखों लोगों के रोजगार पर पड़ रहा है। ऐसे हालात में सरकार पाइप्ड नैचुरल गैस यानी पीएनजी को लंबे समय के समाधान के रूप में आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है, क्योंकि आयात पर अत्यधिक निर्भरता देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है। जैसे-जैसे पश्चिम एशिया का संघर्ष लंबा खिंच रहा है, वैसे-वैसे भारत में एलपीजी को लेकर संकट भी गहराता जा रहा है। सरकार खुद स्वीकार कर रही है कि मौजूदा स्थिति चिंता पैदा करने वाली है। केंद्र सरकार के निर्देश के बाद देश की रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं और घरेलू उत्पादन में लगभग 40 प्रतिशत तक वृद्धि भी की गई है। इसके बावजूद मांग और आपूर्ति के बीच का अंतर पूरी तरह खत्म नहीं हो पाया है और कई जगहों पर गैस की कमी महसूस की जा रही है। सरकार ने एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम यानी ईएसएमए लागू किया हुआ है, ताकि गैस की आपूर्ति बाधित न हो। इसके बावजूद देश के अलग-अलग हिस्सों में लगातार छापेमारी और कार्रवाई हो रही है, जो इस बात का संकेत है कि अवैध तरीके से गैस की बिक्री और जमाखोरी अब भी जारी है। कमर्शियल एलपीजी की कमी का सबसे ज्यादा असर होटल, रेस्तरां, ढाबों और छोटी-छोटी खाने-पीने की दुकानों पर पड़ा है। कई जगहों पर ए व्यवसाय बंद होने की कगार पर हैं या अस्थाई रूप से बंद हो चुके हैं। इसका परिणाम यह है कि इनसे जुड़े लाखों लोगों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। सरकार फिलहाल इस बात को प्राथमिकता दे रही है कि देश के घरों में रसोई गैस की आपूर्ति किसी भी हाल में बनी रहे और आम लोगों को परेशानी न हो। इसके साथ ही सरकार लोगों और राज्यों को पाइप्ड नैचुरल गैस यानी पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। दरअसल खाड़ी क्षेत्र में पैदा हुए संकट ने भारत को यह सो. चने का मौका दिया है कि उसे अपनी ऊर्जा जरूरतों और आयात पर निर्भरता को किस तरह संतुलित करना चाहिए। एलपीजी से पीएनजी की ओर बढ़ना केवल वर्तमान संकट से निपटने का उपाय नहीं है, बल्कि भविष्य में भी यह देश के हित में साबित हो सकता है। भारत में इस समय करीब 33 करोड़ एलपीजी कनेक्शन हैं और इनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए लगभग 60 प्रतिशत गैस आयात करनी पड़ती है। समस्या यह है कि इस आयात का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा उस समुद्री मार्ग से आता है, जो इस समय अस्थिरता की वजह से प्रभावित है। दूसरी ओर अगर प्राकृतिक गैस की बात करें तो देश अपनी जरूरत का लगभग आधा हिस्सा खुद ही उत्पादन कर लेता है। जो गैस आयात की जाती है, उसके स्रोत और रास्ते भी अपेक्षाकृत विविध हैं, इसलिए किसी एक मार्ग में बाधा आने से पूरी आपूर्ति पर उतना बड़ा असर नहीं पड़ता। यही कारण है कि पीएनजी को भविष्य के लिए ज्यादा सुरक्षित विकल्प माना जा रहा है। पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात को देखते हुए यह कहना मुश्किल है कि आने वाले समय में वहां कितनी स्थिरता बनी रहेगी। ऐसे में भारत अपनी घरेलू जरूरतों को किसी अस्थिर क्षेत्र के अनिश्चित भविष्य पर निर्भर नहीं छोड़ सकता।

## राजधानी में फिर से दंगों जैसे हालात



भाजपा चाहती है कि देश हिन्दू-मुसलमान में उलझा रहे, ताकि लोग विभिन्न मुद्दों पर सवाल न पूछ सकें, राजधानी दिल्ली के उत्तम नगर के लोगों ने हिंसा की भारी कीमत चुकाई है, एक तरफ एक जवान लड़के, तरुण, की जान चली गई, दूसरी तरफ एक पूरा परिवार उत्पीड़न का सामना कर रहा है, उन्हें और खून-खराबा नहीं चाहिए, भारतीय जनता पार्टी उसका इकोसिस्टम नफरत के माहौल को बढ़ावा देकर हिंसा से राजनीतिक फायदा उठाना चाहता है, वे चाहते हैं कि देश हिन्दू-मुसलमान में उलझा रहे , ताकि लोग ये न पूछ सकें कि आखिर प्रधानमंत्री देश की रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और सामरिक संप्रभुता को अमेरिका के हवाले करने पर क्यों मजबूर हैं, इसीलिए दिनदहाड़े देश की राजधानी में फिर से दंगों जैसे हालात खड़े किए जा रहे हैं। **-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# दुनिया के लिए मौन चेतावनी है गौरैया पर मंडराता संकट





**योगेश कुमार गोयल**

**गौरैया केवल एक पक्षी नहीं है बल्कि हमारे बचपन की यादों, पारंपरिक संस्कृति और पर्यावरणीय संतुलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका जैव विविधता में महत्वपूर्ण योगदान है। गौरैया छोटे कीटों और अनाज के दानों पर निर्भर रहती है, जिससे कृषि भूमि पर कीटों की संख्या को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। गौरैया मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायता करती है। इसके अलावा, यह खाद्य श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है।**

पक्षी पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र का एक अनिवार्य हिस्सा हैं, उनकी उपस्थिति हमारे पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गौरैया, जो कभी हर आंगन, छतों तथा बगीचों में चहकती थी और हमारी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा हुआ करती थी, आज दुर्लभ होती जा रही है। यह प्यारा सा पक्षी, जो हमारे घरों और आसपास के पेड़-पौधों पर बसेरा करता था, अब विलुप्ति के कगार पर है और इसकी चहचहाहट सुनने को कान तरस जाते हैं। एक समय था, जब सुबह आंख खुलते ही गौरैया की चहचहाहट से दिलोदिमाग को सुकून मिलता था लेकिन अब यह चहचहाहट कहीं गायब सी हो गई है। गौरैया का भारतीय लोककथाओं और कविताओं में विशेष स्थान रहा है और यह हमारी भावनाओं और जीवन के दैनिक अनुभवों का हिस्सा रही है। करीब दो दशक पहले तक यह चिड़िया हर कहीं झुंड में उड़ती देखी जाती थी लेकिन अब यह संकटग्रस्त और दुर्लभ पक्षी की श्रेणी में आ गई है।

भारत के अलावा यूरोप के कई हिस्सों में भी गौरैया की संख्या काफी कम हो गई है। नीदरलैंड में तो गौरैया को 'दुर्लभ प्रजाति' की श्रेणी में रखा गया है, जर्मनी, ब्रिटेन, इटली, फ्रांस, चेक गणराज्य जैसे देशों में भी इनकी संख्या तेजी से घट रही है। कई पश्चिमी देशों में इनकी आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। लोगों को गौरैया के तेजी से घटते अस्तित्व के बारे में जागरूक करने और उसके संरक्षण के लिए विभिन्न उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ही हर साल 20 मार्च को 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस 2010 में 'नेचर फॉरएवर सोसायटी' द्वारा शुरू किया गया था, जिसकी स्थापना प्रसिद्ध भारतीय पर्यावरणविद् मोहम्मद दिलावर ने की थी। यह दिन न केवल गौरैया पक्षी के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करता है बल्कि हमें यह भी याद दिलाता है कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियां कितनी महत्वपूर्ण हैं।

गौरैया केवल एक पक्षी नहीं है बल्कि हमारे बचपन की यादों, पारंपरिक संस्कृति और पर्यावरणीय संतुलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका जैव विविधता में महत्वपूर्ण योगदान है। गौरैया छोटे कीटों और अनाज के दानों पर निर्भर रहती है, जिससे कृषि भूमि पर कीटों की संख्या को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। गौरैया मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायता करती है। इसके अलावा, यह खाद्य श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है और अन्य प्राणियों के लिए भोजन के स्रोत के रूप में भी कार्य करती है। गौरैया जैसे छोटे से पक्षी का इस तरह गायब होते जाना पर्यावरण में आ रहे गंभीर परिवर्तनों का संकेत है। शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण गौरैया के प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहे हैं। पेड़ों की कटाई और पारंपरिक घरों की जगह कंक्रीट के भवनों ने इनके घोंसले बनाने की जगह को सीमित कर दिया है। वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण गौरैया की संख्या में भारी गिरावट आई है। मोबाइल टावरों से निकलने वाली रेडिएशन भी इनके अस्तित्व के लिए खतरा बन रही है। कृषि में कीटनाशकों और रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग के कारण गौरैया के लिए भोजन की उपलब्धता कम होती जा रही है।

पिछले दो-ढाई दशकों में हमारी जीवनशैली में बड़ा बदलाव आया है। अपने निहित स्वार्थों के चलते हमने जंगल उजाड़ दिए, प्रकृति का संतुलन चक्र बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे जीव-जंतुओं और पक्षियों की अनेक प्रजातियों को मारकर, उनका शिकार करके या उनके आशियाने उजाड़कर उनके अस्तित्व पर संकट पैदा कर दिया है। इसी का असर गौरैया पर भी बड़े पैमाने पर पड़ा है। भोजन तथा पानी की कमी, पक्के मकान बनने से घोंसलों के लिए उचित स्थानों की कमी, तेजी से कटते पेड़-पौधे, हमारी बदलती जीवनशैली, मोबाइल रेडिएशन का दुष्प्रभाव, तापमान में लगातार होती बढ़ोतरी आदि कई ऐसे प्रमुख कारण हैं, जो गौरैया की विलुप्ति का कारण बन रहे हैं। खेतों में कीटनाशकों के बढ़ते प्रयोग से भी इनके अस्तित्व पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। गौरैया की आबादी घटने का एक बड़ा कारण यह भी है कि कई बार उनके घोंसले सुरक्षित स्थानों पर नहीं होने के कारण कौए तथा दूसरे हमलावर पक्षी उनके अंडों तथा बच्चों को खा जाते हैं। आज की पीढ़ी प्रकृति और पक्षियों से दूर होती जा रही है। गौरैया संरक्षण के लिए जागरूकता की कमी भी इसके अस्तित्व के लिए एक चुनौती है। गौरैया के संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिएं। पारंपरिक घरों की संरचना को ध्यान में रखते हुए घोंसला बनाने के लिए स्थान प्रदान करने की भी आवश्यकता है। कृषि में जैविक तरीकों को अपनाकर कीटनाशकों के उपयोग को कम किया जा सकता है, जिससे गौरैया के लिए भोजन की उपलब्धता बढ़ेगी। गौरैया को घोंसला बनाने में मदद करने के लिए लकड़ी या मिट्टी के छोटे घर बनाए जा सकते हैं। घर के आंगन या छतों पर अनाज और पानी रखने से गौरैया को भोजन प्राप्त करने में सहायता मिल सकती है। इसके अलावा मोबाइल टावरों से निकलने वाली हानिकारक रेडिएशन को नियंत्रित करने के लिए सरकार को सख्त नियम लागू करने चाहिएं। गौरैया संरक्षण के लिए स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की भी जरूरत है। हालांकि भारत सरकार और वन्यजीव संरक्षण संगठनों द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य गौरैया की संख्या बढ़ाना और इसके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाना है। नेचर फॉरएवर सोसायटी, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी तथा अन्य संगठनों ने गौरैया संरक्षण के लिए कई कार्यक्रम चलाए हैं। स्थानीय समुदायों और कुछ स्वयंसेवी संगठनों द्वारा घरों और सार्वजनिक स्थानों पर गौरैया के लिए घोंसले बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन इन प्रयासों में तेजी लाने और इनका दायरा बढ़ाए जाने की बड़ी जरूरत है क्योंकि यदि हम अभी प्रयास नहीं करेंगे तो भविष्य में यह पक्षी केवल किताबों और कहानियों में ही बच पाएगा। इसलिए हमें मिलकर गंभीरतापूर्वक प्रयास करने होंगे ताकि गौरैया की चहचहाहट फिर से हमारे आंगन और बगीचों में गूंज सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अपने ही बुने जाल में फंसा अमेरिका

**अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव एक नए वैश्विक संघर्ष का संकेत दे रहा है, जिसमें खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर हमले, ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर गतिरोध और इजराइल के साथ परोक्ष युद्ध शामिल है। आने वाले समय में मध्य पूर्व में अस्थिरता, नए प्रतिबंध और क्षेत्र में बड़े सैन्य टकराव का जोखिम बढ़ने की आशंका है। ईरान समर्थित समूहों द्वारा अमेरिकी ठिकानों पर हमले जारी रहने से अमेरिका की ओर से और अधिक कठोर सैन्य प्रतिक्रिया की संभावना है। परमाणु कार्यक्रम को लेकर डील न होने पर अमेरिका द्वारा ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने या सैन्य हमला करने का दबाव है।**



**रोहिताश सिंह वर्मा**



तानाशाही और परमाणु हथियार बनाने का आरोप और इजरायल को ईरान के खिलाफ भड़काकर अमेरिका अब होने ही बुने जाल में फंस गया हैं, अब अमेरिका की हालत सांप के छछूंदर पकड़कर न निगलने वाली हों गई हैं, ए भी कह सकते हैं कि अमेरिका रणनीतिक जाल में फंसा महसूस कर रहा है, जहां से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। इजराइल के साथ मिलकर शुरू की गई सैन्य कार्रवाई के बाद से लगातार हमले बढ़ रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप अमेरिका की स्थिति एक ऐसी हड्डी जैसी हो गई है जिसे न उगला जा सकता है और न निगला। विशेषज्ञ राष्ट्रपति ट्रंप के इस कदम को एक ऐसे जाल के रूप में देख रहे हैं, जहां ईरान के साथ बातचीत के सारे रास्ते बंद हो चुके हैं।बारूदी सुरंगों के बीच फंसे अमेरिका के पास हथियारों की कमी और युद्ध की अनिश्चितता एक बड़ी चुनौती बन गई है। यह युद्ध सिर्फ ईरान तक सीमित न रहकर पूरे पश्चिम एशिया में फैल रहा है, जिससे स्ट्रेट ऑफ होर्मुज द्धैजतंपज वf भ्वतउन्रत्र पर हमलों के कारण वैश्विक तेल की कीमतों में भारी उछाल आ गया है, युवा सैनिकों को युद्ध में भेजने के मुद्दे पर अमेरिका में ही असहमति के स्वर उठ रहे हैं और पूर्व अधिकारियों के इस्तीफे भी सामने आ रहे हैं। रूसी हथियारों के दम पर ईरान आसानी से पीछे हटने वाला नहीं है, जिससे यह संघर्ष एक लंबी और विनाशकारी जंग में तब्दील हो रहा है। मार्च 2026 के मध्य तक चल रहे अमेरिका-ईरान संघर्ष में अब तक लगभग 1,500-2,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इसमें 1,300 से अधिक ईरानी, अमेरिकी सैनिक और इजरायल व खाड़ी देशों के अन्य नागरिक शामिल हैं। यह संघर्ष अभी भी जारी है, जिसमें हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव (2026) एक नए वैश्विक संघर्ष का संकेत दे रहा है, जिसमें खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर हमले, ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर गतिरोध और इजराइल के साथ परोक्ष युद्ध शामिल है। आने वाले समय में मध्य पूर्व में अस्थिरता, नए प्रतिबंध और क्षेत्र में बड़े सैन्य टकराव का जोखिम बढ़ने की आशंका है। ईरान समर्थित समूहों द्वारा अमेरिकी ठिकानों पर हमले जारी रहने से अमेरिका की ओर से और अधिक कठोर सैन्य प्रतिक्रिया की संभावना है। परमाणु कार्यक्रम को लेकर डील न होने पर अमेरिका द्वारा ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने या सैन्य हमला करने का दबाव है। इस लड़ाई में अरब देश, जैसे कतर और बहरीन, अमेरिकी और इजरायली खेमे में और मजबूती से जुड़ सकते हैं, जिससे क्षेत्र में ईरानी प्रभाव को कम करने का प्रयास होगा। ईरान और अमेरिका के बीच ड्रोन हमलों के अलावा, बुनियादी ढांचे (जैसे जल संयंत्रों) को निशाना बनाकर जल युद्ध का खतरा भी बढ़ रहा है। इस युद्ध से ऐसा लग रहा हैं कि अमेरिका और ईरान के संबंध आने वाले समय में तनावपूर्ण बने रहेंगे और इसके सीधे असर मध्य पूर्व की सुरक्षा और तेल आपूर्ति पर पड़ने की सम्भावना हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिका-ईरान युद्ध और भारत को लेकर पूर्व सैनिकों की चिंता





**रजनीश कपूर**

आज की दुनिया की सबसे बड़ी चिंता है . तेल का दाम। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और हर चीज महंगी हो रही है। क्यों? क्योंकि अमे. रिका और इजराइल ने मिलकर ईरान पर हमला कर दिया। मार्च 2026 की शुरुआत में ही सुप्रीम लीडर अली खामेनी समेत ईरान के कई बड़े नेता मारे गए। ईरान ने जवाब दिया, मिसाइलें और ड्रोन दागे। अब युद्ध दो सप्ताह से ज्यादा चल रहा है। तेल 110 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। होर्मुज की खाड़ी, जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत तेल गुजरता है, को बंद किए जाने का खतरा भी मंडरा रहा है।

दुनियाभर के युद्ध व कूटनीति विशेषज्ञ इस पूरे मामले को लेकर काफी गंभीर हैं। भारत के बात करें तो रिटायर्ड मेजर जनरल जीडी बख्शी स्पष्ट शब्दों में इस युद्ध का विश्लेषण कर रहे हैं। सोशल मीडिया और टीवी पर उन्होंने बार-बार कहा, यह हमला गलत था। अमेरिका-इस्राईल ने ईरान को बहुत कम आंका। जनरल बख्शी ने अपने एक पोस्ट में लिखा, सब सोच रहे थे कि ए केकवॉक होगा। लेकिन मैंने शुरू से चेता. वनी दी थी कि ईरान को कम मत समझो। यह असम. मित युद्ध लड़ेगा। एक टीवी इंटरव्यू में उन्होंने सरल भाषा में समझाया कि क्या गलती हुई। ईरान के पास सस्ते ड्रोन (20,000 डॉलर का एक) हैं, जबकि अमेरिका-इजराइल के महंगे इंटरसेप्टर मिसाइल (20 लाख डॉलर का एक) खत्म हो रहे हैं। ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइलें दागीं, जो रडार से बच सकती हैं। इन मिसाइलों ने कतर के रडार, थाड बैटरी, अमे. रिकी बेस और इजराइल के कई शहरों पर हमले किए। 15 दिन में 650 मिसाइलें और 2600 ड्रोन तबाह हुए, 21 अमेरिकी सैनिक मारे गए। इस सबका अंदाजन खर्च करीब 21 अरब डॉलर से ज्यादा हुआ। जनरल बख्शी के अनुसार, ट्रंप ने सोचा था कि खामेनी मरते ही युद्ध खत्म हो जाएगा। लेकिन ईरान का हौसला बहुत ऊंचा है। 8 साल के ईरान-इराक युद्ध में 10 लाख मौतें हुई, फिर भी ईरान नहीं झुका। अब ए अस्तित्व की लड़ाई है। वे आगे कहते है, होर्मुज खाड़ी बंद करने से पूरी दुनिया में मंदी आ जाएगी। तेल 150 डॉलर से भी ऊपर जा सकता है। अमेरिका के लिए बॉडी बैग्स सैनिकों की मौत मिडटर्म चुनाव में आफत बन सकती है। ट्रंप फंस गए हैं। यह युद्ध शुरू करना आसान था, लेकिन खत्म करना मुश्किल। ए 21वीं सदी का सबसे बड़ा संघर्ष है। एकध्रुवीय दुनिया खत्म हो रही है। बहुध्रुवीय दुनिया मजबूत हो रही है। साधारण भारतीय के लिए यह युद्ध दूर की बात नहीं। हम दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक हैं। 80 प्रतिशत तेल बाहर से आता है। यदि होर्मुज बंद हुआ तो पेट्रोल 150-200 रूपए लीटर हो जाएगा। रसोई गैस भी महंगी हो जाएगी। वहीं खाड़ी देशों में काम करने वाले 9 लाख भारतीयों की नौकरी भी खतरे में आ जाएगी। ईरान के साथ भारत का चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट ठप पद सकता है। अफगानिस्तान और मध्य एशिया का मार्गभी बंद हो सकता है। महंगाई आम आदमी की जेब काटेगी। गौरतलब है कि भारत ने हमेशा युद्ध की स्थिति में संत. ुलन बनाए रखा है। इस युद्ध की बात करे तो, ईरान से हमें सस्ता तेल, इजराइल से हथियार और टेक्नोलॉजी और अमेरिका से व्यापार मिलता रहा है। लेकिन इस बार मोदी सरकार ने अमेरिका-इजराइल के साथ खुलकर खड़ा होने का फैसला किया। प्रधानमंत्री मोदी फरवरी में इजराइल गए। वहां उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहूके साथ ह्स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की घोषणा की। युद्ध शुरू होते ही भारत ने ईरान के हमलों की निंदा की। खाड़ी देशों के राजाओं को फोन कर समर्थन जताया। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के खिलाफ प्रस्ताव कासमर्थन किया। खामेनी की मौत पर ईरानी दूतावास में श्रद्धांजलि देरी से दी। जानकार मानते हैं कि भारत का ए फैसला गलत था, क्योंकि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता खतरे में पड़ गई। हम BRICS के अध्यक्ष हैं। रूस-चीन-ईरान हमारे साथी हैं। लेकिन अमेरिका के दबाव में हम ईरान के खिलाफ खड़े हो गए। भारत इजराइल और ईरान से अच्छे संबंध रखता है। हम युद्धविराम का मध्यस्थ बन सकते हैं। लेकिन सरकार ने मध्यस्थता की बजाय एक तरफा रुख अपनाया।

भारत को तटस्थ रहना चाहिए था। दोनों पक्षों से बात कर युद्धविराम की अपील करनी चाहिए थी। मोदी जी को इजराइल जाने के बजाय दोनों देशों के नेताओं से फोन पर बात करनी चाहिए थी। संयुक्त राष्ट्र में 'शांति और संवाद' का प्रस्ताव लाना चाहिए था। ईरान से तेल खरीदना जारी रखना चाहिए था। चाबहार प्रोजेक्ट को मजबूत करना चाहिए था। सरकार ने सोचा कि अमे. रिका-इजराइल के साथ खड़े होने से फायदा होगा। लेकिन भूल गए कि ईरान हमारा पुराना दोस्त है। चाबहार बंदरगाह अमेरिका के खिलाफ हमारा रणनी. तिक कदम था। सस्ता ईरानी तेल हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करता था। अब तेल महंगा होने से मुद्रास्फीति बढ़ेगी। विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ पड़ेगा। यदि भारतफन्ाक और ठत्प्ैदोनों का सदस्य है तो हमारी आवाज दोनों तरफ सुनी जाती, लेकिन क्या एक तरफा रुख अपनाकर हमने अपनी ताकत कम कर दी? मेजर जनरल बख्शी के अनुसार, यह मूर्खतापूर्ण युद्ध है। यह जल्द खत्म हो। भारत को अब अपनी गलती सुधारनी चाहिए। तटस्थ रहकर शांति की बात करनी चाहिए। ईरान से संबंध वापसी सुधारने चाहिए। तेल आयात के वैकल्पिक रास्ते तलाशने चाहिए। भारत की विदेश नीति हमेशा ह्सभी के साथ, किसी के खिलाफ नहीं रही है। मोदी सरकार को इस सिद्धांत पर लौटना चाहिए। क्योंकि अंत में भारत का हित सबसे ऊपर है। सस्ता तेल, सुरक्षित नौकरियां और मजबूत अर्थव्यवस्था। युद्ध में किसी एक का पक्ष नहीं, बल्कि शांति का पक्ष लेना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



**राजौरी। जम्मू-कश्मीर में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके लाल गुलाम पुल से गुजरता वाहन।**

## ईरान ने अमेरिका-इजरायल को गुप्त जानकारी देने के दोषी तीन को फांसी दी

**तेहरान।** ईरान ने पुलिस अधिकारियों की हत्या करने और इस साल की शुरुआत में हुई अशांति के दौरान अमेरिका और इजरायल के समर्थन में गति. विधियों को अंजाम देने के दोषी करार दिए गए तीन लोगों को गुरुवार को फांसी दे दी। ये सजाएं ऐसे समय में दी हैं, जब इजरायल-अमेरिका से ईरान का संघर्ष 20वें दिन में प्रवेश कर चुका है। न्यायपालिका की वेबसाइट 'मीजान ऑनलाइन' के अनुसार, इन तीनों व्यक्तियों को जनवरी की अशांति में शामिल होने के लिए सजा सुनाई गई थी। उन पर हत्या और 'जायोनी शासन' तथा अमेरिका के पक्ष में काम करने का आरोप था।

## कतर पर दोबारा हमला हुआ, तो पूरा गैस फील्ड उड़ा देंगेः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** इजरायल द्वारा बुधवार रात ईरान के एक महत्वपूर्ण गैस केंद्र 'साउथ पार्स गैस फील्ड' पर हमला करने पर जवाबी हमले में ईरान ने कतर में एक प्रमुख एलएनजी सुविधा पर जवाबी हमला करने पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान की चेतावनी दी कि अगर कतर पर दोबारा हमला हुआ तो वे उसका पूरा गैस फील्ड को उड़ा देंगे जो ईरान ने कभी सोचा नहीं होगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ईरान ने कतर के रास लाफान औद्योगिक क्षेत्र सहित पड़ोसी देशों के ऊर्जा केंद्रों पर मिसा. इल और ड्रोन हमले किए, जिससे वहां की एलएनजी सुविधाओं को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। अमे. रिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने साउथ पार्स गैस फील्ड पर इजरायल के हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि पश्चिमी एशिया में जो कुछ भी हुआ है, उससे 'गुस्से में आकर' इजरायल ने हिसक तरीके से ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड पर हिसक हमला किया है।

# टैरिफ गेम का पड़ रहा अमेरिका में उलटा असर

## अमेरिकी उद्योगों को नुकसान, देश का श्रमिक वर्ग भी नाराज




**■ उद्योगपतियों ने उठाए सवाल कंपनियों के लिए योजना बनाना भी मुश्किल**

**वाशिंगटन।** पूरी दुनिया में टैरिफ लगाकर अमेरिकी जजों की भी निंदा करने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को इस मुद्दे पर अपने ही देश में अपने ही प्रशंसकों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इसका कारण ट्रम्प के लगाए टैरिफ से देश के उद्योगों व निर्माताओं को मदद मिलने के बजाय नुकसान होना है।

टैरिफ के फैसले से अमेरिका में कई उद्योग और कारोबार इन दिनों अच्छे-खासे नुकसान में हैं। इससे अमेरिकी विनिर्माण को भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे हैं। श्रमिक वर्ग भी इस फैसले से आहत है। ट्रम्प के समर्थक उद्योग. पति जे. एलन ने कहा कि उद्योग. पतियों ने इस भरोसे के साथ ट्रम्प को वोट दिया था कि रिपब्लिकन नेता करों में कटौती और नियमों में ढील देंगे, जिससे उनके विनिर्माण व्यवसाय को मदद मिलेगी। लेकिन ट्रम्प के आर्थिक एजेंडे के मूल में मौजूद टैरिफ ने उनकी कंपनी एलन इंजीनियरिंग कार्प को चौपट किया है। आयात करों ने विदेशों में बने इंजनों, स्टील, गियरबाक्स और क्लच की लागत भी बढ़ा दी है।

इसके चलते पावर ट्रावेल निर्माण के दाम एक लाख डालर तक हो सकते हैं। ट्रम्प ने टैरिफ को अमेरिकी कारखानों की मदद करने वाला बताया था लेकिन देखने में आ रहा है कि वे वास्तव में देशभर के कई उद्योगों और उत्पादन इकाइयों को कुचल रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन फरवरी में सुप्रीम कोर्ट से अवैध घोषित आयात करों के स्थान पर नए टैरिफ बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है। इससे हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। देश के विनिर्माण उद्योगपति क्रेसन क्रू ने कहा कि टैरिफ के कारण उन्होंने 2025 में अपनी कंपनी को घाटे में चलाया। उनके यहां कर्मचारियों की संख्या 205 से घटकर 140 रह गई। बिक्री में कमी पर भी उन्होंने कीमतें 8-10 प्रतिशत बढ़ाई हैं। अगले दशक में संघीय घाटे में वृद्धि होने का अनुमान है। आर्थिक नीति समूह एम्प्लाई अमेरिका के ईडी स्कंदा अमरनाथ ने कहा, ट्रम्प के टैरिफ से विनिर्माण में कोई वृद्धि नहीं दिखती। इस क्षेत्र में कोई नया पुनर्जागरण भी नहीं हो रहा है। टैरिफ पर अनिश्चितता ने निवेश को हतोत्साहित किया है। टैरिफ लगाने के लिए कांग्रेस को दर. कनार करने से छोटी विनिर्माण कंपनियों को योजना बनाना भी मुश्किल कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जान राबर्ट्स ने चेताया कि संघीय जजों की निजी आलोचना खतरनाक है और इसे रोकना होगा। यह चेतावनी उन्होंने राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा प्रशासन के खिलाफ फैसला सुनाने वाले एक संघीय जज को सनकी, नीच, बेईमान और पूरी तरह से बेकाबू कहने के दो दिन बाद दी। राबर्ट्स ने ट्रम्प या किसी और को निशाना बनाने से परहेज किया और जोर दिया कि जजों पर हमले किसी एक राजनीतिक कृष्टिकोण से नहीं हो रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कतर ने रास लाफान ऊर्जा केंद्र पर मिसाइल हमले की निंदा की

**दोहा।** कतर के विदेश मंत्रालय ने रास लाफान औद्योगिक शहर पर हुए हमलों की निंदा करते हुए इस हमले को संप्रभुता का उल्लंघन बताया है और चेतावनी दी कि उसके पास जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित है। रस लाफान कतर का प्रमुख एलएनजी उत्पादन केंद्र है, जहां गैस प्रसंस्करण, शोधन एवं बिजली उत्पादन की प्रमुख सुविधाएं स्थित हैं। इसका बंदरगाह विश्व के सबसे बड़े औद्योगिक ऊर्जा परिसरों में से एक है और दुनिया का सबसे बड़ा एलएनजी निर्यात टर्मिनल शामिल है।

### पेंटागन ने ईरान युद्ध में लागत बढ़ने के कारण 200 अरब डॉलर की मांग की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने व्हाइट हाउस से ईरान युद्ध का समर्थन करने के लिए 200 अरब डॉलर से अधिक धनराशि के अनुरोध को मंजूरी देने के लिए कहा है। यह जानक. ारी स्पूतनिक ने वाशिंगटन पोस्ट के हवाले से गुरुवार को दी। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, यह अनुरोध मौजूदा खर्च से कहीं अधिक होगा और एक ऐसी राशि है जिसका कांग्रेस में कड़ा विरोध हो सकता है।

### विक्रम के दुरई स्वामी को चीन में भारत का राजदूत नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** चीन के साथ संबंधों के फिर से धीरे-धीरे पटरी पर लौटने के बीच भारत ने ब्रिटेन में उच्चायुक्त विक्रम के दुरई स्वामी को चीन में अपना नया राजदूत नियुक्त किया है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर बताया कि ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम के दुरई स्वामी को चीन में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 1992 बैच के वरिष्ठ अधिकारी दुरई स्वामी, प्रदीप कुमार रावत का स्थान लेंगे। दुरई स्वामी इससे पहले भी बीजिग में भारतीय दूतावास में काम कर चुके हैं।

# बैकफुट पर आए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प

## कहाः इजरायल अब ईरान के मुख्य गैस केंद्र पर हमला नहीं करेगा, युद्ध के दौरान पहली बार बदले सुर



**■ इजरायल ने ईरान के दक्षिण पार्स गैस फील्ड पर हमला किया है, जिसे ईरान की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा आपूर्ति की 'रीढ़' माना जाता है**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि इजरायल अब ईरान के मुख्य गैस केंद्र पर हमला नहीं करेगा। ट्रम्प के इस बयान को उनका एहतियाती कदम माना जा रहा है। विश्लेषक मान रहे हैं कि इस युद्ध के दौरान पहली बार ट्रम्प बैकफुट पर नजर आ रहे हैं। इस जंग के दौरान ईरान की वायुसेना, नौसेना, उसके अहम सैन्य ठिकानों और परमाणु केंद्रों को पूरी तरह तबाह करने की धमकी ट्रम्प देते रहे हैं।

हालांकि, इजरायल की ओर से ईरान की गैस फील्ड पर एक वार और उसके बाद ईरान के कतर पर पलटवार ने ट्रम्प को एहतियाती बयान जारी करने को मजबूर कर दिया। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर डोनाल्ड ट्रम्प को यह कहना पड़ गया कि इजरायल का हमला उनकी जानकारी के बिना हुआ। इजरायल ने ईरान के दक्षिण पार्स गैस फील्ड पर हमला किया है, जिसे ईरान की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा आपूर्ति की 'रीढ़' माना जाता है। यह ईरान और कतर के बीच साझा की जाने वाली दुनिया की सबसे बड़ा गैस फील्ड है, जो फारस की खाड़ी के नीचे लगभग 9700 वर्ग किलोमीटर में फैली है। इसमें लगभग 1800 ट्रिलियन क्यूबिक फीट गैस मौजूद है, जो दुनिया के कुल प्रमाणित गैस भंडार का करीब 8 प्रतिशत है। यह मात्रा पूरी दुनिया की 13 से ज्यादा वर्षों की ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त मानी जाती है। ईरान का 70-75 प्रतिशत गैस का उत्पादन यहीं से होता है और देश की करीब 80 प्रतिशत बिजली भी इसी प्राकृतिक गैस का उपयोग करके पैदा की जाती है। इजरायल के हमले के जवाब में ईरान ने पश्चिम एशिया में एक अहम ऊर्जा केंद्र के तौर पर पहचाने जाने वाले कतर के कुछ ऐसे ठिकानों पर हमला किया, जिनसे दुनिया की गैस आपूर्ति ठप पड़ जाने का खतरा पैदा हो गया। इसी के बाद ट्रम्प ने कहा कि उन्हें इजरायली हमले की जानकारी नहीं थी और आगे इजरायल दक्षिण पार्स गैस फील्ड को निशाना नहीं बनाएगा। ईरान ने कतर के रास लफ्फान इंडस्ट्रियल सिटी पर मिसाइल हमले किए, जो कतर का एक बेहद अहम तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) और ऊर्जा केंद्र है। कतर दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत एलएनजी मांग को अकेले पूरा करता है। इस हमले से यूरोप और एशिया को होने वाले सालाना लगभग 7.7 करोड़ टन एलएनजी निर्यात पर गंभीर खतरा पैदा हो गया। कतर एनर्जी की ओर से जारी बयान के मुताबिक, ईरानी मिसाइल हमले के कारण रास लफ्फान काम्प्लेक्स में आग लग गई और प्लांट को व्यापक नुकसान पहुंचा है जिसके कारण वहां उत्पादन रोकना पड़ा।

यह काम्प्लेक्स करीब 295 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और ये अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर का एक-तिहाई है। अमे. रिकी मीडिया समूह एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक, रास लफ्फान परिसर पर हुए हमले के बाद कतर के शीर्ष नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बात की। इस बात. चीत के बाद ही ट्रम्प ने कहा कि इजरायल अब ईरान की दक्षिण पार्स गैस फील्ड पर हमले नहीं करेगा। इस पूरे घटनाक्रम में अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भूमिका काफी अहम रही है। एक्सिओस के मुता. बिक, ट्रम्प ने सार्वजनिक तौर पर जो दावे किए, अंदरखाने की सच्चाई उससे बिल्कुल अलग थी। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर दावा किया था कि अमेरिका को इस हमले के बारे में कोई जानकारी नहीं थी और इजरायल ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर गुस्से में आकर यह हमला किया है, लेकिन, अमेरिकी और इजरायली अधिकारियों ने एक्सिओस से कहा कि साउथ पार्स गैस फील्ड पर किया गया हमला पूरी तरह से व्हाइट हाउस की सहमति और पूर्व-समन्वय के साथ किया गया था।

## ईरान के तेल से बैन हटा सकता है अमेरिका

**■ ओमान बोलाः ईरान से जंग ट्रम्प की सबसे बड़ी गलती, अमेरिका की फॉरेन पॉलिसी पटरी से उतरी**

**तेहरान।** जंग के बीच अमेरिका ईरान के तेल पर लगे बैन में ढील दे सकता है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि ट्रम्प सरकार ईरान से जो तेल पहले से बाहर जा रहा है, उस पर लगी पाबंदियां कुछ समय के लिए हटा सकती है। ईरान पर भले ही अमेरिकी पाबंदियां लगी हों, लेकिन फिर भी ईरान कुछ देशों को चोरी-छिपे या खास तरीकों से तेल बेच रहा है। अब अमे. रिका यह सोच रहा है कि जो तेल वैसे भी बाजार में आ रहा है, उस पर लगी पाबंदियों को कुछ समय के लिए ढीला कर दिया जाए, ताकि सप्लाई खुलकर बढ़ सके और कीमतें कम हो सकें। इसी बीच ओमान ने इस जंग को लेकर अमेरिका पर तीखा हमला बोला है। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने ईरान के साथ जंग को ट्रम्प सरकार की 'सबसे बड़ी गलती' बताया है। उन्होंने कहा कि यह जंग वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा रही है। अलबुसैदी ने यह भी कहा कि अमेरिका की विदेश नीति पटरी से उतरती दिख रही है और इस संघर्ष से किसी पक्ष को फायदा नहीं होगा।

# ईरान ने कतर, कुवैत, यूएई से अपने नुकसान का मुआवजा मांगा

**■ यह पत्र रियाध (सऊदी अरब) में इस्लामिक और खाड़ी देशों के 12 विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद आया है**
**■ कतर, कुवैत व यूएई द्वारा हमलावरों को दी गई सहायता के परिणामस्वरूप, ईरान में हजारों नागरिकों और नागरिक ठिकानों को निशाना बनायाः इरावनी**

**न्यूयॉर्क।** ईरान ने गुरुवार को कतर, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर अमेरिकी और इजरायली हमले के लिए अपनी धरती को उपलब्ध कराने हेतु तीखा हमला बोला है और सभी प्रकार के नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत और स्थाई प्रतिनिधि आमिर सईद इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को लिखे एक पत्र में कहा कि 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ हमले की शुरुआत के बाद से, कतर और कुछ अन्य पड़ोसी देशों के क्षेत्र का उपयोग ईरान के खिलाफ हमले करने के लिए किया गया है।

यह पत्र रियाध (सऊदी अरब) में इस्लामिक और खाड़ी देशों के 12 विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद आया है, जिसमें पड़ोसी खाड़ी देशों पर ईरान के हमलों की कड़ी निंदा की गई थी। इरावानी ने कहा कि हमलावरों को अपनी धरती को उपलब्ध कराने के अवैध कृत्य के बारे में पहले कतर के अधिकारियों को सूचित किया था और इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के आधिकारिक दस्तावेज के रूप में भी प्रकाशित किया गया था। ईरानी राजदूत ने कहा कि कतर, कुवैत और यूएई द्वारा हमलावरों को दी गई सहायता के परिणामस्वरूप, उन्होंने ईरान में हजारों नागरिकों और नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि ये कार्य आपसी सम्मान और अच्छे पड़ोस के सिद्धांतों का घोर उल्लंघन हैं। इरावानी ने कहा कि ईरान, आत्मरक्षा के अपने अंतर्निहित अधिकार के तहत यह मानता है कि उस पर हमले के लिए इस्तेमाल किए जा रहे किसी भी सैन्य अड्डे को निशाना बनाना वैध है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी (एमएनए) के अनुसार, इरावानी ने चेतावनी दी कि ईरान आगे नागरिकों को क्षति पहुंचाने वाले हमलों को रोकने के लिए आवश्यक और उचित उपाय करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है। इरावानी ने कहा कि ईरान ने हमेशा खाड़ी देशों के साथ अच्छे पड़ोस के सिद्धांत का पालन किया है। हालांकि, दुर्भाग्य से, कतर, यूएई और कुवैत द्वारा इस सिद्धांत पर विचार नहीं किया गया है।

## कतर ने राष्ट्रपति सुरक्षा के लिए 'सीधे खतरे' को लेकर राष्ट्रसंघ से की अपील

**■ कतर की वायु रक्षा प्रणालियों ने 28 फरवरी से 16 मार्च के बीच कई दुश्मन हवाई लक्ष्यों को रोका**

**दोहा।** कतर ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष से संपर्क कर अपने क्षेत्र पर जारी ईरानी हमलों के कारण अपनी सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता के लिए 'राष्ट्रीय संप्रभुता के घोर उल्लंघन और सीधे खतरे' के रूप में वर्णित चिंताओं को उठाया है।

संयुक्त राष्ट्र को भेजा गया कतर का यह नवां पत्र है। इस पत्र में कतर ने कहा है कि कथित कार्रवाई उसकी संप्रभुता का 'घोर उल्लंघन' हैं और उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा तथा क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सीधे खतरा पैदा करती हैं। यह पत्र संयुक्त राष्ट्र में कतर की स्थाई प्रतिनिधि शेखा आलिया अहमद बिन सैफ अल-थानी ने पेश किया है। पत्र के अनुसार, कतर की वायु रक्षा प्रणालियों ने 28 फरवरी से 16 मार्च के बीच कई दुश्मन हवाई लक्ष्यों को रोका। इसमें यह भी बताया गया कि इन घटनाओं के परिणामस्वरूप नागरिक घायल हुए हैं, हालांकि हताहतों के विवरण पर अधिक जानकारी तुरंत प्रदान नहीं की गई है। पत्र में इस बात पर जोर दिया गया कि ईरान के ये हमले सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 (2026) को अपनाए जाने के बाद भी जारी रहे। इस प्रस्ताव का 136 देशों ने समर्थन किया था। इसमें कतर और पड़ोसी देशों पर ईरान के जघन्य हमलों की कड़े से कड़े शब्दों में निंदा की गई थी।

## आईएफएफडी करेगा दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को सम्मानित

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ दिल्ली (आईएफएफडी) में दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को सम्मानित किया जाएगा। इस फिल्म फेस्टिवल में दर्शकों के लिए जहां एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी वहीं दिग्गज कलाकारों को भी देखने, सुनने का मौका मिलेगा। 25 से 31 मार्च 2026 तक भारत मंडपम में आयोजित होने वाले इस फेस्टिवल दिल्ली में हिंदी सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को सम्मानित किया जाएगा। भारतीय सिनेमा की सबसे कालजई पहचान मानी जाने वाली शर्मिला टैगोर को यह सम्मान उनके दशकों लंबे करियर और सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया जा रहा है।

# पाक मिसाइलों से अमेरिका को खतराः तुलसी गबार्ड

## अमेरिकी इंटेलिजेंस चीफ ने कहाः रूस-चीन इसी कैटेगरी में



**■ 10 साल बाद 16000 मिसाइलें अमेरिका तक हमला कर सकेंगी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने कहा है कि पाकिस्तान ऐसी लंबी दूरी की मिसाइलें बना रहा है जो भविष्य में अमेरिका तक हमला कर सकती हैं। उन्होंने वाशिंगटन डीसी में एक मीटिंग के दौरान बताया कि आने वाले समय में दुनिया में खतरनाक मिसाइलों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ सकती है। इंटेलिजेंस कम्यूनिटी (आईसी) का आंकलन है कि अभी करीब 3,000 मिसाइलें ऐसी हैं जो अमे. रिका तक हमला कर सकती हैं, लेकिन 2035 तक ये बढ़कर 16000 से ज्यादा हो सकती हैं। गबार्ड के मुताबिक, रूस, चीन, नार्थ कोरिया, ईरान और पाकिस्तान जैसे देश नई-नई मिसाइल तकनीक और हथियार बना रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि पाकिस्तान ऐसी इंटरकान्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) बना सकता है, जो बहुत दूर तक मार कर सकती है। वहीं ईरान भी 2035 से पहले ऐसी मिसाइल बना सकता है। गबार्ड ने चीन और रूस को सबसे बड़ा और लगातार खतरा बताया। उनके मुताबिक, ये देश ऐसी उन्नत तकनीक विकसित कर रहे हैं जो अमेरिकी मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भेद सकती हैं। उन्होंने उत्तर कोरिया के साइबर खतरे का भी जिक्र किया और कहा कि 2025 में उसने क्रिप्टोकरेंसी चोरी के जरिए करीब 2 बिलियन डॉलर जुटाए, जिससे उसके हथियार कार्यक्रम को फंड मिला। सुनवाई के दौरान ईरान के साथ संभावित युद्ध और पहले दी गई खुफिया जानकारी पर गबार्ड ने सवालों का सीधा जवाब देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वे आंतरिक चर्चाओं का खुलासा नहीं कर सकतीं। साथ ही यह भी चिंता जताई गई कि अगर ईरान पर हमला होता है तो वह होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर सकता है, जो वैश्विक तेल और गैस सप्लाई का अहम मार्ग है। तुलसी गबार्ड ने रिपब्लिकन राष्ट्रपति को दी गई खुफिया जानकारी के बारे में पूछे गए सवालों को बार-बार टाल दिया। इससे डेमोक्रेट नाराज हो गए। सीनेट खुफिया समिति के शीर्ष डेमोक्रेट, वर्जीनिया के सीनेटर मार्क वार्नर ने गबार्ड से पूछा कि क्या उन्होंने ट्रम्प को सलाह दी थी कि अगर ईरान को अमेरिकी हमलों का निशाना बनाया गया तो वह खाड़ी देशों पर हमला करेगा और होर्मूज स्ट्रेट को बंद कर देगा।

# 12 इस्लामिक देशों ने पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों की निंदा की

## संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के अनुसार राज्यों के आत्मरक्षा के अधिकार की पुष्टि भी की गई



**■ प्रिंस फैसल ने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ने पर सऊदी अरब को आवश्यक कदम उठाने का अधिकार है और इस बात पर बल दिया कि उचित समय पर सही निर्णय लिए जाएंगे**

**रियाध/नई दिल्ली।** अरब और इस्लामी देशों के 12 विदेश मंत्रियों ने पड़ोसी देशों पर ईरानी हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि ऐसे हमलों को किसी भी बहाने से उचित नहीं ठहराया जा सकता है। अजरबैजान, बहरीन, मिस्र, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, पाकिस्तान, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों ने गुरुवार को रियाध में एक बैठक की और तत्काल शत्रुता समाप्त करने एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान करने का आह्वान किया।

इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के अनुसार राज्यों के आत्मरक्षा के अधिकार की पुष्टि भी की गई है। बैठक के बाद जारी एक बयान में, विदेश मंत्रियों ने तेल सुविधाओं, विलवणीकरण संयंत्रों, हवाई अड्डों, आवासीय स्थलों, राजनयिक मिशनों सहित आवासीय क्षेत्रों एवं नागरिक अवसंरचना को निशाना बनाकर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन के सुनियोजित ईरानी हमलों की निंदा की है। सऊदी अरब के दूसरे सबसे बड़े अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र, सऊदी गजट के अनुसार, उन्होंने ईरान से तत्काल अपने हमलों को रोकने, अंतर्राष्ट्रीय कानून एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का सम्मान करने, क्षेत्रीय स्थिरता को बहाल करने और तनाव कम करने की दिशा में पहले कदम के रूप में अच्छे पड़ोसी होने के सिद्धांतों का पालन करने का आह्वान किया। सऊदी गजट के अनुसार, विदेश मंत्रियों ने इस बात पर बल दिया कि ईरान के साथ संबंधों का भविष्य अन्य देशों की संप्रभुता के सम्मान, उनके आंतरिक मामलों में गैर-हस्तक्षेप और पड़ोसी देशों को धमकाने के लिए सैन्य क्षमताओं का उपयोग करने से परहेज करने पर निर्भर करता है। उन्होंने ईरान से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 (2026) का पालन करने, सभी हमलों को तुरंत रोकने और किसी भी उकसावे वाली कार्रवाई से बचने का भी आग्रह किया, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतर्राष्ट्रीय नौवहन को बंद करने, बाधित करने या बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य में समुद्री सुरक्षा को कमजोर करने की धमकी शामिल है।

बैठक के बाद आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद ने कहा कि ईरान पर भरोसा पूरी तरह से टूट चुका है और उसके मौजूदा व्यवहार को देखते हुए तेहरान को भागीदार नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि ईरान की कार्रवाइयां दर्शाती हैं कि वह पड़ोसी देशों के साथ वास्तविक संवाद में विश्वास नहीं रखता बल्कि दबाव और राजनीतिक एवं सुरक्षा संबंधी दबाव पर निर्भर है। उन्होंने पड़ोसी देशों और समुद्री नौवहन पर ईरानी हमलों को एक खतरनाक प्रसार एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन बताया जो क्षेत्रीय सुरक्षा एवं स्थिरता को कमजोर करने के उद्देश्य से एक निरंतर रणनीति को दर्शाता है।

## ईयू विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने की ईरान युद्ध को रोकने की अपील

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने ईरान युद्ध को तत्काल समाप्त करने और तनाव कम करने की पुरजोर वकालत की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह संघर्ष जारी रहा, तो इससे न केवल पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ेगी, बल्कि यूक्रेन में रूस के खिलाफ जारी प्रयासों को भी गहरा धक्का लगेगा। कल्लास ने गुरुवार को यूरोपीय परिषद के शिखर सम्मेलन से पहले ब्रुसेल्स में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ईरान युद्ध से बाहर निकलना अब अनिवार्य हो गया है। कल्लास ने तर्क दिया कि इस युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार का स्वरूप बदल रहा है, जिसका अप्रत्यक्ष लाभ मॉस्को को मिल रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मध्य पूर्व के इस संघर्ष को समाप्त करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि यूक्रेन युद्ध का समाधान खोजना। उनके अनुसार, रूस इस स्थिति का फायदा उठा रहा है, इसलिए यूक्रेन को समर्थन दिखाना और इस युद्ध को रोकना बेहद जरूरी है ताकि कीव को रूस के सामने पूरी तरह आत्मसमर्पण न करना पड़े।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108